सूर्योदय 06:14 AM सूर्यास्त 05:26 PM
अधिकतम 33 Degree न्यूनतम 23 Degree
सोना 81, 075 Rs.
चांदी 98, 000 Rs.

www.swatantrabaat.com

हिन्दी दैनिक

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र बात

R.N.I. No. UPHIN/2010/36179 लखनऊ संस्करण जन जन की आवाज स्वतंत्र बात

डाक पंजीयन संख्या LW/NP-142/2022-2024

खबरों एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें:- मो0 7007147353 Swatantrabaat@gmail.com

वर्ष. 15 अंक. 319 लखनऊ, मंगलवार, 29 अक्टूबर 2024 Swatantrabaat@gmail.com पृष्ठ. 8 मूल्य 2:00 रुपये

पृष्ठ 4 उच्च मुद्रास्फीती के बीच मंदी का साया...
पृष्ठ 5 तथागत ज्ञानस्थली सीनियर सेकेंडरी स्कूल....
पृष्ठ 8 निशुल्क हृदय रोग हेल्थ कैंप का आयोजन...

संप्रदाय भी पूछ सकती है सरकार, 2028 में पूरा होगा परिसीमन

# देश में अगले साल से शुरू होगी जनगणना!

(एजेंसी)

नई दिल्ली। भारत में पिछली बार जनगणना 2011 में हुई थी। अगला चरण 2021 में शुरू होना था, लेकिन कोविड-19 की दूसरी लहर के कारण इसमें देरी हो गई। तब से, इस बारे में कई सवाल पूछे जा रहे हैं कि अगली जनगणना के आंकड़े कब प्रकाशित किए जाएंगे। सरकार चार साल की देरी के बाद 2025 में जनगणना शुरू करने जा रही है। सूत्रों ने सोमवार को इसकी जानकारी दी है। यह प्रक्रिया 2025 में शुरू होगी और 2026 तक जारी रहने की उम्मीद है। सूत्रों ने बताया कि जनगणना के बाद लोकसभा सीटों का परिसीमन शुरू होगा और यह काम 2028 तक पूरा होने की संभावना है।

यह घटनाक्रम कई विपक्षी दलों द्वारा जाति जनगणना की मांग के बीच हुआ है। हालांकि, सरकार ने अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया है और जनगणना प्रक्रिया का विवरण अभी तक सार्वजनिक नहीं किया गया है। भारत में पिछली बार जनगणना 2011 में हुई थी। अगला चरण 2021 में शुरू होना था, लेकिन कोविड-19 की दूसरी लहर के कारण इसमें देरी हो गई। तब से, इस बारे में कई सवाल पूछे जा रहे हैं कि अगली जनगणना के आंकड़े कब प्रकाशित किए जाएंगे। सरकार जनगणना रिकॉर्ड करने की तैयारी में जुटी हुई है। कुछ राजनीतिक दलों द्वारा जाति जनगणना की मांग के बावजूद, सूत्र बता रहे हैं कि फिलहाल सरकार की जाति जनगणना की अनुमति देने की कोई योजना नहीं है। दरअसल, मौजूदा फॉर्म में, जहां सर्वेक्षण करने वाला हर व्यक्ति अपना नाम, विवरण, पारिवारिक विवरण आदि प्रकाशित करता है, वहीं उसके पास धर्म का विवरण दर्ज करने का विकल्प होता है। एक और कॉलम है जो उन्हें अनुसूचित जनजाति या अनुसूचित जाति (एससीध्एसटी) के रूप में पहचानता है। फॉर्म में एकमात्र अतिरिक्त बात यह होगी कि सर्वेक्षण करने वाले लोगों को अपने धर्म के तहत अपने संप्रदाय का उल्लेख करने की अनुमति होगी।

कांग्रेस, आरजेडी और कई अन्य पार्टियां जाति जनगणना की मांग कर रही हैं। बिहार में जेडीयू जैसे बीजेपी के गठबंधन सहयोगियों ने भी इस बारे में बात की है, लेकिन केंद्र पर कोई दबाव नहीं डाला है। केंद्रीय स्तर पर, अंतिम निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी कैबिनेट पर छोड़ दिया गया है। बीजेपी की दूसरी सहयोगी तेलुगु देशम पार्टी भी मानती है कि जनगणना होनी चाहिए, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू आम जनता, खासकर युवा आबादी के लाभ के लिए 'कौशल जनगणना' की सक्रिय रूप से वकालत कर रहे हैं। आरएसएस भी जाति जनगणना के पक्ष में है, बशर्ते कि यह किसी पार्टी द्वारा राजनीतिक लाभ हासिल करने के लिए न किया जा रहा हो।

## आरजी कर घोटाला : संदीप घोष ने कलकत्ता हाईकोर्ट में जमानत याचिका की दायर

(एजेंसी)

कोलकाता। आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पूर्व एवं विवादास्पद प्रिंसिपल ने सोमवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय की एकल पीठ के समक्ष जमानत याचिका दायर की। न्यायमूर्ति शुभेंदु सामंत की एकल पीठ ने याचिका स्वीकार कर ली है और मामले की सुनवाई सोमवार को दूसरे भाग में ही हो सकती है। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) घोष के खिलाफसमानांतर जांच कर रही है। पहली जांच आरजी कर में वित्तीय अनियमितताओं के मामले में और दूसरी जांच इसी अगस्त में इसी अस्पताल की एक महिला जूनियर डॉक्टर के साथ हुए जघन्य बलात्कार और हत्या के संबंध में है।दूसरे मामले में घोष के खिलाफमुख्य आरोप जांच को गुमराह करने और सबूतों के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप है। वहीं बलात्कार और हत्या मामले की प्रारंभिक जांच कोलकाता पुलिस द्वारा की जा रही थी, जिसके बाद कलकत्ता उच्च न्यायालय ने जांच का प्रभार सीबीआई को सौंप दिया।

### संक्षिप्त समाचार

#### बीजेपी ने महाराष्ट्र में जारी की तीसरी लिस्ट, 25 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान

(एजेंसी) नई दिल्ली। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने अपने 25 उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी की है। अब तक बीजेपी ने कुल 146 उम्मीदवारों का ऐलान किया है। पहली सूची में 99 और दूसरी में 22 उम्मीदवार शामिल थे। महायुति गठबंधन, जिसमें बीजेपी, एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की एनसीपी शामिल हैं, ने 288 सीटों में से 260 पर उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। अभी भी 28 सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान बाकी है। बीजेपी के 146 उम्मीदवारों के अलावा, शिवसेना ने 65 और एनसीपी ने 49 सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नाम घोषित किए हैं।

#### बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान बोले, नहीं मिली थी मेरे पिता को कोई धमकी

(एजेंसी) मुंबई। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव 2024 की गतिविधियाँ तेज हो गई हैं। बाबा सिद्दीकी हत्याकांड के बाद उनके बेटे जीशान सिद्दीकी ने हाल ही में एनसीपी (अजित पवार) पार्टी जॉइन की है। पार्टी ने उन्हें बांद्रा ईस्ट विधानसभा सीट से अपना प्रत्याशी बनाया है। आज जीशान ने अपना नामांकन पत्र भरा और मीडिया से बातचीत में कहा कि इस कठिन समय में अजित पवार, प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे ने मुझ पर विश्वास दिखाया है, जिसके लिए मैं उनका आभारी हूं। जनता मेरे साथ है और वे मुझे जीताने जा रहे हैं। जीशान ने बाबा सिद्दीकी को याद करते हुए कहा कि उनके बिना चुनाव लड़ना बहुत कठिन है। पिता के जाने के बाद सब कुछ इतना जल्दी हुआ कि उन्हें सोचने का समय नहीं मिला। उनके पिता के जाने के बाद बहुत से लोगों के चेहरे बदलते हुए देखे हैं। जीशान ने यह भी स्पष्ट किया कि उनके पिता जरूरतमंदों की मदद करते थे और हमेशा गरीबों के अधिकारों के लिए आवाज उठाते थे। मेरे पिता के जाने के बाद अब मैं गरीबों की आवाज बनूंगा। मैं चाहता हूं कि जांच सही दिशा में आगे बढ़े। मुझे नहीं पता किसने सुपारी दी, लेकिन मुझे यह पता है।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ सतर्कता जागरूकता सप्ताह का किया शुभारंभ

सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि विषय पर आधारित कार्यक्रम

❑ सतर्कता विभाग को प्रभावशाली बनाने हेतु सर्विलांस, तकनीकी और वितीय विशेषज्ञों की टीम का होगा गठन : धामी




(एजेंसी) देहरादून। भ्रष्टाचार के खिलाफविजिलेंस विभाग जीरो टॉलरेंस नीति के आधार पर काम कर रहा है और इसी दिशा में लोगों को जागरूक करने के लिए सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने इस जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया। सतर्कता विभाग कार्यालय में सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि विषय पर आधारित सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2024 और प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विभाग को और मजबूत करना और लोगों को भ्रष्टाचार के प्रति जागरूक करना है। सीएम धामी ने कार्यक्रम के दौरान घोषणा की कि सतर्कता विभाग की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सर्विलांस, तकनीकी और वित्तीय विशेषज्ञों की एक टीम गठित की जाएगी। इसके साथ ही, उन्होंने सतर्कता अधिष्ठान में बेहतर काम करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल को याद करते हुए कहा कि उनकी जयंती के अवसर पर प्रतिवर्ष लोक प्रशासन को पारदर्शी और उत्तरदायी बनाने के लिए श्सतर्कता जागरूकता सप्ताहश् का आयोजन किया जाता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस सप्ताह का उद्देश्य पारदर्शिता और जिम्मेदारी को बढ़ावा देना है। धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प की चर्चा करते हुए कहा कि इस दिशा में हर क्षेत्र में तेजी से कार्य हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि मोदी के नेतृत्व में शुरू की गई ई-गवर्नेंस की पहल ने सरकारी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता को बढ़ावा दिया है। नोटबंदी, जीएसटी और डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर प्रणाली ने भ्रष्टाचार को जड़ से मिटाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति भ्रष्टाचार में दोषी पाया गया है उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। इस अवसर पर निदेशक सतर्कता वी. मुरूगेशन ने जानकारी दी कि 2022 में टोल-फ्री नंबर 1064 जारी किया गया था, जिसके तहत अब तक 7800 शिकायतें दर्ज की गई हैं। उन्होंने बताया कि सतर्कता विभाग ने पिछले तीन वर्षों में 66 ट्रैप किए हैं और 75 लोगों पर कार्रवाई की गई है। जो व्यवस्था में हुई गड़बड़ी और भ्रष्टाचार की शिकायतों को समाप्त करने के लिए काम करती है। उन्होंने बताया कि विजिलेंस विभाग सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत काम कर रहा है और इसमें सुधार लाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, ए.पी. अंशुमन, पुलिस अधीक्षक सतर्कता रेनू लोहनी और सतर्कता विभाग के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

# ओवैसी पर भड़के गिरिराज सिंह, कहा- हिंदुओं में अफवाह मत फैलाइए

(एजेंसी)

नई दिल्ली। असदुद्दीन ओवैसी पर केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता गिरिराज सिंह भड़क गए हैं। उन्होंने ओवैसी पर पर हिंदुओं में अफ्वाह मत फैलावे का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि ओवैसी जैसे लोग अफ्वाह और भ्रम फैलाते हैं कि मुसलमान आने वाले 80-90 सालों में भी हिंदुओं की बराबरी नहीं कर पाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि मैं उनसे कहना चाहता हूँ कि हिंदुओं में अफ्वाह मत फैलाइए। 1951 में



उनकी संख्या 2.5 से 2.8 करोड़ थी। आज सरकारी आंकड़ों के हिसाब से आप 17 करोड़ हैं, अघोषित आंकड़े कहते हैं कि आप 25 करोड़ हैं। भाजपा नेता ने कहा कि हिंदू 30 करोड़ से बढ़कर 90 करोड़ हो गए। हम तीन गुना बढ़ गए, जबकि आपकी जनसंख्या 7 गुना बढ़ गई। इससे पहले असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के खिलाफकिशनगंज में उनकी 'हिंदू स्वाभिमान यात्रा' के दौरान की गई विवादित टिप्पणी को लेकर शिकायत दर्ज कराई है। एआईएमआईएम ने वरिष्ठ भाजपा नेता के खिलाफकानूनी कार्रवाई करते हुए किशनगंज कोर्ट में उनके खिलाफ मामला दर्ज कराया है। रैली के दौरान की गई अपनी टिप्पणी को लेकर केंद्रीय मंत्री को खासकर मुस्लिम समुदाय से भारी विरोध का सामना करना पड़ा था, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। केंद्रीय मंत्री ने 22 अक्टूबर को किशनगंज में 'हिंदू स्वाभिमान यात्रा' निकाली। लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा नेता ने लोगों से अपने घरों में भाले, तलवार और त्रिशूल का भंडार रखने का आग्रह किया, जिसका इस्तेमाल देवताओं की पूजा और आत्मरक्षा के लिए किया जा सके।

## बलरामपुर में 50 हजार रुपये का इनामी अपराधी गिरफ्तार

(संवाददाता) बलरामपुर। उत्तर प्रदेश में बलरामपुर जिले की महराजगंज थाना पुलिस और स्वाट टीम ने सोमवार को भेड़ों की चोरी के एक आरोपी इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक (एसपी) विकास कुमार ने बताया कि जिले के महराजगंज थाना क्षेत्र में पुलिस एवं स्वाट टीम ने 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश नरेश सोनकर को गिरफ्तार किया है।

## न्याय यात्रा 8 नवंबर से होगी शुरू

राहुल गांधी समेत कई दिग्गज नेता भी होंगे शामिल

(एजेंसी)

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव जी के नेतृत्व में आज दिल्ली न्याय यात्रा की घोषणा की गई और यात्रा से जुड़ी टी-शर्ट और प्ले कार्ड लॉन्च किए गए। मिली जानकारी के अनुसार श्दिल्ली न्याय यात्रा आगामी 8 नवंबर, 2024 को राजघाट से शुरू होगी और 4 दिसंबर, 2024 को इसका समापन किया जाएगा। इस यात्रा के माध्यम से कांग्रेस कार्यकर्ता दिल्ली की जनता के बीच जाएंगे और उनकी तकलीफों को समझने का काम करेंगे। बता दें इस यात्रा में लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी , कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी , मल्लिकार्जुन खरगे और भी कई दिग्गज नेता शामिल होंगे। दिल्ली न्याय यात्रा आगामी 8 नवंबर, 2024 को राजघाट से शुरू होगी और 4 दिसंबर, 2024 को इसका समापन किया जाएगा।

## आज हम अधिकार के साथ लोगों के दरवाजे पर वोट मांगने आए हैं: हेमंत सोरेन

(एजेंसी) रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को संथाल परगना प्रमंडल की गोड्डा, पोड़ैयाहाट और मधुपुर सीटों पर इंडिया ब्लॉक के प्रत्याशियों के नामांकन के बाद चुनावी जनसभाओं को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार और भाजपा पर जोरदार जुबानी हमला किया। उन्होंने कहा कि जब मैंने केंद्र से झारखंड के लोगों के हक का बकाया 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपये मांगा तो मुझे जेल में डाल दिया गया। झारखंड में जब से हमने सरकार बनाई है, उसके एक घंटे के बाद से व्यापारियों ने सरकार गिराने का खेल शुरू कर दिया। उनके षड्यंत्रों से बचते हुए हमारी सरकार ने पांच साल पूरे किए। सोरेन ने कहा कि 2019 में हमने पांच साल के लिए वोट की भीख मांगी थी। आज हम अधिकार के साथ लोगों के दरवाजे पर वोट मांगने आए हैं। अधिकार इसलिए, क्योंकि बीते पांच सालों में हमने जनता के लिए काम किया है। कोरोना काल में हमने बदतर स्थितियों में भी लोगों को भूख से मरने नहीं दिया। मजदूरों को हवाई जहाज से राज्य में लाया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश में महंगाई आसमान छू रही है। भाजपा की सरकार में पांच रुपए का प्लेटफार्म टिकट पचास रुपए हो गया है। आटा-दाल, सब्जी की कीमत आसमान छू रही है। आम जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। हमने राज्य की जनता को महंगाई से बचाने के लिए महिलाओं के खाते में एक हजार रुपये भेजने की शुरुआत की। अगर झारखंड में फिर से हमारी सरकार बनी तो महिलाओं के खाते में हर साल एक-एक लाख रुपए भेजने का काम करेंगे। सभा में मौजूद रहे बिहार के पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव ने कहा कि झारखंड बनने के बाद जो मुख्यमंत्री बने हैं, उनमें चार भाजपा के पास हैं।

प्रियंका चुनाव प्रचार के लिए पहुंचीं वायनाड

## भाजपा प्लानिंग के साथ समाज में नफरत-गुस्सा फैला रही

(एजेंसी) वायनाड। प्रियंका गांधी ने वायनाड लोकसभा सीट पर अपना चुनाव प्रचार सोमवार से शुरू कर दिया। राहुल गांधी के रायबरेली सीट चुनने के बाद वायनाड सीट से कांग्रेस ने प्रियंका को कैंडिडेट बनाया है। यहां 20 नवंबर को चुनाव है। रिजल्ट 23 नवंबर को आएगा। प्रियंका ने वायनाड पहुंचने पर पहले रोड शो किया फिर मीनांगड़ी में रैली की। उन्होंने कहा कि हम जिस दौर में हैं, उसमें केंद्र में भाजपा की सरकार है। ये सरकार प्लानिंग के साथ



समाज में नफरत और गुस्सा फैलाती है। हमने अल्पसंख्यकों पर हमले देखे हैं, मणिपुर में जो हुआ सबसे ने देखा है। उन्होंने कहा कि हमारे संविधान के मूल्यों को लगातार मिटाया जा रहा है। जनता के भले की जगह पीएम के खास दोस्तों के भले के लिए पॉलिसी बनाई जा रही हैं। किसानों-आदिवासियों की जमीनें बड़े व्यापारियों को दी जाती हैं। प्रियंका ने कहा कि मेरा भाई राहुल जैसा होना आसान नहीं है। उन्होंने 10 साल तक भाजपा के क्रूर हमले झेले। उनके बारे में झूठ फैलाया गया। ऐसा होना ग्लोबल पॉलिटिक्स में बहुत अलग है। प्रियंका ने कहा कि नॉमिनेशन फाइल करने के बाद मेरी मुलाकात एक सैनिक से हुई। मैं उनके घर गई।

# 4 हजार करोड़ का बैंक फ्रॉड

5 राज्यों में एक्शन, ईडी ने प्रमोटर्स की 503 करोड़ की संपत्तियां जब्त कीं, इसमें बैंक बैलेंस-शेयर भी शामिल

(एजेंसी) नागपुर। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) नागपुर ने 4,037 करोड़ रुपए की बैंक धोखाधड़ी केस में 5 राज्यों में कार्रवाई की है। एजेंसी ने महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और आंध्र प्रदेश में 503.16 करोड़ की संपत्तियां कुर्क की हैं। ये संपत्तियां 24 अक्टूबर को जब्त की गई थीं। इसके साथ ही जब्त की गई कुल संपत्ति लगभग 727 करोड़ रुपए हो गई है। मामला कॉरपोरेट पावर लिमिटेड और उनके प्रमोटर्स, डायरेक्टर्स मनोज जायसवाल, अभिजीत जायसवाल, अभिषेक जायसवाल के खिलाफमनी लॉन्ड्रिंग के आरोप के तहत हुई जांच से जुड़ा है। कुर्क संपत्तियों में बैंक बैलेंस, म्यूचुअल फंड, शेयर, कॉरपोरेट पावर लिमिटेड और मनोज कुमार जायसवाल और उनके परिजन के अलावा कई शेल कंपनियों के नाम ली गई प्रॉपर्टी शामिल हैं। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने इस मामले में शिकायत दर्ज कराई थी। यूनियन बैंक के मुताबिक आरोपियों ने लोन लेने के लिए प्रोजेक्ट डीटेल में हेरफेर की और इसके बाद बैंक के फंड को डायवर्ट किया था। इसके चलते बैंक को 4,037 करोड़ रुपए, ब्याज समेत 11,379 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। इससे पहले इस मामले में ईडी ने नागपुर, कोलकाता और विशाखापत्तनम में कई जगह तलाशी अभियान चलाकर आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए थे। ईडी ने अपराध की आय भी जब्त की थी। जिसमें 223.33 करोड़ रुपए के लिस्टेड शेयर और सिक्योरिटी, म्यूचुअल फंड, फिक्स्ड डिपॉजिट और बैंक बैलेंस शामिल थे। साथ ही 55.85 लाख रुपए की नकदी भी जब्त की थी। एक स्पेशल पर्पज व्हीकल सेटअप था, जिसकी स्थापना 2006 में अभिजीत ग्रुप ने की थी। 2019 में यूनियन बैंक ने कॉरपोर्ट पावर लिमिटेड के अकाउंट्स को फ्रॉड घोषित किया और 2022 में सीबीआई में शिकायत दर्ज कराई थी।

# सांसद पप्पू यादव को मिली जान से मारने की धमकी

पप्पू यादव ने विश्नोई गैंग पर लगाया आरोप, ऑडियो रिकॉर्डिंग किया जारी

❑ केंद्रीय गृहमंत्री को पत्र लिखकर सुरक्षा बढ़ाने की मांग

(एजेंसी) पटना। पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव को लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जान से मारने की धमकी मिली है। इसके बाद उन्होंने अपनी सुरक्षा घेरा बढ़ाने की मांग की है। पप्पू यादव ने इस संबंध में केंद्रीय गृहमंत्री को पत्र लिखकर अपने लिए (वाई श्रेणी) की सुरक्षा बढ़ाकर (जेड श्रेणी) करने की मांग की है। पूर्णिया के सांसद ने इसकी शिकायत वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से भी की है। पूर्णिया से सांसद पप्पू



यादव ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने लिखा कि मैं अपने जीवनकाल में एक बार बिहार विधान सदस्य तथा 6 बार संसद सदस्य (लोकसभा) के रूप में निर्वाचित हुआ हूं। इस दौरान मुझ पर तथा मेरे परिवार के सदस्यों पर हमला हुआ है। कई बार नेपाल के माओवादी संगठन सहित कई जातिवादी अपराधियों ने जानलेवा हमला किया है। मैं ऊपर वाले के कृपा से बचता रहा। उन्होंने आगे लिखा कि नेपाल के उग्रवादी संगठन माओवादी ने जब मेरे मोबाइल पर धमकी दी थी। केंद्रीय गृह विभाग द्वारा मुझे 2015 में वाई प्लस (थ्रेट) सुरक्षा घेरा में रखा गया था। साल 2019 में मेरे सुरक्षा घेरा को घटाकर वाई श्रेणी की सुरक्षा घेरा में मुझे रखा गया है। मेरा सुरक्षा घेरे में कमी का फायदा उठाते हुए लोकसभा चुनाव के दौरान कई हत्या के शातिर अपराधी ने अपने फेसबुक पर लाइव होकर मुझे भद्दी-भद्दी गालियां दीं। इतना ही नहीं, घर में घुसकर मुझे जान से मारने की धमकी भी दी गई। उसके खिलाफ मैंने आपको लिखित जानकारी दी थी। इसकी जानकारी मैंने बिहार के मुख्यमंत्री समेत गृह सचिव, पुलिस महानिदेशक को भी दी थी। मेरा दुर्भाग्य यह है कि किसी ने आज तक इसकी सुध नहीं ली। आज जब लॉरेंस बिश्नोई गैंग लगातार देश में घटना पर घटना कर रहा है। मैंने एक राजनीतिक व्यक्ति होने के कारण घटना का विरोध किया। विरोध करने पर लॉरेंस बिश्नोई गैंग के प्रमुख ने मुझे जान मारने की धमकी मेरे मोबाइल पर दी है। जिसकी कॉपी मैं सहज उपलब्धता के लिए संलग्न कर रहा हूं। इतनी बड़ी जानलेवा धमकी देने के बावजूद मेरी सुरक्षा के प्रति बिहार के गृह मंत्रालय एवं केंद्रीय गृह मंत्रालय मेरे सुरक्षा के प्रति निष्क्रिय दिख रहा है।

तीसरी आंख



# 31 अक्तूबर तक सभी सड़कों को कराया जाएगा गड्ढा मुक्त, अधिशासी अभियंता, गड्ढामुक्ति का कार्य 80 फीसदी हुआ पूरा

संवाददाता

सुल्तानपुर। शासन ने समस्त जनपदों की सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का फरमान जारी कर दिया है।जनपद में इसकी जिम्मेदारी मुख्य रूप से लोक निर्माण विभाग को दी गई है।जिसमें पूरे जनपद के लिए पैच मरम्मत के कार्य को पूरा करने के लिए निर्धारित समय सीमा तय की गई है 31 अक्टूबर को समस्त श्रेणी के मार्गों को लोक निर्माण विभाग द्वारा गड्ढा मुक्त करना है।यह शासन की प्राथमिकता है।इसके साथ ही विशेष मरम्मत के कार्यों के लिए लोक निर्माण विभाग के निर्माण खंड 3 द्वारा कार्यस्थल का निरीक्षण करते हुए कार्य योजना गठित कर शासन को अनुमोदन हेतु प्रेषित



कर दी गई है।पैच मरम्मत के लिए शासन की ओर से प्रमुख व अन्य मार्गों पर लगभग 1 लाख प्रति किमी एवं ग्रामीण मार्गों पर लगभग 75 हजार प्रति किमी की दर से निर्धारित किया गया है तथा निर्माण खण्ड-3 का गड्ढामुक्ति हेतु निर्धारित लक्ष्य 334.99 किमी है।जिसमें से खंड-3 द्वारा लगभग 290 किमी मार्गो को गड्ढा मुक्त कर दिया गया है।सड़कों के पैच मरमत और गड्ढा मुक्ति का कार्य विकास खंड धनपतगंज,कुड़वार एवं वल्दीराय में तीव्र गति से चल रहा है।निर्माण खण्ड-3 के अंतर्गत पड़ने वाले प्रमुख जिला मार्ग व अन्य जिला मार्गों पर पैच मरम्मत कार्य शत प्रतिशत पूरा हो गया है।ग्रामीण मार्गों पर कार्य तेजी से चल रहा है। निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने का प्रयास किया जा रहा है। इसमें प्रमुख रूप से धनपतगंज-कुड़वार-मंगापुर अन्य जिला मार्ग,सुलतानपुर-कुड़वार-हलियापुर-फत्तेहपुर प्रमुख जिला मार्ग एवं कुड़वार-अलीगंज-धम्मौर अन्य जिला मार्ग,बरासीन से हैरिंग्टनगंज अन्य जिला मार्ग तथा ग्रामीण मार्गो में माधवपुर रोड,टीकर मार्ग,मुंडवा संपर्क मार्ग,बड़का बहुबरा से खादर बसंतपुर मार्ग,कोटा-विनायकपुर संपर्क मार्ग,नेमा का पुरवा संपर्क मार्ग,पूरे दत्ता तिवारी संपर्क मार्ग,भगवानपुर मार्ग,पडरे संपर्क मार्ग,दाउदपुर-लंगडी संपर्क मार्ग,भदहरा-निरसैया संपर्क मार्ग,केरोसम-रोना संपर्क मार्ग पर पक्के पैच मरम्मत का कार्य पूर्ण हो गया है।लोक निर्माण विभाग द्वारा अब बचे हुए ग्रामीण मार्गों पर पूरा जोर है और तीव्र गति से कार्य कराया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता रविंद्र सिंह आर्या का कहना है कि प्रत्येक दशा में दीपावली त्यौहार के पहले ही निर्धारित समय सीमा के अंदर समस्त श्रेणी के मार्गों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ गड्ढा मुक्त करने का जो संकल्प लिया गया।वह पूर्ण कर दिया जाएगा तथा सड़कों के विशेष गड्ढा मुक्ति अभियान से जनपद के लाखों लाख आबादियों को लाभ मिलेगा।

# सूचना देने के साथ ही समस्या भी सुलझाएं- वीरेन्द्र सिंह वत्स, राज्य सूचना आयुक्त

संवाददाता

सुल्तानपुर। राज्य सूचना आयुक्त वीरेंद्र सिंह वत्स ने सुल्तानपुर जिले के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में जल निगम, नमामि गंगे, पर्यटन, लघु सिंचाई और मत्स्य विभाग के आरटीआई से जुड़े मामलों की समीक्षा की। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपीलकर्ताओं को निर्धारित समय में सूचना देने के साथ-साथ उनकी समस्याओं का समाधान भी करें।

राज्य सूचना आयुक्त ने जल निगम के अधिकारियों से कहा कि गाँवों में पानी कि टंकियां बंद पड़ी होने की शिकायतें मिल रही हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मौके पर जाकर सच्चाई देखें और बंद पड़ी टंकियों को एक माह में चालू कराएं। उन्होंने कहा कि एक आम नागरिक जनसूचना अधिकार कानून के तहत शासन-प्रशासन से वे सारे प्रश्न पूछ सकता है, जो सदन में सांसद और विधायक पूछ सकते हैं।

यदि अधिकारी समय से सूचना नहीं देते तो लगता है कि दाल में कुछ काला है। उन्होंने बैठक में मौजूद विभिन्न अधिकारियों से उनके रिपोर्ट कार्ड की जानकारी ली व इसमें मिली खामियों को सुधार करने के निर्देश दिए।

पर्यटन विभाग की ओर से बिजेथुआ महावीरन में कराये जा रहे विकास कार्यों पर चर्चा की। साथ ही साथ लम्भुआ के बाबा जनवारी नाथ धाम पर पर्यटन विभाग का पक्ष जाना। उन्होंने कहा कि सुल्तानपुर की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को देखते हुए सुल्तानपुर महोत्सव मनाया जाना चाहिए. इस सिलसिले में उन्होंने सुल्तानपुर की जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्स्ना और पर्यटन अधिकारी धीरेन्द्र यादव से बात की। अधिकारियों ने इस दिशा में पहल करने का भरोसा दिया। समीक्षा बैठक में उपजिलाधिकारी/कनिष्ठ सूचना अधिकारी ठाकुर प्रसाद, आधिशाषी अभियन्ता जलजीवन मिशन वकार हुसैन, जिला सूचना अधिकारी/पर्यटन सूचना अधिकारी डॉक्टर धीरेन्द्र कुमार, सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई मंगल यादव, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण रमाकान्त पाण्डेय उपस्थित रहे।

# भाजपा नेता अवधेश की बिगड़ी हालत, लखनऊ में हुए भर्ती



संवाददाता

अंबेडकरनगर। भाजपा नेता और कटेहरी विधानसभा उपचुनाव के प्रबल दावेदार रहे अवधेश द्विवेदी की हालत बिगड़ गई है। गंभीर अवस्था में उन्हें लखनऊ में भर्ती कराया गया है। इसके चलते रविवार को उनकी ओर से आयोजित दिवाली मिलन समारोह को स्थगित कर दिया गया है। अवधेश द्विवेदी साल 2017 और 2022 में कटेहरी विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी रहे। इस बार भी उन्हें टिकट मिलने की पूरी संभावना थी। अंतिम क्षणों में दो बार के रनर रहे अवधेश द्विवेदी का टिकट काटकर भाजपा नेतृत्व ने पूर्व मंत्री धर्मराज निषाद को दे दिया। धर्मराज निषाद की ओर से शुक्रवार को नामांकन भी कर दिया गया है। टिकट कटने से के बाद अवधेश द्विवेदी की हालत खराब हो गई। वे नामांकन और नामांकन सभा में भी शामिल नहीं हो सके हालत बिगड़ने पर उन्हें शनिवार को मेडिकल कॉलेज लखनऊ ले जाया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। हालत गंभीर बनी हुई है।

# निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने की दृष्टिगत सामान्य प्रेक्षक श्री वी0 पी0 गौतम ने विधानसभा क्षेत्र कटेहरी के विभिन्न वल्नरेबल एवं क्रिटिकल बूथों का किया स्थलीय निरीक्षण

संवाददाता

अंबेडकरनगर। विधानसभा उप निर्वाचन-2024 के अंतर्गत 277-कटेहरी विधानसभा उप निर्वाचन को माननीय भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने की दृष्टिगत सामान्य प्रेक्षक श्री वी0 पी0 गौतम ने विधानसभा क्षेत्र कटेहरी के विभिन्न वल्नरेबल एवं क्रिटिकल बूथों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक महोदय द्वारा ग्राम पंचायत मखदूम नगर के बूथ नंबर 79 और 80, मोहिउद्दीनपुर के बूथ नंबर 92, शादीपुर के बूथ नंबर 104, केदार नगर के बूथ नंबर 106 व 107 और ग्राम पंचायत भारीडीहा के बूथ नंबर 34 एवं 35 आदि का



निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार टांडा, संबंधित पर्यवेक्षक एवं संबंधित बूथ लेवल अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान सामान्य प्रेक्षक महोदय द्वारा शादीपुर मतदान केंद्र पर मतदान कक्ष को बदलने के निर्देश दिए। साथ ही संबंधित अधिकारियों को एवं कर्मचारियों को माननीय निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपूर्ण मतदान प्रक्रिया को सकुशल संपन्न कराए जाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान माननीय सामान्य प्रेक्षक महोदय द्वारा ग्राम पंचायत मोहिउद्दीनपुर और केदार नगर मतदान केंद्रों के अंतर्गत आने वाले मतदाताओं से वार्ता कर जाना गया कि क्या किसी व्यक्ति या समूह द्वारा उन पर किसी विशिष्ट व्यक्ति या पार्टी को समर्थन हेतु दबाव तो नहीं डाला जा रहा है जिस पर उपस्थित ग्राम वासियों द्वारा कहा गया कि उन पर किसी प्रकार का कोई दबाव नहीं डाला जा रहा है। सामान्य प्रेक्षक विधानसभा उप निर्वाचन 277-कटेहरी श्री वी0पी0 गौतम महोदय ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायतध्सुझाव हेतु मोबाइल नंबर 9129888638 पर संपर्क कर सकते हैं अथवा सरयू गेस्ट हाउस एनटीपीसी टांडा (प्रतिदिन शाम 05 बजे से 06 बजे तक) में मुलाकात कर अपनी शिकायतध्सुझाव दे सकते हैं।

## खाद्य अधिकारी ने टीम के साथ नगर के गल्ला मंडी चौराहे स्थित आगरा घी स्टोर पर मारा छापा, लिए सैंपल

संवाददाता, सुलतानपुर। खाद्य विभाग द्वारा खाद्य सुरक्षा अधिकारी टीम के साथ दीपावली त्यौहार पर शहर के कई प्रतिष्ठानों पर छापा मारा और सैंपल इकट्ठा किये।प्रमुख रूप से गंदा नाला पर स्थित आगरा घी स्टोर की शिकायत काफी दिनों से मिल रही थी।आगरा घी स्टोर पर छापेमारी की गई और अधिक मात्रा में सैंपल लिया गया है,टीम ने बताया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। दीपावली नजदीक आते ही सक्रिय हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारी टीम के साथ में कई दुकानों पर छापा मारा।सुल्तानपुर में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी निर्भय नारायण सिन्हा ने अपनी टीम के साथ कई दुकान पर छापा मारा, कहीं लड्डू स,बर्फी, कराची, हलवा और सोहन पापड़ी,तो कहीं घी और सरसों तेल का सैंपल लिया गया।खाद्य एवं सुरक्षा सहायक आयुक्त अजीत कुमार द्वारा खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक पटेल, अभय प्रताप सिंह, हीरालाल, संदीप यादव के सहित पूरी टीम जिले में भ्रमण करके छपा मारकर सैंपल कलेक्ट किया गया।

## पीलीभीत गौरव सम्मान से सम्मानित किए गये प्रोफेसर ( डॉ. ) अंग्रेज सिंह

संवाददाता, सुलतानपुर। उपाधि महाविद्यालय पीलीभीत के वाणिज्य संकाय और नोबल एकेडमी पोखरा,नेपाल के संयुक्त तत्वाधान में ष्बच्चों और विद्यार्थियों के विकास में निवेशरू सतत् आर्थिक विकास की नींवष्विषय पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में नोबल एकेडमी पोखरा,नेपाल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विशेश्वर आचार्य प्रेसीडेन्टध्ब्म्व् और देश -विदेश के ख्यातिलब्ध शिक्षाविदों,शोधार्थियों और छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया।द्वितीय दिवस में मुख्य अतिथि माननीय जितिन प्रसाद जी सांसद पीलीभीत राज्य मंत्री वाणि.एवं उ.तथा इले.एवं प्रोद्यो.मंत्रालय भारत सरकार,इस संगोष्ठी के समापन सत्र में विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित गनपत सहाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.(डॉ.)अंग्रेज सिंह प्राणाष्को उपाधि महाविद्यालय द्वारा ष्पीलीभीत गौरव सम्मानष्से सम्मानित किया गया।प्रो.अंग्रेज सिंह ने बच्चों के स्वास्थ्य,बौद्धिक और सामाजिक विकास में निवेश करने की बात कही और शैक्षिक संगठनों के साथ -साथ सामाजिक संगठनों का भी आवाह्न किया। इस अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह में मुख्य रूप से मा. डा.रवीन्द्र शुक्ल पूर्व शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार,डॉ.एस.पीएस संधु,डॉ.सौरभ सक्सेना,डॉ.राजेश वर्मा,डॉ.राखी मिश्रा, डॉ.विपिन नीरज, डॉ.संजय दूबे इत्यादि लोग उपस्थित रहे ।

## 51 पुरवे के पचास हजार से अधिक लोगों की आधार कार्ड सम्बन्धी हुई दूर समस्या

संवाददाता, सुल्तानपुर, बल्दीराय। तहसील क्षेत्र के हलियापुर उप डाकघर क्षेत्र में आने वाले ग्रामवासियों को आधार कार्ड बनवाने पर पिन कोड डालते ही अमेठी जिला लिख उठता था।लोग मजबूरी में बनवाते भी थे लेकिन इसके उपयोग में बहुत दिक्कत आती थी।इसकी शिकायत हुई व एक हफ्ते में निस्तारण हो जाने से क्षेत्रवासियों में हर्ष व्याप्त है। सुल्तानपुर जिले का उप डाकघर हलियापुर है। इसका पिनकोड 227815 है। आज कल बिना आधार कार्ड के कोई काम नही हो रहा है। हलियापुर क्षेत्र मे तिरहुत, डोभियारा, पिपरी, तौधिकपुर, सिकरी, जरई कला, उमरा, हलियापुर डाकघर के लगभग इक्यावन पुरवे की आबादी पचास हजार से अधिक है। जबसे आधार कार्ड योजना चली है तब से इस क्षेत्र के जितने भी आधार बने हैं या बन रहे हैं सभी का पिनकोड डालते ही जिला सुल्तानपुर के बजाय अमेठी का बना है और बन रहा है।इसके प्रयोग में लोगों को बहुत दिक्कत आती है।बीते सत्रह अक्टूबर को हलियापुर निवासी अमितेष सिंह ने भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण को इस मामले की ऑनलाइन शिकायत की। आठ दिन बाद शुक्रवार को प्राधिकरण ने आठ साल से चली आ रही इस कमी को दूर करते हुए शिकायत निस्तारण कर दी। अब पोर्टल पर हलियापुर का पिनकोड 227815 डालने पर सुल्तानपुर जिला शो करने लगा है जिससे क्षेत्रवासियों ने अमितेष को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए खुशी जाहिर की है।हलियापुर उपडाकपाल अर्पित सोनी ने बताया कि क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चल रही आधार कार्ड की यह समस्या शुक्रवार को दूर हो गई है।

## लखपति बनने के चक्कर में दिवाली से पहले निकल गया दिवाला

संवाददाता, भदैया,सुल्तानपुर। चंद दिनों में घर बैठे बगैर खून पसीना बहाए लखपति बनने की हसरत पाले सैकड़ों लोगों को जोरदार झटका लगा है। आरजीए कंपनी के लिंक से जुड़ कर दिवाली से पहले लाखों कमाने की लालच में हजारों हजार रुपया गँवा बैठे हैं। दीपावली का तोहफा पाने की आस लगाए लोगों का दिवाला निकाल कर कंपनी रफू चक्कर हो गयी है। ठगी के शिकार हुए लोगों में ग्राम प्रधान व कोटेदार प्रतिनिधि, सफाई कर्मचारी एवं आम आदमी शामिल हैं। बात करते हैं ठगी के शिकार हुए सिर्फएक गाँव जादीपुर के लोगों की। बीते कुछ माह पहले गांव के एक को आरजीए कंपनी की जानकारी हुई।

# जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के सम्बंध में बैठक

संवाददाता

अंबेडकरनगर। जिलाधिकार/ जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में अर्हता तिथि 01-01-2025 के आधार पर होने वाले विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के सम्बन्ध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ एन.आई.सी. कक्ष में बैठक आहूत की गयी। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में अर्हता तिथि 01-01-2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावालियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत एकीकृत आलेख्य निर्वाचन नामावलियों का प्रकाशन दिनांक 29 अक्टूबर 2024 दिन मंगलवार, दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि (नये नाम बढ़ाना/अपमार्जन/संशोधन) दिनांक 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर



2024 तक, विशेष अभियान की तिथियां दिनांक 09 नवम्बर, 10 नवम्बर, 23 नवम्बर व 24 नवम्बर 2024 हैं। दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण 24 दिसंबर 2024 तक तथा विधानसभा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन दिनांक 06 जनवरी 2025 दिन सोमवार को होगा। बैठक में बैठक में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नामावली को त्रुटिविहीन बनाने में समस्त मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से अपेक्षित सहयोग के बारे में चर्चा करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 277 कटेहरी विधानसभा उप निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत विधानसभा कटेहरी में पुनरीक्षण का कार्य अग्रिम आदेशों तक स्थगित रहेगा। इसके अतिरिक्त जनपद के अन्य सभी विधानसभाओं में माननीय आयोग के निर्देशानुसार पुनरीक्षण कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी राजनीतिक दल जनपद में अवस्थित समस्त मतदेय स्थलों के एक-एक बूथ लेबिल एजेंट नियुक्त करते हुये विशेष अभियान तिथियों में सम्बंधित मतदेय स्थल के बूथ लेविल अधिकारी के संरक्षण में मतदाता सूची में दृष्टिगोचर हुई त्रुटियों इत्यादि को चिन्हित करने में सहयोग करें। समस्त पदाधिकारियों से अपील की है कि दावे और आपत्तियों की निर्धारित समयावधि में महिला मतदाताओं एवं 18-19 आयु वर्ग के नये मतदाताओं के पंजीकरण पर विशेष ध्यान देते हुये उपरोक्तानुसार निर्धारित कार्यक्रम के अन्तर्गत समस्त अर्ह मतदाताओं के नाम बढ़ाने/ संशोधन कराने की कार्यवाही में पूर्ण सहयोग प्रदान करते हुये मतदाता सूची को अधिक से अधिक अद्यतन एवं शुद्ध बनाने में सहयोग प्रदान करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ , उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर सदानंद गुप्ता, संबंधित उप जिलाधिकारी गण, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी महेश चंद द्विवेदी सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारीगण, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

# मोबाइल शॉप पर छापामार पकड़ी डेढ़ करोड़ की कर चोरी

संवाददाता

अंबेडकरनगर। जीएसटी अयोध्या मंडल की एसआईबी टीम की ओर से लगातार छापामारी की जा रही है। बीते सप्ताह जहां बर्तन कारोबारी के यहां छापा मारा गया था, वहीं शनिवार को मोबाइल शॉप पर छापामारा गया। छापामारी में करीब डेढ़ करोड़ रुपए की कर चोरी का मामला प्रकाश में आया है। नगर के शहजादपुर में पहितीपुर रोड पर सेवन स्टार मोबाइल शॉप की नामी दुकान है। शॉप पर जीएसटी विभाग का छापा दोपहर में दो बजे के बाद पड़ा। करीब चार घंटे तक जीएसटी की एसआईबी टीम ने छापामार कर बड़ी चोरी पकड़ी है। पता चला कि सेवन स्टार की दुकान जब से खुली है तब से अभी तक कोई टैक्स नहीं जमा किया गया है। टीम ने करीब चार घंटे तक क्रय विक्रय की अभिलेख खंगाले। पक्की रसीद और कई अभिलेख न मिलने से टीम ने कड़ा रुख अपनाया। फिर भी अभिलेख न मिलने पर कड़ी कार्रवाई के संकेत दिए। मौजूद कुछ कागजों को सील कर और कुछ को टीम अपने साथ लेकर अयोध्या चली गई है।मोबाइल शॉप पर छापामारी की खबर से धीरे-धीरे लोगों की भीड़ जुटने लगी, जिसमें ज्यादातर व्यापारी रहे। इस बीच दबंग शॉप मलिक की ओर से टीम पर दबाव बनाने का प्रयास किया गया, अर्दब में लेने का प्रयास किया गया। हालांकि टीम ने कड़ा रुख अपनाया और छापामारी की कार्रवाई पूरी की। छापामारी की पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी भी कराई गई।एक सप्ताह में लगातार दूसरी बार नगर में जीएसटी की एसआईबी टीम के आने से कारोबारियों में खलबली मची रही। शनिवार को व्यापारियों में खलबली का आलम इसी तरह से समझा जा सकता है कि बंद होने वाली दुकानों में ज्यादातर मोबाइल, बर्तन और इलेक्ट्रॉनिक की दुकानें रहीं।

# ट्रांसफार्मर फुंक गया तो क्या होगा? क्या वाकई दिवाली पर 24 घंटे मिलेगी बिजली?

संवाददाता

अंबेडकरनगर। दीपावली पर्व पर शहर तथा ग्रामीण इलाकों में बिजली आपूर्ति रोशनी में बाधा नहीं बनेगी। 24 घंटे बिजली मिलेगी। पर्व पर रात के समय निर्बाध आपूर्ति मिलेगी, जिससे घरों को सजाने के लिए लगाई जाने वाली रंग-विरंगी झालर रोशनी बिखेरेगी। पावर कारपोरेशन इसकी तैयारी में जुटा है। बिजली का व्यवधान दूर करने के लिए सभी ट्रांसमिशन तथा विद्युत उपकेंद्र कर्मियों की टीमें मुस्तैद रहेंगी।शहर व गांव में ट्रांसफार्मर जलने की सूचना पर तत्काल नया ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा। इसके लिए पावर कारपोरेशन में 170 ट्रांसफार्मर बनाकर अतिरिक्त में रखा जाएगा। वर्कशाप पर ट्रांसफार्मर को तेजी से तैयार कराया जा रहा है। 31 अक्टूबर को दीपावली का पर्व मनाया जाएगा। मशीन की मरम्मत के साथ ट्रांसफार्मर वर्कशाप में नए तथा पुराने ट्रांसफार्मर की मरम्मत की जा रही है।अकबरपुर जिला मुख्यालय पर पांच ट्राली में ट्रांसफार्मर भी तैयार रखे जाएंगे ताकि कहीं से भी खराबी की सूचना मिलने पर इन्हें संबंधित क्षेत्रों में भेजकर तत्काल बिजली आपूर्ति को बहाल कराया जा सके। प्रकाश पर्व दीपावली पर घरों, प्रतिष्ठानों, बाजारों, धार्मिक स्थलों, कालोनी-मुहल्लों में बिजली से रोशनी देने वाली झालरे इत्यादि डालकर सजावट की जाती है। इसके लिए बिजली आपूर्ति सबसे महत्वपूर्ण है। ऐसे में इस मौके पर किसी तरह का व्यवधान उत्पन्न नहीं हो, इसके लिए पावर कारपोरेशन व्यवस्था करने में जुटा है।अधीक्षण अभियंता गिरीश नारायण मिश्रा ने बताया कि पर्व के मद्देनजर उपभोक्ताओं को बेहतर आपूर्ति दी जा रही है। ट्रांसमिशन व सभी विद्युत उपकेंद्र पर तथा क्षेत्र में पेट्रोलिंग के लिए के स्टाफ को अलर्ट कर रखा है। कर्मचारियों की एक-एक टीम गठित की गई है। एक टीम हर समय विद्युत उपकेंद्र पर तैनात रहेगी। कहीं से भी फाल्ट होने की सूचना पर टीम को तत्काल मौके पर पहुंचकर आपूर्ति बहाल कराएगी।

# खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा प्रातः 06:30 बजे बस स्टेशन अकबरपुर पर औचक निरीक्षण में दो कुंतल खोवा बरामद

संवाददाता

अंबेडकरनगर। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ0प्र0 तथा जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-2 श्री श्रवण कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री अमित कुमार पाण्डेय तथा श्री दिनेश कुमार राय की टीम द्वारा आगामी दीपावली एवं छठ पूर्जा पर्व के अवसर पर आम जनमानस को सुरक्षित खाद्यध्पेय पदार्थ उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से दिनांक 27.10.2024 को प्रातः 06:30 बजे बस स्टेशन अकबरपुर पर औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय सड़क के किनारे पटरी पर चार प्लास्टिक के बोरों में लगभग दो क्विंटल खोया रखा हुआ पाया गया जिसका अनुमानित मूल्य रू0 56000/- है। आसपास पूछताछ करने पर उसके मालिक के बारे में कोई जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी। ऐसी स्थिति में खोये की गुणवत्ता को संदिग्ध मानते हुए सचल दल द्वारा चारो प्लास्टिक के बोरियों को



अपने कब्जे में लेकर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। तत्पश्चात टीम द्वारा खासपुर थाना अलीगंज स्थित श्री मंशाराम जायसवाल की मिठाई विनिर्माण इकाई पर औचक छापेमारी करते हुए निरीक्षण किया गया। विनिर्माण इकाई में कुल 132 पैक्ड डिब्बों में बर्फी जिसका कुल वजन लगभग 377 किग्रा0 तथा 24 पैक्ड डिब्बों में पेड़ा जिसका कुल वजन लगभग 75 किग्रा0 विनिर्माण कर विक्रयार्थ भण्डारित किया गया था। डिब्बों पर विनिर्माण तिथि, उपभोग तिथि व अन्य आवश्यक सूचनाएं अंकित न होने एवं उनकी गुणवत्ता में संदेह होने के कारण विक्रयार्थ भण्डारित उक्त समस्त मिठाई के पैक्ड डिब्बों को जिनका कुल वजन लगभग 452 किग्रा0 तथा अनुमानित मूल्य रू0 58656/- को नियमानुसार जब्त करते हुए नमूना संकलन की कार्यवाही की गयी। साथ ही विनिर्माण इकाई में अस्वस्थकर अवस्था में भण्डारित लगभग 80 किग्रा0 मिल्ककेक को प्रथम दृष्टया मानव उपभोग हेतु उपयुक्त न पाये जाने के कारण मौके पर ही विनष्ट कराया गया जिसका अनुमानित मूल्य रू0 12000 है। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री सुरेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री आदर्श प्रताप एवं श्री चन्द्र प्रकाश यादव की टीम द्वारा शेखपुर मलपुरा (निकट इन्दईपुर) स्थित श्री जगजीवन प्रजापति के बेसन विनिर्माण इकाई पर औचक छापेमारी करते हुए विनिर्माण इकाई पर विक्रयार्थ भण्डारित 25 किग्रा0 की 18 बोरी बेसन जिसकी कुल मात्रा 450 किग्रा0 एवं अनुमानित मूल्य रू0 36000/- को विनियमों के उल्लंघन में जब्त करते हुए नमूना संग्रहित कर खाद्य विश्लेषक की प्रयोगशाला को प्रेषित किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री ओम प्रकाश तथा श्री पुरन्दर यादव की टीम द्वारा दोस्तपुर रोड शहजादपुर स्थित यादव डेयरी के प्रतिष्ठान से खोया का नमूना तथा पहितीपुर रोड शहजादपुर स्थित संजय कुमार के प्रतिष्ठान से लड्डू का नमूना संग्रहित कर खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला को प्रेषित किया गया।


## लखीमपुर कॉलेज ऑफ एजुकेशन

सरायं सकूनत, खीरी टाउन, लखीमपुर खीरी

**कॉलेज में प्राचार्य पद हेतु योग्य अभ्यर्थी आवश्यकता है-**

पद की योग्यता, वेतनमान एन0सी0टी0ई0, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा विश्वविद्यालय की प्रथम परिनियामावली के अनुसार वांछित। इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि के 10 दिवस के भीतर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हो कर दो रंगीन फोटो, सभी शैक्षिक अभिलेखों की प्रमाणित छाया प्रति एवं मूल प्रमाण पत्रों के साथ संस्था कार्यालय में उपस्थित हो।

**प्रबन्धक**
**श्री सैफअली नकवी**
**मो0 9415047744**
**Email Id- lakhimpurcollefeofeducation@gmail.com**

# बोलेरो और बाइक में आमने सामने टक्कर, एक की मौत एक गम्भीर रूप से घायल

संवाददाता



बलरामपुर। शिवपुरा ललिया मार्ग पर गनेशपुर मोड पर सुबह करीब 10:30 बजे बोलेरो शिवपुरा से ललिया की ओर जा रही थी कि दो बाइक सवार प्लेटिना मोटर साइकिल से गनेशपुर की तरफ से शिवपुरा किसी कार्य से जा रहे थे कि अचानक गनेशपुर मोड़ पर आमने सामने से टक्कर हो गई।टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए।आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड पडे देखते ही बोलेरो चालक गाडी लेकर फरार हो गया.दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना की जानकारी ललिया पुलिस को मिलते ही तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ केंद्र शिवपुरा में भर्ती कराया गया।जिसमें से एक घायल विनोद पुत्र परशुराम नाई उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम सतरहिया थाना ललिया की मृत्यु हो गई।दूसरे घायल लालाराम पुत्र आदेश उम्र 25 वर्ष निवासी सतरहिया थाना ललिया जनपद बलरामपुर को इलाज हेतु जिला अस्पताल बलरामपुर रेफर किया गया है।घायल लालाराम के पास से मिले मोबाइल नंबर से परिजनों को पुलिस द्वारा सूचित किया गया,परिजन मौके पर पहुंच गए हैं.मृतक विनोद के शव की पंचायतनामा की कार्यवाही पुलिस द्वारा की जा रही है।तथा बोलेरो चालक मौके से गाड़ी लेकर फरार हो गया था जिसका गाड़ी नंबर पुलिस ने ट्रेस कर लिया है।थाना ललिया बी एन सिंह ने बताया कि अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# न्याय के लिए दर दर भटक रही पीडिता

संवाददाता



सिद्धार्थनगर। देश के प्रधानमंत्री हो या उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गरीबों को लेकर एक से एक योजनाएं और उनको हर स्तर पर सुविधा उपलब्ध कराने और उनको न्याय दिलाने की बात करते हैं लेकिन सिद्धार्थनगर जिले में इसका उल्टा देखने को मिल रहा है दबंगों द्वारा विधवा विकलांग महिला की भूमि पर कई वर्षों से कब्जा किए हुए हैं आए दिन महिला के साथ मारपीट करने का आप भी लग रहा है आपको बता दें मामला है सिद्धार्थनगर जिले के भनवापुर ब्लाक और भनवापुर गांव का जहां एक विधवा महिला है उसके दो छोटे-छोटे बच्चे हैं उसकी जमीन पर दबंगों द्वारा जबरन कब्जा कर उसे पर खेती-बाड़ी किया जा रहा है महिला ने तहसील से लेकर जिलाधिकारी तक दर्जनों बार शिकायत कर गुहार लगा चुकी है लेकिन उसकी कोई सुनने वाला नहीं है महिला ने आरोप लगाया है कि मेरे द्वारा शिकायत करने पर दबंगों द्वारा मेरे साथ मारपीट किया जाता है बार-बार मुझे धमकी दी जाती है मैं विधवा हूं पैर से विकलांग भी हूं मेरे छोटे-छोटे दो बच्चे हैं मैं इनको लेकर कहां जाऊं न्याय को लेकर में भटक रही हूं मुझे न्याय नहीं मिल रहा है महिला ने मीडिया का सहारा लेते हुए बताया कि हर जगह से मैं हार चुकी हूं और मुझे न्याय चाहिए अगर मेरी भूमि दबंग से खाली कराई जाती है तो उसमें खेती-बाड़ी कर मैं अपने बच्चों के साथ अपना जीवन यापन कर सकती हूं सवाल यह है कि सरकार गरीबों को लेकर इतना गंभीर रहती है लेकिन उन्हीं के अधिकारियों को शिकायत मिलने के बाद दबंग के खिलाफ कार्रवाई नहीं करते शीला जैसी विधवा विकलांग महिला को न्याय फिर कैसे मिलेगा और उसके छोटे छोटे बच्चों के भविष्य का क्या होगा।

## पिता ने मासूम बेटे को पटक पटक कर उतारा मौत के घाट, पत्नी से झगड़ा करने के बाद पति ने बच्चे को पटका, पुलिस ने आरोपी पिता को किया गिरफ्तार

संवाददाता

उन्नाव। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में शनिवार की शाम शराब के नशे में धुत एक पिता ने अपनी पत्नी को बेरहमी से पीटा। फिर अपने गोद में बैठे दो साल के मासूम बेटे को जमीन पर पटककर उसकी हत्या कर दी। इस घटना ने पूरे इलाके को हिलाकर रख दिया है। घटना की जानकारी पत्नी ने कोतवाली पुलिस को दी है। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुटी है। बता दे कि ग्राम दारापुर निवासी नगमा बानो ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उनका पति शारून शराब पीने का आदी है। अक्सर नशे में धुत होकर उनके साथ मारपीट करता रहता है। शनिवार शाम भी शारून शराब पीकर घर आया और नगमा के साथ मारपीट शुरू कर दी। विरोध करने पर उसने अपनी पत्नी की गोद में बैठे बेटे अजान को उठाकर जमीन पर पटक दिया, जिससे बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आरोपी पति शारून को ग्रामीणों ने पकड़े जाने के बाद पुलिस को सौंप दिया। इस घटना ने पूरे गांव में सन्नाटा छाया हुआ है। पड़ोसी बताते हैं कि शारून अक्सर शराब पीकर घर में हंगामा करता था, लेकिन किसी ने कभी नहीं सोचा था कि वह इतना क्रूर हो जाएगा कि अपने ही मासूम बच्चे की जान ले लेगा। पुलिस इस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# सृष्टि राज को मिला भगवती देवी स्मृति सम्मान

## सृष्टि राज को उनकी पुस्तक दर्पण में बचपन के लिए किया गया सम्मानित

संवाददाता




मिर्जापुर। कवयित्री व लेखिका सृष्टि राज को बाल-साहित्य में कार्य के लिए बाल साहित्य संवर्धन संस्थान कानपुर द्वारा भगवती देवी स्मृति सम्मान से अलंकृत किया गया। यह सम्मान स्मार्ट एजुकेशन सेंटर, नौबस्ता, कानपुर में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में सृष्टि राज को मंचासीन अतिथियों, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जगद्गुरु राम भद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय चित्रकूट के पूर्व कुलसचिव डॉ. लक्ष्मीकांत पांडेय, बाल साहित्यकार डॉ. जय प्रकाश प्रजापति, चक्रधर शुक्ल ने प्रदान किया। सृष्टि राज को बाल साहित्य की पुस्तक दर्पण में बचपन के लिए इस सम्मान हेतु चुना गया था। सृष्टि राज विंध्यवासिनी महाविद्यालय मिर्जापुर में स्नातक (तृतीय वर्ष) की छात्रा हैं और अपने लेखन से मिर्जापुर का गौरव बढ़ा रही हैं। इनकी पुस्तक दर्पण में बचपन बाल-कहानियों का संग्रह है जिसका विमोचन इसी वर्ष विश्व पुस्तक मेला, प्रगति मैदान में हुआ था और यह पुस्तक चर्चा में रही थी। सृष्टि राज मिर्जापुर के चर्चित साहित्यकार आनंद अमित की पुत्री हैं। सृष्टि राज को सम्मान दिए जाने पर मिर्जापुर के साहित्यकारों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। वरिष्ठ साहित्यकार भोलानाथ कुशवाहा, प्रसिद्ध नवगीतकार गणेश गंभीर, प्रसिद्ध संचालक व कवि लल्लू तिवारी, अरविंद अवस्थी, लालब्रत सिंह सुगम, केदारनाथ सविता, डॉ. रमाशंकर शुक्ल, डॉ सुधा सिंह, रमाशंकर सिंह यादव, पूजा यादव, कुलभूषण पाठक, इरफान कुरैशी, सुभाष वर्मा, मिलन प्रजापति, आनंद केसरी, नंदिनी वर्मा, श्रुति जायसवाल, इला जायसवाल आदि ने बधाई दी।

# नव युवक ग्राम विकास समिति की हुई बैठक

## छाया रहा क्षेत्र के विकास का मुद्दा



संवाददाता

सिद्धार्थनगर। नवयुवक ग्राम विकास समिति के सदस्यों की एक बैठक इटवा विकास क्षेत्र के ग्राम पकरैला में स्थित एम एल जूनियर हाई स्कूल के परिसर में की गई। बैठक की अध्यक्षता नवयुवक ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष डॉक्टर जंग बहादुर चौधरी व संचालन संगठन के संरक्षक सुरेश कुमार यादव ने किया। इस दौरान क्षेत्र के विकास,युवाओं को रोजगार, वृद्धा, विधवा पेंशन,क्षेत्र की कुछ जर्जर सड़क आदि विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई है। डॉ. जंगबहादुर चौधरी ने कहा कि दीपावली का त्योहार आ रहा है ।समिति के सभी सदस्य आपसी भाईचारा के साथ दीपावली त्योहार मिलजुल कर मनाएं। अपने बच्चों को पटाखा से दूर रखे। और उन्हें मोबाइल का प्रयोग कम से कम करने दे ताकि वह अच्छी पढ़ाई कर सके और भ्रमित न होने पाए । आस पास कोई अराजक तत्व दिखाई पड़े तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस व प्रशासन को दे। संगठित रहे और समिति एक परिवार है । और समिति आप सभी के साथ है ।कृष्ण भवन यादव ने कहा कि यह समिति सभी वर्ग का सम्मान करती है और सभी की मिलजुल कर रहना चाहिए।इस अवसर पर पूर्व प्रधान राम सवारे यादव, राम अचल विश्वकर्मा,दीप नारायन चौधरी ,अमित कुमार,राम लखन यादव,उदय राज यादव,राम प्रवेश यादव ,शैलेश यादव ,राम नरेश , समिदुल,घनश्याम मौर्या,सुग्रीव विश्वकर्मा , राम चंद्र यादव,बजरंगी आदि लोग शामिल रहे।

# प्रभारी पशु चिकित्साधिकारी का वेतन रुका, कारण बताओ नोटिस जारी

संवाददाता



कप्तानगंज, बस्ती। राजकीय पशु चिकित्सा प्रभारी डा0 नजमुल इस्लाम का अक्टूबर माह का वेतन रोकने का आदेश मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 राजेश त्रिपाठी बस्ती ने दिया है और नोटिस जारी करके स्पष्टीकरण मांगा है । यह कार्यवाही आई जी आर एस शिकायत संख्या - 40018528839 पर की गई है । डा0 नजमुल इस्लाम पर ग्राम पंचायत परसपुरा में अनूप कुमार पुत्र राम सुख के बीमार पड़िया के इलाज में लापरवाही का आरोप लगा है और मनीष कुमार दूबे पैरामेट के द्वारा किये गये गलत इलाज से पड़िया की मौत हुई थी तथा पैरामेट ने पड़िया के इलाज के नाम पर सरकारी दवा का 700 रुपये पीड़ित परिवार से लिया था और 200 रुपये की दवा की पर्ची बना दिया था । पीड़ित परिवार ने 200 रुपये की दवा बाहर प्राइवेट दुकान से खरीदा था । सरकारी दवा एवं प्राइवेट दवा खिलाने के बाद पड़िया की स्थिति नाजुक हो गई और एक दिन बाद पड़िया की मौत हो गई । पीड़ित परिवार ने उच्च अधिकारियों से शिकायत कर प्रभारी पशु चिकित्सा अधिकारी डा0 नजमुल इस्लाम एवं मनीष कुमार दूबे के खिलाफकार्रवाई की मांग किया था । पीड़ित परिवार के द्वारा शिकायत पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 राजेश त्रिपाठी ने 03 सदस्यीय जांच टीम गठित करके उक्त प्रकरण की जांच कराया था जांच टीम के द्वारा जांच आख्या के आधार पर डा0 नजमुल इस्लाम के खिलाफकार्रवाई की गई है और पैरामेट मनीष कुमार दूबे के खिलाफ अभी तक कार्रवाई नहीं हो पाई है । इस सम्बंध में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 राजेश त्रिपाठी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और 03 सदस्यीय जांच टीम के जांच आख्या के आधार पर अक्टूबर माह का वेतन डा0 नजमुल इस्लाम को रोकने का आदेश दिया गया है और स्पष्टीकरण मांगा गया है । डा0 नजमुल इस्लाम द्वारा स्पष्टीकरण का जबाब देने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जायेगी ।

# हर घर सब्जी अभियान का शुभारंभ सिटी पार्क कॉलोनी में हुआ

संवाददाता



शाहजहाँपुर। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह द्वारा विशेष पहल हर घर ऑर्गेनिक सब्जी उगाने तथा तैयारी करने के संबंध में सिटी पार्क में वहां के निवासियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई जिसमें डीएम ने हर घर सब्जी उगाने के संबंध में सिटी पार्क को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चयन किया है। हर घर सब्जी अभियान का शुभारंभ सिटी पार्क कॉलोनी में किया गया जिसमें जिलाधिकारी ने कॉलोनी वासियों को घर की छत पर सीजनल सब्जी उगाने के लिए प्रोत्साहित किया। जिससे लोगों को शुद्ध जैविक सब्जियां प्राप्त हो सकें। जिला उद्यान अधिकारी ने सब्जियों की खेती छत पर कैसे की जाए के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने जैविक विधि से कीट एवं रोग की रोकथाम के विषय में जानकारी प्रदान की। रामवीर सिंह प्रगतिशील कृषक ने छत पर खेती का डेमोंस्ट्रेशन किया। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नगर आयुक्त, एडीएम प्रशासन, सिटी मैजिस्ट्रेट उपस्थित रहे। जिलाधिकारी की नई पहल हर घर सब्जी के अन्तर्गत सिटी पार्क में लोगों को ऑर्गेनिक और हाइड्रोपोनिक पौधारोपण के संबंध में जागरूक किया। जिलाधिकारी ने कहा कि आज के युग में नई नई बीमारियों के जन्म लेने का कारण है प्राकृतिक खान पान से दूर हो जाना, उन्होंने कहा तमाम तरह के कैंसर का कारण है रसायन युक्त फलों और सब्जियों का उपभोग करना है। जिलाधिकारी ने कहा कि ऑर्गेनिक और हाइड्रोपोनिक पद्धति के माध्यम से हम अपने बालकनी, घर के आगे आंगन, और अपनी छतों पर भी ऑर्गेनिक खेती करके अपने खाने भर की फल और सब्जियां उगा सकते हैं। किचन गार्डन का कांसेप्ट से हम लोगों को पेस्टिसाइड फ्री वेजिटेबल प्राप्त हो सकता है और पूरे वर्ष हम ऐसा प्लान करें जिससे हमें बिना केमिकल ऐड वाली सब्जियां मिलती रहें। कृषि विशेषज्ञ ने किचन गार्डन का कॉन्सेप्ट के संबंध में बताया कि पेस्टिसाइड फ्री वेजिटेबल प्राप्त करना हेतु जो हमारा टेरेस है उसे गार्डन बना सकते हैं। उन्होंने विस्तार पूर्वक बताया कि किस था कुछ पुदीना, बैंगन, भिंडी इत्यादि के पौधे लगाकर घर पर ही रसायनमुक्त सब्जियां उगा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस तरह की खेती के लिए अत्यधिक मेहनत करने की आवश्यकता नहीं होती है, इसमें बस गमले को रिपौटिंग करना होता है। उन्होंने बताया कि कई पौधे 4- 5 साल भी चल जाते हैं। साथ ही उन्होंने कम्पोस्टिंग, ऑर्गेनिक बेस्ट, डीकंपोजिंग के विषय में जानकारी दी।

# किसानों के साथ लूट 55 रुपये प्रति किलो के बजाय 80 मे बेचा बीज



संवाददाता

बस्ती। राजकीय कृषि बीज भंडार कप्तानगंज में निशुल्क बीज किट वितरण की सूचना पर भारी संख्या में क्षेत्र के किसान पहुंचे। सुबह 10 बजे जब कार्यालय खुला तो भारी संख्या में किसान बीज लेने के लिए लाइन में लग गए। अपनी बारी का इंतजार करते समय संख्या बढ़ती गई। कुछ किसानों को बीच किट वितरित किया गया। उसके बाद स्टाक खत्म होने की सूचना देते हुए कार्यालय को बंद कर दिया गया। इससे नारजा किसान हंगामा करने लगे। किसानों का आरोप है कि सहायक विकास अधिकारी अरुण कुमार पटेल ने किसानों को गलत सूचना दी। कहा गया कि उन्हें सरसों, मटर, चना, मसूर आदि के बीज निशुल्क दिए जाएंगे। लेकिन लौटा दिया गया। किसानों का यह भी आरोप है कि सरसों के बीज को 80 रुये किलो में दिया गया। जबकि शासन आदेश है कि 55 रुपये किलो दिया जाएगा।

## मेले में दुकानदार को चार लोगों ने पीट कर किया घायल

संवाददाता, पीलीभीत। बीसलपुर के रामलीला मेले में लगी फर्नीचर की दुकान पर खरीदारी करने गए युवक ने अपने साथियों की मदद से दुकानदार को धारदार हथियार से प्रहार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया घटना की प्राथमिकी पीड़ित ने कोतवाली में पंजीकृत कराई है। बीसलपुर कोतवाली में दर्ज कराई गई प्राथमिकी में क्षेत्र के ग्राम चठिया सेवा राम निवासी बबलू उर्फकेशव दत्त ने आरोप लगाते हुए कहा है की उसने रामलीला मेला बीसलपुर में अपनी फर्नीचर की दुकान बिक्री हेतु लगाई थी 25 अक्टूबर को शाम 5रू00 बजे लगभग एक व्यक्ति जिसका नाम हरिमोहन था दुकान पर आया और उसने दुकान पर रखे पटा तथा बेलन लेने की बात कही इसके बाद दुकानदार द्वारा बेलन तथा पटे का मूल्य बताने पर वह चिढ़ गया और उसने दुकानदार को गाली गलौज करना शुरू कर दिया दुकानदार द्वारा विरोध करने पर वह उसे देख लेने की धमकी देता हुआ वहां से चला गया इसके आधे घंटे बाद अपने तीन चार अज्ञात साथियों के साथ वह दुकान पर पहुंचा और दुकान के अंदर घुस गया उक्त सभी ने दुकान का सामान उलट दिया विरोध करने पर उसमें से दो लोगों ने दुकानदार के सिर पर धारदार हथियार से प्रहार कर जान से मारने का प्रयास किया जिससे उसका सिर फट गया और वह मौके पर गिर गया उसकी चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग तथा दुकानदार मौके पर एकत्र हो गए तभी उक्त सभी हमलावर भविष्य में जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चले गए इसके बाद घायल दुकानदार ने 112 पर नंबर डायल कर पुलिस को बुलाया पुलिस उनको कोतवाली ले गई और उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया पीड़ित की तहरीर पर उसकी दुकान पर आकर हमला करने वाले हरि मोहन तथा उसके तीन अज्ञात साथियों के विरुद्ध पुलिस ने प्राथमिकी पंजीकृत करने के बाद उनकी तलाश शुरू कर दी है।

## पीलीभीत पुरनपुर सेहरामऊ पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ की जिला बदर की कार्रवाई आरोपियों को 6 माह के लिए जिले की सीमा से बाहर रहने के पुलिस ने दिए निर्देश

संवाददाता, पूरनपुर, पीलीभीत। शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस सतर्क है। ऐसे में कानून व्यवस्था के लिए चुनौती बने तीन आरोपितों के खिलाफजिला बदर की कार्रवाई की गई। उन्हें छह माह के लिए जिले से निष्कासित कर दिया गया। निर्धारित अवधि के दौरान यदि जिले में दिखाई दिए तो पुलिस सख्त से सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। पुलिस ने क्षेत्र के तीन आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के खिलाफजिला अधिकारी के अनुमोदन के बाद जिला बदर की कार्रवाई की है। जिले में क्राइम कंट्रोल के लिए पुलिस तरह-तरह के हथकंडे अपना रही है। शनिवार को पुलिस ने क्षेत्र के तीन अपराधियों जिला बदर किया है। पुलिस ने आरोपियों के घर पहुच कर इसकी मुनादी भी कराई है। आरोपियों के परिजनों को निर्देशित किया है कि तीनों जिला बदर आरोपियों को आगामी 6 माह के लिए जिले की सीमा निष्कासित किया जाता है। सेहरामऊ थाने में पीपीएस प्रशिक्षु अधिकारी थाना प्रभारी उपासना पांडेय व एसएसआई मनोज कुमार व गढ़वा खेड़ा चौकी इंचार्ज संतोष कुमार ने रविवार को पुलिस टीम के साथ थाना क्षेत्र के गांव बॉसबोझी पहुंच कर तीन जिला बदर आरोपियों के घर पहुचकर मुनादी कराई। पुलिस ने गुंडा प्रवृति के आरोपी बॉसबोझी गांव रजीत सिंह, सुनील सिंह व धर्मपाल के खिलाफजिला बदर ई की है। जिसमें तीनों आरोपियों को आगामी छह-छह माह के लिए जिला बदर किया गया है। वहीं, जाएगा। पुलिस ने बताया है कि जिला बदर की कार्रवाई यह एक प्रशासनिक कार्रवाई है। इसके तहत ऐसे अपराधी जो किसी इलाके में लोगों को डरा-धमका कर दहशत फैलाते हैं। आपराधिक कृत्यों में लिप्त रहते हैं। उनसे लगातार सामाजिक ताने-बाने के भंग होने का खतरा बना रहता है। ऐसे अपराधियों को कुछ समय के लिए जिले से बाहर कर दिया जाता है। तीन आरोपियों के खिलाफजिला बदर की कार्रवाई होने से आरोपियों में हड़कंप मचा हुआ है।

## चिलमा बाजार के मशहूर समोसा मटर के दुकानदार अब नहीं रहे

संवाददाता, बस्ती। बस्ती जिले के राम जानकी मार्ग भटपुरवा चिलमा बाजार सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन चिलमा बाजार मशहूर समोसा मटर के मालिक सर्वजीत 70 वर्ष के घर हुआ था। शनिवार की शाम को पूर्णाहुति के साथ भण्डारे का आयोजन किया था। सुबह 6 बजे के सर्वजीत गौड़ ने अंतिम सांस ली। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुराहाल है। भटपुरवा निवासी सर्वजीत गौंड़ 1995 में परिवार के साथ चिलमा बाजार में आकर समोसा मटर चाय की स्टेंट बैंक के बगल छप्पर में खोला। लोगों को स्वादृष्टि समोसा मटर पंसन्द आने लगा। धीरे धीरे मशहूर हो गये। आमदनी बढ़ी तो जमीन खरीदकर मकान बनवाकर दुकान खोलकर कमाने खाने लगे। भटपुरवा में एक मकान बनवाकर रह रहे थे। मकान पर श्रीमद् कथा का आयोजन किया गया। शनिवार को पूर्णाहुति हुआ पूरे परिवार में काफी खुशी थी। भण्डारे में बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग भोजन ग्रहण किया। नात रिश्तेदार भी मौजूद थे। लोग भोजन कर सोये थे कि रात में सर्वजीत का तबीयत खराब हुई सुबह 6 बजे निधन हो गया। सर्वजीत के तीन बेटे दीपक, संजय, विजय व तीन बेटिया है। सभी का शादी विवाह हो चुका है। परिजनों का रो-रोकर बुराहाल है।

## ससुराल जा रहे युवक को अज्ञात वाहन में मारी टक्कर हुई मौत

संवाददाता, उन्नाव। असोहा थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाला युवक रायबरेली स्थित अपने ससुराल जा रहा था। इसके दौरान रास्ते में उसकी बाइक में तेज रफ्तार एक अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उसकी दर्दनाक मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही मौके पर पहुंचे पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही घटना की जांच पड़ताल की है। बता दे कि पाठकपुर गांव निवासी बुद्धि लाल का 25 वर्षीय बेटा रोहित जनपद रायबरेली स्थित राजामऊ पस्तौर अपने ससुराल जाने के लिए घर से बाइक पर सवार होकर निकला था। अभी वह असोहा मार्ग पर ही पहुँचा था कि पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलावस्था में पड़ा देख अन्य राहगीरों ने एंबुलेंस को जानकारी दी। उधर रास्ते से गुजर रही स्थानीय थाना पुलिस ने एंबुलेंस उसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया पुलिस ने पहचान कर घटना की जानकारी परिजनों को दी। सूचना मिलते ही पत्नी वंदना मौके पर पहुंची। पति को मृत अवस्था में देख रो रो कर बेहाल हो गयी। 2 साल पहले ही रोहित का विवाह हुआ था 1 साल की बेटी अनन्या है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इसके साथ ही टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है।

## रिजर्व पुलिस लाइन में क्षेत्राधिकारीगण व समस्त थाना प्रभारी/शाखा प्रभारीगण के साथ मीटिंग

संवाददाता, बस्ती। पुलिस अधीक्षक बस्ती द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक बस्ती के साथ रिजर्व पुलिस लाइन बस्ती में आगामी त्योहारों के दृष्टिगत समस्त क्षेत्राधिकारीगण व समस्त थाना प्रभारीध्शाखा प्रभारीगण के साथ मीटिंग कर शासन द्वारा प्रदत्त आवश्यक दिशा निर्देश से अवगत कराया गया तथा उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों को बलवा ड्रिल के सम्बन्ध में ब्रीफकर दंगाइयों से निपटने हेतु अभ्यास कराते हुए दंगा के समय अश्रु गैस छोड़ने तथा छोड़ते समय विभिन्न सुरक्षात्मक सावधानियां बरतने व बलवा में घायल हुए व्यक्तियों को कैसे बचाया जाय, आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए स्वयं भी फायरिंग कर, अभ्यास कराते हुए संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक बस्ती, समस्त क्षेत्राधिकारीगण व समस्त थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षक द्वारा भी अभ्यास किया गया। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक बस्ती व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# ट्रुडो के मंसूबे

दशकों से कनाडा आप्रवासियों का दिल खोलकर स्वागत करता रहा है। कनाडा का आप्रवासन मंत्र रहा है कि जितने अधिक प्रवासी लोग आएंगे, उतना उसके लिए बेहतर रहेगा। कभी नवागंतुकों का खुली बांहों से स्वागत करने वाले कनाडा की सोच रही है कि दूसरे देशों से आने वाले प्रवासी खुद को स्थापित करने के लिये अधिक मेहनत करते हैं और नये देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यहां तक कि कनाडा ने उन कट्टरपंथियों और चरमपंथियों का भी स्वागत किया, जो अपने मूल देशों में कानून की रेखाओं का अतिक्रमण करते रहे हैं। कनाडा सरकार खुद अपनी पीठ थपथपाती रही है कि वह अपने समकक्ष पश्चिमी देशों की तुलना में आप्रवासियों के लिये बेहतर स्थिति बनाने में अव्वल रही है। लेकिन समय के साथ-साथ स्थितियां विसंगतियों की शिकार हुई हैं। आप्रवासियों के लिये सदैव द्वार खुले रखने की कनाडा की नीतियों के चलते, वहां के मूल नागरिक मानते हैं कि इस उदार नीति का आवास, स्वास्थ्य देखभाल और सामाजिक सेवाओं पर लगातार दबाव बढ़ रहा है। जिसके चलते ट्रूडो सरकार पर न केवल विपक्ष बल्कि अपनी पार्टी का भी दबाव बढ़ रहा है। आज उनकी पार्टी में ट्रूडो का इस्तीफा मांगने वालों की संख्या भी कम नहीं है। इस दबाव का ही प्रभाव है कि ट्रूडो सरकार स्वीकार कर रही है कि उनकी सरकार श्रम जरूरतों को संबोधित करने और जनसंख्या वृद्धि को बनाए रखने के बीच सही संतुलन बनाने में विफल ही रही है। सरकार मानने लगी है कि आप्रवासन टिकाऊ होना चाहिए। दरअसल, कनाडा में लिबरल सरकार की लोकप्रियता में लगातार कमी आई है। जिसकी चिंता में कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो आम चुनावों से एक साल पहले ही हाथ-पैर मार रहे हैं। ट्रूडो की सोच है कि कुछ सख्त कदम उठाकर वे अपने मतदाताओं को आकर्षित कर सकते हैं। यहां तक कि उन्होंने अपनी अल्पमत सरकार को बचाने के लिये अपने पुराने मित्र व बड़े लोकतांत्रिक देश भारत से संबंध खराब करने से भी गुरेज नहीं किया। दरअसल, जस्टिन ट्रूडो के मुगालते कम नहीं हुए हैं। अपनी अल्पमत सरकार को बचाने के लिये उन्होंने भारत का मुखर विरोध करने वाले जिन सांसदों का समर्थन लिया, उनके एजेंडे को पूरा करने में ट्रूडो सारी सीमाएं लांघ रहे हैं। राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के चलते ट्रूडो मानकर चल रहे हैं कि वे अपने चौथे कार्यकाल के लिये चुनाव मैदान में उतर सकते हैं। लेकिन पार्टी में चल रहे विरोध के चलते आशंका है कि उनका हश्र भी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन जैसा न हो, जिनको डेमोक्रेट्स के भारी दबाव के बाद राष्ट्रपति पद की फिर से दावेदारी छोड़नी पड़ी। लेकिन ट्रूडो की राजनीतिक महत्वाकांक्षा इतनी प्रबल रही कि वे अपरिपक्वता के चलते अपने पुराने सहयोगी नई दिल्ली के साथ संबंध बिगाड़ने से भी नहीं चूके। इसी कड़ी में वे कोशिश कर रहे हैं कि भारत से आने वाले प्रवासियों की संख्या को कम कर सकें।

# दीपावली का पाँच दिवसीय पर्व धनतेरस, नरक चतुर्दशी, दिवाली, गोवर्धन पूजा और भाईदूज का शुभ मुहूर्त

ज्योतिषाचार्य पं.अविनाश मिश्र शास्त्री (चित्रकूटधाम)



दीपावली 2024- कार्तिक महीने के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि पर दीपावली का त्योहार मनाया जाता है ! हिंदू धर्म में दीपावली का त्योहार बहुत उत्साह और जोश के साथ मनाया जाता है ! कार्तिक महीने के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि पर दीपावली का पर्व मनाया जाता है ! पौराणिक मान्यताओं के अनुसार कार्तिक माह की अमावस्या तिथि पर भगवान श्री राम 14 वर्षों का वनवास काटकर और लंका पर विजय प्राप्त करने के बाद अयोध्या लौटे थे ! जिसकी खुशी में सारे अयोध्यावासी इस दिन पूरे नगर को अपने राजा प्रभु राम के स्वागत में दीप जलाकर उत्सव मनाया था ! इसी कारण से तब से यह परम्परा चली आ रही है ! दीपावली के दिन लक्ष्मी पूजा का विशेष महत्व होता ,है ! इस दिन शाम और रात के समय शुभ मुहूर्त में मां लक्ष्मी, भगवान गणेश और माता सरस्वती की पूजा की जाती है ! धनतेरस दीपावली का पहला दिन माना जाता है ! इसके बाद नरक चतुर्दशी फिर दीपावली, गोवर्धन पूजा और आखिर में भैयादूज का त्योहार मनाया जाता है !

आइए जानते हैं पांच दिनों तक चलने वाले दीपावली महापर्व की प्रमुख तिथियां और शुभ मुहूर्त

शुभ धनतेरस 2024...धनतेरस का त्योहार हर वर्ष कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि पर मनाया जाता है ! धनतेरस जिसे धन त्रयोदशी और धन्वंतरि जयंती भी कहते हैं पांच दिवसीय दीपावली का पहला दिन होता है ! धनतेरस के दिन से दिवाली का त्योहार प्रारम्भ हो जाता है ! मान्यता है इस तिथि पर आयुर्वेद के जनक भगवान धन्वंतरि समुद्र मंथन से अमृत कलश लेकर प्रगट हुए थे ! इसी कारण से हर वर्ष धनतेरस पर बर्तन खरीदने की परम्परा निभाई जाती है ! कहा जाता है कि जो भी व्यक्ति धनतेरस के दिन सोने-चांदी, बर्तन, जमीन-जायजाद की शुभ खरीदारी करता है उसमें तेरह गुना की बढ़ोत्तरी हो जाती है !

इस बार 29 अक्टूबर मंगलवार को धनतेरस का त्योहार है !

धनतेरस 29 अक्टूबर 2024 दिन मंगलवार

धनतेरस का शुभ मुहूर्त – भौम प्रदोष के साथ प्रातः 10-50 बजे से लेकर दोपहर 1-30 बजे तक धनतेरस पर शुभ खरीदारी की अवधि – दोपहर 03-00 बजे से लेकर 4-30 बजे तक.। नरक चतुर्दशी 2024.......इस वर्ष नरक चतुर्दशी का त्योहार 30 अक्टूबर 2024 को मनाया जायेगा ! यह धनतेरस के बाद मनाया जाता है ! नरक चतुर्दशी कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाया जाता है ! नरक चतुर्दशी को कई और नामों से भी मनाया जाता है जैसे- नरक चौदस, रूप चौदस और रूप चतुर्दशी आदि ! दिवाली से पहले मनाए जाने के कारण इसे छोटी दिवाली भी कहा जाता है ! इस दिन मृत्यु के देवता यमराज की पूजा की जाती है ! इस दिन शाम को गोधूलि मुहूर्त में घर के कोनों में दीपक जलाकर अकाल मृत्यु से मुक्ति की कामना की जाती है ! नरक चतुर्दशी 2024

तेल मालिश का समय (अभ्यंग)-सुबह 06.06.05 बजे से 06.34.57 बजे तक !

हनुमत ध्वज दान-दोपहर -01-30 बजे से 02-15 तक

यम दीपदान -रात्रि 7-46 बजे से 09-10 मिनट के मध्य

दीपावली पर लोग सुख-समृद्धि और भौतिक सुखों की प्राप्ति के लिए माता लक्ष्मी की विशेष पूजा करते हैं !

दिवाली लक्ष्मी पूजा शुभ मुहूर्त

दिपावली और लक्ष्मी पूजा तिथि- गुरुवार, 31अक्टूबर 2024

लक्ष्मी पूजा मुहूर्त .........

गो धूली मुहूर्त- 17.34.09 बजे से 18.10.27 बजे तक !

वृषभ लग्न काल- 19.10.28 बजे से 21.06.18 बजे तक !

दीपावली महानिशीथ काल मुहूर्त

लक्ष्मी पूजा मुहूर्त- 23.38.52 बजे से 24.30.58 बजे तक !

महानिशीथ काल- 23.38.52 बजे से 24.30.58 बजे तक !

सिंह लग्न काल रू 25.30.14 बजे से 27.30.43 बजे तक !

दीपावली शुभ चौघड़िया मुहूर्त- सायं 04.30.25 बजे से से 9 बजे तक ...। अन्नकूट गोवर्धन पूजा -02 नवंबर 2024 को 03 नवंबर 2024 – भाईदूज, चित्रगुप्त पूजन, यमुना स्नान ।

ज्योतिष शास्त्र, वास्तुशास्त्र, वैदिक अनुष्ठान व समस्त धार्मिक कार्यो के लिए संपर्क करें

**श्री रामकृष्ण ज्योतिष केन्द्र श्रीरामकृष्णज्योतिष अनुष्ठान केन्द्र संपर्क सूत्र – 7389695052, 8085152180**

# उच्च मुद्रास्फीति के बीच मंदी का साया

**डॉ. अजीत रानाडे**

सरकार और अन्य स्त्रोतों से हाल ही में कई डेटा पॉइंट सामने आए हैं जो अर्थव्यवस्था के धीमे होने यानी मंदी की ओर इशारा कर रहे हैं। यह तो आने वाला समय ही बताएगा कि यह चक्रीय (साइक्लिकल) मंदी है या नहीं। क्या यह एक पैटर्न है जो वैश्विक अर्थव्यवस्था मंदी के साथ जुड़ा है, तो हमें इसे जांचना होगा रू और अगर यह चक्रीय यानी अस्थायी है तो छह महीने बाद अर्थव्यवस्था में उठाव होना चाहिए। फिर भी त्योहारी सीजन के दौरान अर्थव्यवस्था का धीमा पड़ना, भले ही चक्रीय रूप से हो, चिंता की बात है। कैलेंडर वर्ष की अंतिम तिमाही में त्योहारी उत्साह और उपभोक्ता खर्च के कारण आमतौर पर उपभोक्ता उत्साह और आशावाद से अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलता है लेकिन ऐसा लगता है कि इस समय यह गायब है। सबसे पहले डेटा बिंदु पर विचार करें! ये औद्योगिक उत्पादन, निर्यात, कर संग्रह विशेष रूप से माल और सेवा कर (जीएसटी) से होते हैं। ये सभी आंकड़े सरकार के हैं। फिर भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़े और आकलन हैं। रिजर्व बैंक ने हाल ही में अपनी मौद्रिक नीति बैठक में ब्याज दरों में कटौती न करने का फैसला किया। आरबीआई आर्थिक मत जानने के लिए सर्वेक्षण आयोजित करता है और हर तिमाही इसकी रिपोर्ट देता है। यह सर्वेक्षण अर्थव्यवस्था के भविष्य के प्रक्षेपवक्र का संकेत देता है। अंत में निजी स्त्रोतों से डेटा है, जैसे कि खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) या कंपनियों के तिमाही परिणाम जो उनकी आय, लाभ और विकास की रिपोर्ट देते हैं। अगस्त में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) नीचे चला गया। विकास दर लगातार तीन महीने से नीचे जा रही थी। अगस्त की संख्या (नकारात्मक 0.1) लगभग दो वर्षों में सबसे कम है। यद्यपि आईआईपी को अस्थिर माना जाता है और यह कार्योत्तर परिवर्तनों और समायोजनों के अधीन है लेकिन इसकी प्रवृत्ति विशेष रूप से औद्योगिक उत्पादन में स्पष्ट रूप से मंदी दिखा रही है। बेमौसम बारिश से खनन गतिविधियों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है लेकिन औद्योगिक उत्पादन क्षेत्र में मंदी पर ध्यान दिया जाना चाहिए। त्योहारी मौसम में औद्योगिक उत्पादन क्षेत्र की वृद्धि को बढ़ावा देने वाले प्रमुख उद्योगों में से एक वाहन की बिक्री में सितंबर में 19 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसी से संबंधित मामला सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के तमिलनाडु कारखाने में दो महीने की हड़ताल है। यह कारखाना भारत में सैमसंग के बिक्री राजस्व का लगभग 20,000 करोड़ रुपये का योगदान देता है और भारत में विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। सितंबर में ही भारत में स्वीडिश वोल्वो ग्रुप के प्रबंध निदेशक ने भी आगाह किया था कि देश के औद्योगिक उत्पादन क्षेत्र में टिकाऊ तथा उच्च जीडीपी विकास को चलाने के लिए पर्याप्त रूप से सुधार करना होगा। औद्योगिक उत्पादन क्षेत्र का हिस्सा सकल घरेलू उत्पाद के लगभग 16 प्रश पर अटका हुआ है एवं श्मेक इन इंडिया्य जैसी मजबूत पहल के बावजूद बहुत अधिक नहीं बढ़ा है। विदेशी कंपनियों को चीन से दूर स्थानांतरित करने या कम से कम कई पश्चिमी कंपनियों के लिए चीन से दूर विविधीकरण करने के लिए भारत उन्हें आकर्षित करने वाला था लेकिन यह अभी तक बड़े पैमाने पर नहीं हुआ है। सेमीकंडक्टर कॉम्प्लेक्स स्थापित करने की बड़ी योजनाएं, साथ ही ग्रीन हाइड्रोजन और इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए पहल के मामले में भारत की महत्वाकांक्षा बहुत बड़ी है लेकिन जमीनी स्तर पर वास्तविक प्रगति से बहुत कम हैं। औद्योगिक उत्पादन क्षेत्र के विकास के लिए जो एक अन्य पहलू महत्वपूर्ण है, वह है कौशल की कमी ।इस साल के आरंभ में ताइवान के विदेश मंत्री ने चेतावनी दी थी कि अगर भारत चिप बनाने और सेमीकंडक्टर निर्माण में निवेश आकर्षित करना चाहता है तो वह कुशल इंजीनियरों की कमी को दूर करे। ताइवान इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में भारत की मदद करने का इच्छुक है लेकिन वह चाहता है कि भारत बुनियादी ढांचे और उच्च आयात शुल्क जैसी अन्य बाधाओं को दूर करे। विडंबना यह है कि भारत में विनिर्माण के लिए आवश्यक कौशल की कमी है। 25 से 30 आयु वर्ग के लगभग 30 प्रतिशत कॉलेज स्नातक बेरोजगार हैं। इसका मतलब यह है कि महाविद्यालयीन शिक्षा उन्हें उद्योग के लिए तैयार या रोजगार योग्य नहीं बना रही है। यह शिक्षा पाठ्यक्रम की स्थिति और युवाओं को काम के लिए तैयार करने में शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका पर एक गंभीर टिप्पणी है। आवश्यक कौशल की इस कमी को ऑटो, ऑटो एंसिलरी, कपड़ा और खनन सहित विभिन्न क्षेत्रों में महसूस किया जाता है। अगस्त में वस्तुओं का निर्यात घटकर 34 अरब 70 करोड़ डॉलर रह गया जिसके कारण व्यापार घाटा बढ़ गया। डॉलर के मुकाबले रुपया भी 84 से नीचे आ गया है जिससे घाटे और मुद्रास्फीति को लेकर चिंता पैदा हो गई है। सितंबर में परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स आठ महीने के निचले स्तर 56.5 पर था जबकि यह अगस्त में 57.5 था। भविष्य के नजरिये से यह कारखाने प्रबंधकों की तेजी का एक संकेतक है। जीएसटी में संग्रह की प्रवृत्ति भी धीमी अर्थव्यवस्था की ओर इशारा करती है। सितंबर में जीएसटी संग्रह 1.73 लाख करोड़ रहा जो अगस्त के 1.75 लाख करोड़ की तुलना में कम है। सितंबर का कलेक्शन पिछले साल की तुलना में मुश्किल से 6.5 फीसदी ज्यादा रहा। शुद्ध रिफंड संग्रह सितंबर में 1.53 लाख करोड़ रहा जो एक साल पहले की तुलना में सिर्फ3.9 प्रति सैकड़ा ज्यादा है। चूंकि जीएसटी एक लेन-देन कर है इसलिए यह नाममात्र जीडीपी की वृद्धि के साथ तालमेल रखता है जो मुद्रास्फीति और मात्रा वृद्धि के कारण लगभग 10 फीसदी या उससे अधिक बढ़ रहा है। अगर जीएसटी नॉमिनल जीडीपी की तुलना में धीमी गति से बढ़ रहा है तो निश्चित रूप से यह चिंता का संकेत है। इस चिंता को बढ़ाने वाली खबर यह है कि जीएसटी परिषद जीएसटी दरों में बढ़ोतरी पर विचार कर सकती है ताकि यदि मुआवजा उपकर (कंपन्शेसन सेस) को हटा दिया जाए तो उससे उत्पन्न होने वाली कमी को पूरा किया जा सके। इन सभी वर्षों में यह उपकर राज्य सरकारों को भुगतान करने के लिए लगाया गया है ताकि राज्यों को बिक्री कर लगाने के अधिकार के आत्मसमर्पण के कारण उनके अनुमानित नुकसान की भरपाई की जा सके। इस प्रकार विभिन्न तिमाहियों से प्राप्त संकेतक अर्थव्यवस्था के धीमे होने के हैं। यहां तक कि औद्योगिक क्षेत्र में रोजगार भी कार्यबल के 12 से 11 फीसदी तक नीचे चला गया जबकि कृषि क्षेत्र में रोजगार 2018-19 में 43 प्रश से बढ़कर अब 46 फीसदी हो गया है यानी 6.8 करोड़ श्रमिकों की वृद्धि हुई है। लेकिन कृषि और ग्रामीण क्षेत्रों में वापस जाने वाले श्रमिकों का मतलब है कि वे औद्योगिक उत्पादन क्षेत्र तथा सेवाओं की तुलना में कम मजदूरी एवं कम उत्पादकता वाली नौकरियों में जा रहे हैं। इसका अर्थ कम क्रय शक्ति और इसलिए कम उपभोक्ता खर्च हो सकता है। हमें उपभोक्ता खर्च के साथ-साथ घरेलू आय में वृद्धि के लिए औद्योगिक उत्पादन क्षेत्र में रोजगार में तेजी से वृद्धि करने की आवश्यकता है। यह अभी भी सच है कि चीन सहित अधिकांश अन्य बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। लेकिन ध्यान रखने वाली बात यह है कि संयुक्त राज्य अमेरिका 3 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है जो भारत के 30 प्रतिशत की दर से बढ़ने के समान है क्योंकि संयुक्त राज्य अमेरिका भारत से दस गुना बड़ा है और संयुक्त राज्य अमेरिका अभी तक मंदी का सामना नहीं कर रहा है। इसलिए, भारत की मंदी के लिए वैश्विक घटना के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। इसके अलावा हमें यूक्रेन एवं मध्य पूर्व में युद्धों के प्रभाव तथा तेल की बढ़ती कीमतों व मुद्रास्फीति के बारे में भी चिंता करने की आवश्यकता है। यहां तक कि आरबीआई ने जिसे आर्थिक विकास को गति देने के लिए ब्याज दरों में कमी करनी चाहिए थी, उसने भी मुद्रास्फीति की चिंता के कारण ब्याज दरें नहीं घटाईं। अगले छह महीने अर्थव्यवस्था के लिए चुनौतीपूर्ण दिखते हैं क्योंकि ये धीमी अर्थव्यवस्था और अभी भी उच्च मुद्रास्फीति की दोहरी चुनौतियों के बीच मार्ग दर्शन करने वाले हैं।

# संविधान बचाने की लड़ाई क्या जीत पाएंगे राहुल

**प्रो. रविकांत**

साल 2024 राजनीतिक दृष्टिकोण से अति महत्वपूर्ण है। इस साल 18वीं लोकसभा का चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव नतीजों ने एक बात पर मजबूती से मुहर लगाई है कि संविधान बदलने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लोकसभा चुनाव से लेकर हरियाणा, जम्मू-कश्मीर और झारखंड, महाराष्ट्र में भी विपक्षी इंडिया गठबंधन और खासकर राहुल गांधी लगातार संविधान के मुद्दे पर मुखर हैं। राहुल गांधी संविधान पर अब एक नया विमर्श खड़ा कर रहे हैं। राहुल गांधी द्वारा संविधान सम्मान सम्मेलन की पिछली दो सभाओं के भाषणों पर गौर करें तो एक बात स्पष्ट नजर आती है कि संविधान में निहित ऐतिहासिक विरासत, पूर्व धारणाओं तथा मूल्यों पर वह जोर दे रहे हैं। कोल्हापुर,महाराष्ट्र (5 अक्टूबर) की सभा में उन्होंने छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के अनावरण के अवसर पर संविधान की रक्षा की बात कहते हुए उसमें निहित मूल्यों और परिवर्तनवादी अतीत का जिक्र किया। ब्राह्मणवादी शक्तियों द्वारा किये गए छत्रपति शिवाजी महाराज के अपमान की याद दिलाते हुए राहुल गांधी ने कहा कि जिस विचार ने उनका राज्याभिषेक नहीं होने दिया, उसी विचार के लोग आज सत्ता में हैं। सत्ताधारियों ने नई संसद और राम मंदिर के उद्घाटन में आदिवासी राष्ट्रपति को नहीं बुलाकर उनका अपमान किया। राहुल गांधी ने अपने भाषण में शाहूजी महाराज, ज्योतिबा फुले और डॉ. अंबेडकर को भी याद किया। समता, स्वतंत्रता और न्याय के संघर्ष में मराठी संत तुकाराम, बसवन्ना, गुरु नानक और सामाजिक क्रांतिधर्मी ज्योतिबा फुले और डॉ. अंबेडकर का चिंतन भारत के संविधान में निहित है। यही बात राहुल गांधी ने झारखंड की राजधानी रांची के संविधान सम्मान सम्मेलन (19 अक्टूबर) में दोहराई। पूछा जा सकता है कि राहुल गांधी बार-बार इन बातों को क्यों दोहरा रहे हैं? 13 दिसम्बर 1946 को देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा प्रस्तुत उद्देश्य प्रस्ताव से शुरू हुआ संविधान



निर्माण 25 नवंबर 1949 को पूरा हुआ। अगले दिन 26 नवम्बर को संविधान भारत के लोगों को आत्मार्पित (पारित) किया गया। स्वाधीनता आंदोलन के दौरान 26 जनवरी 1930 को पूर्ण स्वराज की आधिकारिक घोषणा को लागू करते हुए पहला स्वाधीनता दिवस मनाया गया था। इस तारीख को यादगार बनाने के लिए संविधान को 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया। लेकिन राहुल गांधी संविधान निर्माण की तीन साल की काल अवधि को भारत की विशाल परंपरा से जोड़ रहे हैं। रांची में उन्होंने भगवान बुद्ध को याद करते हुए उनके मूल्यों को संविधान से संबद्ध किया। आखिर क्या कारण है कि राहुल गांधी संविधान की यात्रा को तथागत बुद्ध तक लेकर जा रहे हैं? आमतौर पर संविधान को 1857 से लेकर 1947 के बीच 90 साल तक चले स्वाधीनता आंदोलन और विचार-चिंतन का परिणाम माना जाता है। कांग्रेस के विभिन्न अधिवेशनों में पारित प्रस्ताव और अंग्रेजी सरकार द्वारा लागू गए नियम तथा अनेक देशों के महत्वपूर्ण प्रावधानों को संविधान में शामिल किया गया। गौरतलब है कि संविधान पारित होने के तीन दिन बाद ही (30 नवम्बर, 1949) आरएसएस ने संविधान पर हमला बोलते हुए अपने मुखपत्र श्आर्गेनाइजर्य में लिखा था कि श्भारतीय संविधान औपनिवेशिक दासता का प्रतीक है। इस पर विदेशी प्रभाव है ।्य आरएसएस के अनुसार संविधान में श्कुछ भी भारतीय नहीं है क्योंकि इसमें मनु की संहिताएं नहीं हैं ।्य आरएसएस को मनुस्मृति के आधार पर संविधान चाहिए था। इसलिए संघ ने बाबासाहब अम्बेडकर द्वारा लिखे गए संविधान को मानने से इनकार कर दिया। लंबे समय तक संघ संविधान का खुलकर विरोध करता रहा। लेकिन 1990 के दशक में उसने चुप्पी ओढ़ ली। फिर इसी संविधान के बल पर उसकी राजनीतिक शाखा भाजपा केंद्र की सत्ता में दाखिल हुई। दस साल से केंद्र में स्थापित होने के बाद 2024 के लोकसभा चुनाव के समय अधिकतर संघी पृष्ठभूमि वाले भाजपा के दर्जनों नेताओं ने संविधान बदलने के लिए 400 सीटें जीतने का ऐलान किया। हालांकि चुनाव में भाजपा के मनसूबे पूरे नहीं हुए। लेकिन यह खतरा अभी टला नहीं है। आरएसएस का अंतिम लक्ष्य डॉ.अंबेडकर के संविधान को हटाकर मनुवादी संविधान लागू करके भारत को हिंदू राष्ट्र बनाना है। धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद जैसे आधुनिक विचारों को संघ ही नहीं भाजपा के नेता भी विदेशी मानते हैं। भारतीयता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का नारा देने वाला संघ संविधान को गैर-भारतीय घोषित करना चाहता है। राहुल गांधी अपने भाषणों के जरिए लगातार एक विचार को मजबूत कर रहे हैं कि संविधान में निहित मूल्य भारतीय हैं। हमारा संविधान स्वतंत्रता, समानता और सम्मान की एक पूरी धारा का प्रतिनिधित्व करता है। गौरतलब है कि डॉ अंबेडकर ने अपनी चर्चित किताब श्क्रांति प्रति-क्रांत्यि में बुद्ध की परंपरा को क्रांतिधर्मी परंपरा कहा है। उनका मानना है कि वैदिक और हिंदुत्व की वर्णवादी व्यवस्था ने शूद्रों और अछूतों को समाज से बहिष्कृत किया। हिंदुत्व के विचार और व्यवस्था में सदियों तक शूद्रों और दलितों का दमन और शोषण किया जाता रहा। स्वयं डॉ अंबेडकर ने प्रारूप समिति के अध्यक्ष के तौर पर क्रांतिधर्मी और परिवर्तनवादी आधुनिक मूल्यों को संविधान में समाहित किया। राहुल गांधी ने रांची में बहुत मुखरता से संविधान के सामने संघ की मंशा मनुस्मृति का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष सिर्फतात्कालिक नहीं है बल्कि सदियों पुरानी लड़ाई है। मनुस्मृति के जरिए जो अमानवीयता और अन्याय की व्यवस्था खड़ी की गई थी, आज सत्ताधारी उसी व्यवस्था को देश के पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों और महिलाओं पर लादने की कोशिश कर रहे हैं। इस मानसिकता के नए शिकार अल्पसंख्यक हैं। मुसलमानों और ईसाइयों को दोयम दर्जे का नागरिक बनाना इसी व्यवस्था का हिस्सा है। राहुल गांधी ने इस बात को समझ लिया है कि केवल चुनावी राजनीति के जरिए इस लड़ाई को नहीं जीता जा सकता है। नरेंद्र मोदी के दस साल के शासन में खुलकर मनुस्मृति का महिमामंडन किया गया। कतिपय नेताओं और राजनीतिक महत्वाकांक्षी बाबाओं ने मनुस्मृति को लागू करने की मांग की। डॉ आंबेडकर के बाद भारत की राजनीति में संघियों की मंशा को मान्यवर कांशीराम ने बखूबी समझा था। उन्होंने राजनीति की एक नई भाषा विकसित की। कांशीराम जी द्वारा स्थापित बसपा की राजनीतिक सफलता की कहानी तो कही जाती है लेकिन उन्होंने जो भाषा और संगठन की शैली विकसित की, उसका विस्तार से विश्लेषण और मूल्यांकन होना अभी बाकी है। बाबासाहेब ने जातिगत शोषणकारी व्यवस्था को ब्राह्मणवाद कहा था। मान्यवर कांशीराम ने इसे मनुवाद की संज्ञा दी । अंबेडकर ने ब्राह्मणवादी व्यवस्था के लिए अंततरू तमाम हिंदू धर्मशास्त्रों को उत्तरदायी ठहराया। लेकिन सर्वाधिक खतरनाक मनुस्मृति की 25 दिसंबर 1927 को होली जलाई। मान्यवर कांशीराम ने मनुस्मृति पर आधारित ब्राह्मणवाद को मनुवाद कहा। उनका पूरा आंदोलन और संघर्ष इस मनुवादी व्यवस्था को मिटाने के लिए था। लेकिन उनके दिवंगत होने के बाद इस राजनीतिक आंदोलन को ब्रेक लग गया। इसके बाद प्रतिक्रियावादी और मनुवादी आरएसएस भाजपा के जरिए सत्ता के केंद्र तक पहुंच गया। आज मनुवादी व्यवस्था को पुनर्स्थापित करने के लिए संघ बेचैन है। चुनावी लोकतंत्र में सीधे तौर पर संघ इस व्यवस्था को थोपने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है। इसलिए उसका मकसद पहले संविधान को हटाकर लोकतंत्र को बेमानी बना देना और उसके बाद हिन्दू राष्ट्र की स्थापना करना है।

# धर्मनिरपेक्षता पर सुप्रीम कोर्ट के फैसलों के निहितार्थ

सुप्रीम कोर्ट ने अपने दो हालिया फैसलों में धर्मनिरपेक्षता की विस्तृत व्याख्या करते हुए इसे और मजबूती दी है। असल में धर्मनिरपेक्षता को लेकर संविधान-निर्माताओं का मुख्य उद्देश्य धार्मिक सहिष्णुता, समानता एवं बंधुत्व भाव से था, लेकिन बाद में यह शब्द भ्रामक हो गया और इसने धर्म के अस्तित्व को ही नकार दिया। राजनेताओं ने अपने-अपने हितों को साधने के लिये इस धर्मनिरपेक्षता शब्द के वास्तविक अर्थ एवं भावना को ही धुंधला दिया। सर्वोच्च अदालत ने बीते सोमवार को संविधान के 42वें संशोधन को चुनौती देने वाली याचिकाओं के बाबत धर्मनिरपेक्षता को भारतीय संविधान की आधारभूत संरचना का हिस्सा बताया और स्पष्ट संकेत दिया है कि धर्मनिरपेक्षता को पश्चिमी देशों से आयातित शब्द के नजरिये से देखने के बजाय भारतीय संविधान की आत्मा के रूप में देखना चाहिए। धर्मनिरपेक्षता को भारतीय संविधान की मूल विशेषता बताते हुए कोर्ट ने कहा कि संविधान में वर्णित समानता व बंधुत्व शब्द इसी भावना के आलोक में वर्णित हैं। साथ ही धर्मनिरपेक्षता को भारतीय लोकतंत्र की अपरिहार्य विशेषता बताते हुए कहा कि यह समाज में व्यापक दृष्टि वाली उदार सोच को विकसित करने में सहायक है। जिसके बिना स्वस्थ लोकतंत्र की कल्पना नहीं की जा सकती है। जो राष्ट्रीय एकता का भी आवश्यक अंग है। ध्यातव्य है कि 42वें संविधान संशोधन के बाद भारतीय संविधान की प्रस्तावना में 'पंथनिरपेक्ष' शब्द जोड़ा गया, लेकिन 'पन्थनिरपेक्ष' शब्द का प्रयोग भारतीय संविधान के किसी अन्य भाग में नहीं किया गया है। वैसे संविधान में कई ऐसे अनुच्छेद मौजूद हैं जिनके आधार पर भारत को एक धर्मनिरपेक्ष राज्य कहा जाता है क्योंकि भारत का संविधान देश के नागरिकों को यह विश्वास दिलाता है कि उनके साथ धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जायेगा। संविधान में भारतीय राज्य का कोई धर्म घोषित नहीं किया गया है और न ही किसी खास धर्म का समर्थन किया गया है। इसका कारण भारत में अनेकों धर्म और सम्प्रदाय प्रचलित हैं। अतः संविधान निर्माताओं ने इसको धर्मनिरपेक्ष देश के रूप में स्वीकार किया। भारतीय समाज का बहुधर्मी व विभिन्न संस्कृतियों का गुलदस्ता होना भी इसकी अपरिहार्यता को दर्शाता है। निश्चित रूप से अदालत ने इस मुद्दे पर अपनी राजनीतिक सुविधा के लिये तल्खी दिखाने वाले नेताओं को भी आईना दिखाया है। पूर्व राष्ट्रपति डा. एस. राधाकृष्णन् ने धर्म निरपेक्षता शब्द के व्यापक हार्द को स्पष्ट करते हुए कहा था- 'धर्मनिरपेक्ष होने का अर्थ अधर्मी होना अथवा संकुचित धार्मिकता पर चलना नहीं होता, वरन इसका अर्थ पूर्णतः आध्यात्मिक होना होता है। निरपेक्ष का अर्थ है कि राष्ट्र की ओर से किसी धर्म विशेष का प्रचार-प्रसार नहीं किया जाएगा। सब धर्मों के प्रति समानता का व्यवहार किया जाएगा।' भारत के लोकतंत्र एवं संविधान की यही विशेषता है कि इसमें किसी एक धर्म को मान्यता न देकर सभी धर्मों को समान नजर से देखा जाता है। आजकल धर्मनिरपेक्षता को लेकर चलने वाली बहसें अक्सर जिस तरह का तीखा रूप ले लेती हैं, उसके मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट के अलग-अलग इन दो फैसलों में इसकी अहमियत रेखांकित हुई है। एक मामले में सर्वोच्च अदालत ने धर्मनिरपेक्षता को संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा करार दिया तो दूसरे मामले में इसकी संकीर्ण व्याख्या से उपजी गड़बड़ियां दुरुस्त कीं। दूसरा मामला इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 को रद्द किए जाने से जुड़ा था, जिसे मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने गलत करार दिया। हाईकोर्ट ने इस एक्ट को धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत के खिलाफमाना था। धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत की इस संकीर्ण व्याख्या के चलते प्रदेश के 13 हजार से ज्यादा मदरसों में पढ़ रहे 12 लाख से अधिक छात्रों के भविष्य पर अनिश्चितता के बादल मंडराने लगे थे। मगर सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जरूरत मदरसों को बैन करने की नहीं बल्कि उन्हें मुख्यधारा में शामिल करने की है। लेकिन यहां एक प्रश्न यह भी है कि क्या मदरसे मुख्यधारा में आने को तैयार है? क्या मदरसे एक धर्म-विशेष से जुड़ा मामला नहीं है? अदालत का यह मानना कि मदरसों पर रोक लगाने के बजाय उनके पाठ्यक्रम को वक्त की जरूरत और राष्ट्रीय सोच के अनुरूप ढाला जाना चाहिये, उचित एवं संविधान की मूल भावना के अनुरूप है। जिससे छात्रों की व्यापक दृष्टि विकसित हो सके। लेकिन क्या ऐसा संभव है? क्या मदरसे अपने पाठ्यक्रम को संकीर्ण दायरों से बाहर निकाल कर व्यापक परिवेश में नया रूप दे पायेंगे? ऐसा होता है तो अदालत की सोच से भारत की एकता एवं अखण्डता को नयी ऊर्जा मिलेगी। फिर तो अदालत का दो टूक कहना कि यदि किसी भी प्रकार से धर्मनिरपेक्षता की अवधारणा कमजोर पड़ती है तो अंततः इसका नुकसान समाज व देश को ही उठाना पड़ेगा, सही है। भारतीय समाज में सदियों से फल-फूल रही गंगा-जमुनी संस्कृति के पोषण देने के लिये सभी धर्मों एवं सम्प्रदायों को समानता से, बंधुत्व भावना से एवं उदारता से ही देखा जाना चाहिए। आज धर्म-निरपेक्षता शब्द को लेकर राजनेता एवं राजनीति दो भागों में बंटी हुई है। समाज भी दो भागों मे बंटा है। आजादी के समय एवं संविधान को निर्मित करते हुए अंग्रेजी के सेक्युलर शब्द का अर्थ धर्म करना भ्रामक हो गया। तब के इसी धर्म-निरपेक्ष शब्द के कारण आज विद्यालयों में धार्मिक शिक्षा नहीं दी जाती, जिसका परिणाम यही है कि आज विद्यार्थियों का सर्वांगीण व्यक्तित्व-निर्माण नहीं हो रहा है। मैंने अणुव्रत आन्दोलन के प्रवर्तक आचार्य तुलसी के साथ विभिन्न राजनेताओं, धर्मगुरुओं, साहित्यकारों, पत्रकारों की इस शब्द को लेकर चर्चाओं में सहभागिता की। व्यापक सोच वाले आचार्य तुलसी का विश्वास रहा कि हिन्दुस्तान सम्प्रदाय निरपेक्ष होकर अपनी एकता को बनाए रख सकता है किन्तु धर्महीन होकर एकता को सुरक्षित नहीं रख सकता। लोकतंत्रीय राष्ट्र पर किसी सम्प्रदाय अथवा पंथ का आधिपत्य हो तो वह अपने लोकतंत्रीय स्वरूप को सुरक्षित नहीं रख सकता। इसलिए लोकतंत्रीय राष्ट्र का सम्प्रदाय अथवा पंथ-निरपेक्ष होना अनिवार्य है। साम्प्रदायिक कट्टरता में सहिष्णुता नहीं होती है अतः राजनीति किसी सम्प्रदाय विशेष की अवधारणा से संचालित नहीं होनी चाहिए। इसलिये संविधान में धर्मनिरपेक्ष के स्थान पर सम्प्रदाय-निरपेक्ष, मजहब-निरपेक्ष अथवा पंथ-निरपेक्ष शब्द का प्रयोग होना चाहिए। सम्प्रदाय निरपेक्ष होने का तात्पर्य धर्मनिरपेक्ष, धर्महीन या धर्मविरोधी होना नहीं हैं।' इसी कारण धर्मनिरपेक्ष शब्द के कारण राजनैतिक दलों के अलग-अलग खेमे बन गए। इससे धर्म विशेष को लेकर पार्टी के द्वारा वोटों की राजनीति चलने लगी। इसीलिये आचार्य श्री तुलसी ने तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी और पी. वी. नरसिम्हाराव से इस संदर्भ में विस्तृत चर्चा करते हुए कहा- ''जब तक सेक्युलर शब्द का सही अर्थ नहीं होगा, आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों की समस्या नहीं सुलझ सकती। -**(एजेंसी)**

# तथागत ज्ञानस्थली सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दिवाली मेले का हुआ आयोजन

संवाददाता, अतर्रा बांदा। तथागत ज्ञानस्थली सीनियर सेकेंडरी स्कूलअतर्रा में सोमवार दिनांक 28.अक्टूबर को दिवाली मेले का आयोजन बड़े धूमधाम से मनाया गया । मेले में स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा अलग-अलग फूड स्टॉल लगाए गए और स्वनिर्मित स्वदेशी क्राफ्ट बनाकर सजाए गए जो लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा खास बात यह है कि इस बार मेले में मीना बाजार भी थी जो अभिभावकों ने खूब खरीददारी की और तंबोला गेम भी था जो बच्चों द्वारा खूब खेला गया। मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि वेद प्रकाश सी डी ओ ने किया तथा वहीं विशिष्ट अतिथि मे रविंद्र कुमार एसडीएम साहब, कमलेश कुमार तिवारी थाना प्रभारी अतर्रा मौजूद रहे । विद्यालय के चेयरमैन श्री शिव शरण कुशवाहा जी ने कहा कि इस तरह के आयोजनो से बच्चों में अपने पर्व ,संस्कृति और सभ्यता के बारे में जानने और समझने का मौका मिलता है साथ ही उसमें आपसी एकता और भाईचारा भी मजबूत होता है। मेले में संगीत का आयोजन हुआ जो विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया जो मनोरंजन का केंद्र रहा। विद्यालय में हाउस प्रतियोगिता हुई जिसमें प्रत्येक हाउस को अलग-अलग राज्यों की संस्कृति को दिखाना था जैसे शिवाजी हाउस को राजस्थान और टैगोर हाउस को तमिलनाडु अशोका हाउस को जम्मू कश्मीर और रमन हाउस को मणिपुर दिया गया था। जिसमें रमन हाउस प्रथम स्थान, टैगोर हाउस द्वितीय स्थान, शिवाजी और टैगोर हाउस तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं हाउस वाइस रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जो बच्चों द्वारा बढ़-चढ़ के भाग लिया गया। जिसमें अशोका हाउस प्रथम स्थान, रमन हाउस द्वितीय स्थान, शिवाजी हाउस तृतीय स्थान और टैगोर हाउस चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में बच्चों द्वारा अलग-अलग हाउस में गेम तैयार किए थे। जो बच्चों और अभिभवकों द्वारा खूब खेला गया गेम प्रतियोगिता में शिवाजी हाउस और अशोक हाउस प्रथम स्थान, टैगोर हाउस द्वितीय स्थान, रमन हाउस तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्वेता श्रीवास्तव ने आए हुए मेले में सभी का स्वागत और अभिनन्दन किया। तथा अंत में अभिभावकों, छात्रों एवं आगंतुकों को धनतेरस, दीपावली भैया दूज की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस मौके पर हमारे विद्यालय की एमडी किरण कुशवाहा , आर के वर्मा राम लखन कुशवाहा, डॉक्टर सी पी कुशवाहा मौजूद रहे।




# लखीमपुर में यादगार रहा कुलहिन्द मुशायरा

संवाददाता, लखीमपुर खीरी। सांस्कृतिक मंच पर शनिवार की रात कुल हिन्द मुशायरा, लोगो के दिलों पर अपनी छाप छोड़ गया।देश के कोने-कोने से आए नामचीन शायरों के साथ जिले के शायरों ने भी अपने कलाम पेश किए। मुशायरे के मुख्य आकर्षण वासिफ फारुकी हसन काजमी डॉ अना,कासिम फीरोजाबाद, सबा बलरामपुरी, मारूफरायबरेली,जैसे शायरों ने रात भर सामयीन को बांधे रखा।




तीन बजे, तक चले इस मुशायरे में सुल्तान अपनी फरमाइशी गजलें भी शायरों से सुनी।मुशायरे की शुरुआत कांग्रेस सरकार में गृह मंत्री रह चुके पूर्व सांसद जफर अली नकवी व विशिष्ट अतिथि आशीष अनल व नगर पालिका अध्यक्ष इरा श्रीवास्तव नें दीप प्रज्वलन करके की।इस मौके पर जहां अध्यक्षता कर रहे, जफर अली नकवी ने मुशायरे को कौमी एकता का सबसे बड़ा माध्यम बताया, वहीं मुख्य अतिथि पूर्व सांसद जफर अली नकवी को नगर पालिका अध्यक्ष डा.इरा श्रीवास्तव ने प्रतीक चिन्ह व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष ईरा श्रीवास्तव ने कहा कि मुशायरों की महफिल में गंगा जमुनी तहजीब देखने को मिलती हैं।मुल्क में सभी धर्मों का सम्मान होना चाहिए।

यह किए गए सम्मानित

राम मोहन गुप्त के संचालन में समाज सेवा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले डॉ पीके गुप्ता,सेवा भारती के जिला अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल योगेश जोशी शिमाब अहमद ष्चांद मियांष, दीपक खरे महामंत्री हनुमान जन्मोत्सव आयोजन समिति, प्रकाश गुप्ता संदीप गुप्ता दीपक गुप्ता को भी सम्मानित किया गया। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डा.इरा श्रीवास्तव,ईओ संजय कुमार व मेला अधिकारी अमरदीप मौर्य, मुरारी लाल सूर्यवंशी मनोज राज, श्वेता शर्मा, पिंकी देवी,राकेश, अनूप शुक्ला, शफीक अहमद, महबूब अली, सिराज, बजरंग शर्मा विनोद गौतम समेत कई लोग मौजूद रहे।

# बीमारियों ने पसारे पांव मरीजों की चारपाइयां बिछी गांव-गांव

संवाददाता, बिधूना औरैया। दिन में भीषण गर्मी और उमस और रात ठंडक के चलते संक्रामक बीमारियों ने तेजी से पांव पसारना शुरू कर दिया है। आलम यह है कि विभिन्न बीमारियों से पीड़ित मरीजों की बिधूना तहसील क्षेत्र के सरकारी व प्राइवेट अस्पतालों में भारी भीड़ जमा हो रही है साथ ही बीमारियां बढ़ने का फायदा उठाकर नीम हकीम झोलाछाप चिकित्सक भी मरीजों के शोषण में तेजी से सक्रिय हो गए हैं। पिछले लगभग एक पखवारे से अचानक मौसम का मिजाज बदलने और दिन के समय तापमान में काफी वृद्धि होने के साथ भीषण गर्मी और उमश बढ़ने तथा रात्रि में ठंडक होने बदले मौसम की मिजाज के साथ ही मच्छरों का भी प्रकोप जोरों पर बढ़ गया है जिससे बुखार मलेरिया वायरल फीवर टाइफाइड प्लेटरेट्स का गिरना खांसी जुकाम फ्लू डायरिया उल्टी दस्त आई फ्लू जैसी बीमारियों का भीषण प्रकोप हो जाने से हालत यह है कि घर-घर गांव गांव उपरोक्त बीमारियों से पीड़ित मरीजों की चारपाइयां बिछी हुई नजर आ रही है। बीमारियां बढ़ने के चलते हालत यह है कि बिधूना तहसील क्षेत्र के सरकारी अस्पतालों के साथ प्राइवेट अस्पतालों में भी मरीजों की भारी भीड़ जुटती दिख रही है। मौसम का मिजाज बदलने से जोरों पर फैली बीमारियों का फायदा उठाकर क्षेत्र में नीम हकीम अप्रशिक्षित झोलाछाप डॉक्टर भी उपचार कर मरीजों का मनमाने तरीके से शोषण करने में सक्रिय हो गए हैं। ऐसा नहीं है कि तेजी से बढ़ी इन बीमारियों के संबंध में चिकित्सा विभाग को इसकी जानकारी नहीं है ।

# उपज बढ़ाओ अभियान के अंतर्गत इनामी योजना के बारे में दी गई जानकारी

संवाददाता, पसगवां खीरी । डीसीएम श्रीराम ग्रुप की चीनी मिल अजबापुर के ग्राम कमलापुर में उपज बढ़ाओ अभियान के अंतर्गत छंगा सिंह के हाई शील्ड के प्लॉट पर फील्ड डे का आयोजन किया गया। जिसमें बरिष्ठ गन्ना वैज्ञानिक डा.वी. डी.सिंह,डी.जी.एम.ए. सिद्दीकी तथा जोनल अधिकारी आदित्य प्रताप सिंह, क्षेत्र सुपरवाइजर पंकज यादव के द्वारा किसानों को अधिक उपज लेने के टिप्स दिए गए तथा चीनी मिल द्वारा चलाई जा रही उपज बढ़ाओ अभियान के अंतर्गत इनामी योजना के बारे में बताया गया। इस मौके पर नीरज उज्ज्वल जोनल अधिकारी, फील्ड स्टाफप्रमोद कुमार, कप्तान सिंह, दिनेश, ओमप्रकाश, राजेश कुमार समेत भारी संख्या में किसान मौजूद रहे। तथा सभी ने संकल्प लिया कि हम सब अपने यहां गन्ने की उपज बढ़ाएंगे एवं अधिक उत्पादन प्राप्त केरेंगे।



# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बांदा की मासिक बैठक हुई संपन्न

संवाददाता

बांदा। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जनपद बांदा के समस्त जिला एवं ब्लॉक स्तरीय पदाधिकारियो की मासिक बैठक नटराज म्यूजिक महाविद्यालय बांदा में संपन्न हुई । जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने बताया की संगठन के बड़ोखर खुर्द ब्लॉक अध्यक्ष जसवंत सिंह परिहार द्वारा दिनांक 23 सितम्बर 2024 को अपने व्यक्तिगत पारिवारिक कारणों से ब्लॉक अध्यक्ष के दायित्वों को निभाने में असमर्थता जताते हुए ब्लॉक अध्यक्ष पद से त्यागपत्र भेजा गया था। जिसको जिला कमेटी ने सर्वसम्मति से स्वीकार करने का निर्णय लिया। जिला उपाध्यक्ष विनोद कुमार शिवहरे को बड़ोखर ब्लॉक अध्यक्ष पद का अतिरिक्त प्रभार दिया गया। जिला प्रचार मंत्री डीके सिंह पटेल द्वारा बिना किसी सूचना के प्रोटॉन नामक संगठन में जिला अध्यक्ष का पद धारण किए जाने को अनुशासनहीनता मानते हुए उनको किसी एक संगठन में कार्य करने हेतु निर्णय लेने के लिए कहा गया। लगातार संगठन की बैठकों, कार्यक्रमों से अनुपस्थित चल रहे समस्त जिला स्तरीय पदाधिकारियो को नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगने का निर्णय लिया गया। प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को जिला स्तरीय बैठक हेतु निर्धारित किया गया। समस्त ब्लॉक अध्यक्ष एवं मंत्रियों से जनपद स्तरीय समस्याओं को एकत्रित किया गया। जिनके निस्तारण हेतु शीघ्र ही जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय को पत्र देने का निर्णय लिया गया। आगामी नवम्बर माह में संपन्न होने वाली ब्लॉक एवं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए योग्य बच्चों को प्रतिभाग कराने की योजना बनाई गई। बैठक में समस्त जिला पदाधिकारी, सहित ब्लॉक अध्यक्ष, महामंत्री एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# बिधूना में 108 कुंडीय मृत्युंजय मां पीतांबरा महायज्ञ की तैयारी पूरी

संवाददाता, बिधूना औरैया। बिधूना के वन खंडेश्वर मंदिर परिसर में 4 नवंबर से 12 नवंबर तक 108 कुंडीय मृत्युंजय मां पीतांबरा महायज्ञ आयोजित होगा। मृत्युंजय मां पीतांबरा 108 कुंडीय महायज्ञ की तैयारी पूरी हो चुकी है। यज्ञ वेदी के लिए विशाल भव्य पंडाल बनाया गया है और यह महायज्ञ स्वामी रामदास जी महाराज के दिशा निर्देशन में होगा। मृत्युंजय मां पीतांबरा महायज्ञ के अगुआ स्वामी रामदास जी महाराज ने बताया है कि 4 नवंबर से शुरू होने वाले मृत्युंजय मां पीतांबरा महायज्ञ के शुभारंभ पर भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली जाएगी और यह महायज्ञ 12 नवंबर को शाम पूर्णाहुति के बाद संपन्न होगा और 13 नवंबर को 2 बजे से विशाल भंडारा आयोजित होगा। स्वामी रामदास जी महाराज ने बताया है कि महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन देश के सुविख्यात महान संतों द्वारा कथा व प्रवचन भी किए जाएंगे। महायज्ञ की तैयारी के क्रम में ट्रकों से हवन सामग्री भरकर आ रही है वहीं देश के संतों का भी आगमन अभी से शुरू हो गया है कथा प्रवचन में श्रद्धालुओं के बैठने के लिए भव्य पंडाल भी सजाए जा रहे हैं। इस महायज्ञ की सफलता के लिए समूचे बिधूना क्षेत्र के लोग प्राण प्रण से सहयोग में जुटे नजर आ रहे हैं। उप जिलाधिकारी बिधूना निखिल राजपूत सीओ भरत पासवान व कोतवाल महेंद्र सिंह द्वारा भी महायज्ञ में सुरक्षा संबंधी मामलों की जांच परख के लिए मौके पर जाकर पड़ताल भी की जा चुकी है।

# छठ पूजा की तैयारियों का अधिकारियों के साथ नगर पालिका अध्यक्ष ने किया स्थलीय निरीक्षण

संवाददाता

गोला गोकर्णनाथ खीरी। छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ में छठ पूजा का पर्व पवित्र तीर्थ स्थल पर दीपावली के बाद षष्ठी तिथि को मनाया जाता है।सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, उपजिलाधिकारी विनोद कुमार गुप्ता, शहर कोतवाल चन्द्रशेखर सिंह,खाद्य एवं सफाई निरीक्षक संदीप वर्मा ने तीर्थ स्थल का निरीक्षण किया। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने तीर्थ की जल निकासी कराकर पुन: स्वच्छ जल भरने के साथ साफ-सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उपजिलाधिकारी विनोद कुमार गुप्ता ने पर्यटन विभाग के अधिकारियों से बात कर तीर्थ स्थल को व्यवस्थित करने को कहा। निरीक्षण के समय खाद्य एवं सफाई निरीक्षक संदीप वर्मा, मोहित अवस्थी, रविन्द्र कटियार, गौरव ज्ञान त्रिपाठी, लवकुश अवस्थी सहित पालिका कर्मी मौजूद रहे।



# आईटीआई के मेधावियों को प्रशस्ति पत्र व मेडल किये प्रदान

संवाददाता

ललितपुर। एनसीवीटी भारत सरकार द्वारा अखिल भारतीय व्यावसायिक परीक्षा अगस्त 2024 में उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थियों को सम्मानित करने हेतु राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में दीक्षान्त समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन में विधायक रामरतन कुशवाहा द्वारा सर्वप्रथम विश्वकर्मा भगवान के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया गया।

कार्यक्रम में आईटीआई ललितपुर, महरौनी एवं तालबेहट के सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले प्रशिक्षार्थियों को प्रशस्ति पत्र, अंक पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। आईटीआई ललितपुर के व्यवसाय- इलैक्ट्रीशियन पावर डिस्ट्रीव्यूशन में प्राशी चौरसिया, फिटर में अराधना एवं इलैक्ट्रोनिक्स मैकेनिक में विशाल झां, आईटीआई महरौनी के व्यवसाय- इलैक्ट्रीशियन में मोहन लाल, मशीनिष्ट में यशवीर सिंह, ड्रेस मेकिंग में भारती, आईटीआई तालबेहट के व्यवसाय-कोपा में रूपेश झां, कॉस्मेटोलॉजी में शिवी झां एवं मैकेनिक डीजल में महेन्द्र कुशवाहा के साथ समस्त प्रशिक्षार्थी सम्मिलित हुये। विधायक रामरतन कुशवाहा ने महिला सशक्तिकरण में सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों एवं महिला जागरूकता तथा तकनीकि शिक्षा प्राप्त कर स्वंय के कौशल से अपने भविष्य को कैसे उज्जवल कर सकते है। साथ ही साथ सरकार के विभिन्न योजनों से प्रशिक्षार्थियों को अवगत कराया। इसी क्रम में आईटीआई नोडल प्रधानाचार्य विवेक कुमार तिवारी ने प्रधानमंत्री की भाषण में दिये गये वक्तव्य आईआईटी नहीं आईटीआई की देश में सभी को प्रशिक्षित होने की आवश्यकता है जिससे की देश तकनीकि रूप से विकास कर सके। इस दौरान कार्यदेशक अनूप कुमार नामदेव, चन्द्रभान प्रजापति, गितेश्वर कुमार साव, प्रमोद कुमार तिवारी, रामेश्वर, नीरजवाला, उर्मिला कुशवाहा, बबीता सिंगरया, मिथिलेश राज, विनोद कुमार पटेल, धर्मेन्द्र कुमार शर्मा एवं संस्थान के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।



## थाना फूलबेहड़ द्वारा 01 नफर अभियुक्त को अन्तर्गत धारा 60 आबकारी अधि0 के अन्तर्गत गिरफ्तार किया गया

संवाददाता, लखीमपुर खीरी। श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी द्वारा चलाये जा रहे चौकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वांछितध्वारण्टी व अवैध शराब निष्कर्षण अपराधी गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक महोदय व श्रीमान क्षेत्राधिकारी धौरहरा महोदय के कुशल मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक श्री आलोक कुमार धीमान के निर्देशन में उ0नि0 श्री सुनील कुमार सिंह मय हमराही के ग्राम तेतारपुर पूरब से 01 नफर अभियुक्त को करीब 10 ली0 अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध 479/2024 धारा 60 आबकारी अधि0 में अभियोग पंजीकृत करते हुए । आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## प्रदेश महामंत्री रामेंद्र श्रीवास्तव ने कर्मियों के आवास पहुंच कर व्यक्त कीं शोक संवेदनायें

संवाददाता, ललितपुर। रविवार को उत्तर प्रदेश पंचायती राज्य ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री रामेन्द्र श्रीवास्तव का जनपद ललितपुर आगमन हुआ जिसमें ब्लाक तालबेहट के ब्लाक अध्यक्ष राजेश कुमार के साथ तालबेहट के साथी कर्मचारियों द्वारा सर्वप्रथम तालबेहट में स्वागत हुआ। तत्पश्चात सुबह 11 बजे गजेन्द्र सिंह कोषाध्यक्ष (राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद) के आवास पहुंचकर मुलाकात की एवं दोपहर 12 बजे जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय पहुंचकर जिला पंचायत राज अधिकारी नवीन कुमार से शिष्टाचार भेंट हुई। दोपहर 1 बजे मंगल सिंह मंडल महामंत्री के आवास पहुंचकर उनके श्रद्धेय पिताजी की आकस्मिक देहांत होने पर शोकाकुल परिवार से भेंट की। दोपहर 2.30 बजे विकास खंड जखौरा की रेखा के आवास पहुंचकर कर उनकी पुत्री की आकस्मिक मृत्यु पर दुरूख की घड़ी में शोकाकुल परिवार से भेंट कर्मचारी शोक संवेदनाएं व्यक्त की। अपराह्न 3 बजे जिलाध्यक्ष विवेक सिंह के आवास पर पहुंच कर श्रद्धांजलि में शामिल होकर शोकाकुल परिवार से भेंट करते हुए शोक संवेदना व्यक्त की। प्रदेश महामंत्री रामेंद्र श्रीवास्तव के साथ चंद्रशेखर आजाद मंडल महामंत्री व अटेवा के जिला महामंत्री रामेंद्र यादव भी झांसी से साथ में रहे। जनपद ललितपुर से प्रदीप सोनी, जिला महामंत्री जे.पी. कुशवाहा, मंगल सिंह पटेल, संगठन मंत्री अरविन्द कुमार, ओमप्रकाश, गजेन्द्र सिंह, राजेन्द्र कुशवाहा, रामप्रसाद कुशवाहा, भारतीय किसान यूनियन के लाखन सिंह पटेल आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## एसपी ने कोतवाली का किया आकस्मिक निरीक्षण, दिये निर्देश

संवाददाता, ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने रविवार की देर शाम थाना कोतवाली का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, कार्यालय, हवालात आदि का निरीक्षण करते हुये सम्पूर्ण थाना परिसर में समुचित लाइट का प्रबन्ध करना एवं कार्यालय को स्वच्छ रखने हेतु निर्देशित किया गया। थाना कार्यालय के रजिस्टरों को चेक कर व्यवस्थित रख-रखाव हेतु निर्देश दिये गये। मुकदमों से संबंधित मालो का विधिक निस्तारण एवं सही रख-रखाव, हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। थाना पर लम्बित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी, अवैध शराब, मादक पदार्थों, पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। आगामी त्यौहार धनतेरस, दीपावली आदि के दौरान बाजार में अत्यधिक भीड़-भाड़ होने के दृष्टिगत थाना प्रभारी कोतवाली ललितपुर को निरंतर बाजार में भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। थाना पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को थाना प्रभारी द्वारा स्वयं सुनकर शत-प्रतिशत निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। थाना पर लंम्वित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व वांछितध्वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी, अवैध शराब, मादक पदार्थों, पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

## लड़कियां शिक्षित होकर परिवार और समुदायों को बनाती हैं सशक्त - यशवन्त कुमार

संवाददाता, ललितपुर। जिला जज/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आलोक कुमार पाराशर के निर्देश पर एडीजेध्सचिव यशवन्त कुमार सरोज द्वारा जिला कारागार में जेण्डर एक्वालिटी, पीसीपीएनडीटी एक्ट, इम्प्ररूवमेंट एण्ड प्रोटेक्शन ऑफवूमेन, मेटिरीमोनिएल डिस्प्यिूट पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एडीजेध्सचिव यशवन्त कुमार सरोज, कारागार अधीक्षक लाल रत्नाकर सिंह, चिकित्साधिकारी डा.चिकित्साधिकारी ने निरूद्ध महिला बन्दियों को अवगत कराया कि हमें याद रखना चाहिए कि लिंग समानता केवल महिलाओं का मुद्दा नहीं है, यह सभी का मुद्दा है। जब हम महिलाओं को सशक्त करते हैं, तो इससे पूरे समाज को लाभ होता है। उदाहरण के लिए, जब लड़कियों को शिक्षा मिलती है, तो वे न केवल अपनी जिंदगी को बदलती हैं, बल्कि अपने परिवारों और समुदायों को भी सशक्त बनाती हैं। इसके अलावा, लिंग समानता का संबंध कार्यस्थल से भी है। हमें समान वेतन और समान अवसर प्रदान करने की आवश्यकता है। जब महिलाओं को काम करने का समान अवसर मिलता है, तो इससे आर्थिक वृद्धि होती है और समाज में संतुलन बना रहता है तथा महिलाओं का सशक्तिकरण शिक्षा से शुरू होता है। एक शिक्षित महिला अपने अधिकारों को समझती है और अपने और अपने परिवार के भविष्य को बदलने की क्षमता रखती है। जब महिलाएं शिक्षित होती हैं, तो वे अपने बच्चों को भी बेहतर शिक्षा देती हैं, जिससे एक सकारात्मक चक्र चलता है तथा पीसीपीएनडीटी अधिनियम का उद्देश्य है लिंग सेलेक्टिव भ्रूण जांच और गर्भपात को रोकना। यह अधिनियम हमें यह सुनिश्चित करने में मदद करता है कि हर बच्चे को जन्म का अधिकार मिले, चाहे उसका लिंग कुछ भी हो को विस्तृत रूप से जानकारी उपलब्ध करायी।

## मासिक समीक्षा बैठक में एसपी ने ली जानकारी

संवाददाता, ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में व एएसपी (नोडल अधिकारी) अनिल कुमार के पर्यवेक्षण में व प्रशिक्षु सीओ सुनील भारद्वाज की उपस्थिति में थाना एएचटी प्रभारी व एसजेपीयू तथा समस्त थानों के बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के साथ मासिक गोष्ठी माह अक्टूबर 2024 की समीक्षा बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यशाला पुलिस लाइन के सभागार में आहूत की गयी। बैठक में महिला व बाल सुरक्षा संगठन लखनऊ द्वारा जारी एसओपी, अनुसंधान एवं थानों पर नियुक्त बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के समक्ष आ रही समस्या एवं सुझाव पीड़ितों के आवासन, बाल गुमशुदा, बाल सप्ताह, बाल श्रम, नशा मुक्त अभियान, बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम, लैंगिक समानता, साइबर क्राइम, नारी शक्ति किशोर न्याय अधिनियम 2015 मे हुए नवीनतम संशोधन पॉक्सो एक्ट के अभियोग पंजीकृत होने के 24 घंटे के अंदर सीडब्ल्यूसी को सूचित करना, पॉक्सो के मामले में फार्म ए व बी पुलिस द्वारा भरकर संबंधित को समय से भेजा जाना बाल कल्याण अधिकारी के कर्तव्य का पालन, जे.जे एक्ट के अंतर्गत सामाजिक पृष्ठभूमि आदि तथा पॉक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्तों की माननीय उच्च न्यायालय से प्राप्त बेल नोटिस को बाल कल्याण समिति एवं वादी, पीड़िता को अंदर समय उपलब्ध कराना के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की गई। साथ ही साथ जनपद में गुमशुदा बच्चों के पंजीकृत व लंबित मामलो व पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत पंजीकृत अभियोगों पर चर्चा व जेजे एक्ट से सम्बंधित आदेश निर्देश एवं जागरुकता के अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया।

# सस्ती मिठाई कहीं आपको बीमार न कर दे

## कुशीनगर के पडरौना नगर में मिलावटी मिठाईयाँ बिक रही है धड़ल्ले से

संवाददाता



कुशीनगर। उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में पडरौना बाजार में मिल रही सस्ती मिठाई कहीं आपको बीमार न कर दे। मिठाइयों में बड़े पैमानी पर मिलावट कर छेना और चावल से बनी रंग बिरंगी बूंदी से लड्डू बनाए जा रहे हैं। जिसे देखने में कहीं से मिलावट नजर नहीं आएगी। बाजार में मिलावटी छेना करीब 200 रुपये किलो और 100 रुपये किलो लड्डू मिल जाएगाए लेकिन उसका सेवन करने के बाद आप बीमार हो सकते हैं। ऐसे में लोगों को त्योहार पर मिठाई खरीदते समय बेहद सावधानी बरतने की जरूरत है। खाद्य विभाग के जांच अभियान में शनिवार को एक दुकान से 85 किलोग्राम दूषित खोया मिला थाए जिसे टीम ने गंभीरता से लेते हुए नष्ट करा दिया। दिवाली समेत अन्य पर्वों पर मिठाइयों की मांग बढ़ जाती है। मिठाई के कारोबारी उनके यहां की मिठाइयों को शत प्रतिशत शुद्ध बताते हैं। ऐसे में छेना के शौकीनों को त्योहारों पर मिठाई खरीदते समय सावधानी बरतने की जरूरत है। लोगों को पता है कि छेना की मिठाई बनाने में व्यापारियों को बड़ी मेहनत करनी पड़ती हैए लेकिन वास्तविकता कुछ और ही है। बिहार और बंगाल से आए मिठाई बनाने वाले कारीगर केमिकल युक्त छेना पाउडरए सोयाबीन का पाउडरए सुधनीए रिफाइंड ऑयलए सस्ता वनस्पति घी या सूजी मिलाकर कुछ ही देर में छेना रसगुल्ला बना देते हैं। शहर के तमाम छोटे दुकानदार और ठेले वाले इस छेने को महज डेढ़ सौ रुपये किलो खरीदकर 200 से 250 रुपये किलो बेच दे रहे हैं। सस्ते के चक्कर में ऐसी दुकानों पर लोग खरीदारी भी कर ले रहे हैं। ऐसी मिलावटी मिठाई सेहत के लिए ठीक नहीं है। खाद्य विभाग के अधिकारियों की सलाह है कि सस्ती मिठाई के चक्कर में न फंसे। मिठाई खरीदते समय देखकर पडरौना नगर के सुभाष चौक, जटहां रोड, मंसाछापर रोड, बावली चौक, कसया के गांधी चौक, मेन बाजार, ओवरब्रिज के पास लगे ठेले समेत जिले के अन्य कस्बे और ग्रामीण इलाकों की दुकान और ठेलों पर इस तरह की मिठाइयां बिक रही हैं। इसको लेने के लिए यदि कोई ग्राहक मूल्य पूछता है तो अलग-अलग स्थानों के दुकानदार पहले तो छेना मिठाई की कीमत 220 से 250 रुपये प्रति किलो बताते हैं। लेकिन यदि ग्राहक मोलभाव करता है तो उसे 200 रुपये किलो देते हैं।यही हाल रसगुल्ला, गुलाब जामुन, मिल्क केक आदि मिठाइयों का भी है। इन स्थानों पर बिक रहीं मिठाइयों को कारीगर वहीं नहीं बनाते। बल्कि वे दुकान पर रेडीमेड ही आती है। इसे बनाने वाले कारीगर बिहार और बंगाल से आए हैं। वे शहर के कुछ दूर अथवा आसपास गांवों में किराए के कमरों में डेरा डाले हुए हैं।

## ओवरटेक करते समय पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर पलटी पिकअप, चालक सहित सात लोग घायलय अस्पताल में भर्ती

संवाददाता



अमेठी। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर सोमवार को ओवरटेक करते समय एक पिकअप वाहन से टकराकर पलट गई। हादसे में बाराबंकी व सीतापुर के निवासी सात लोग घायल हो गए। घटना से मौके पर चीख पुकार मच गई। आसपास के लोगों की मदद से सभी को सीएचसी पहुंचाया गया। हादसा बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर हुआ। यहां पिकअप टेंट का सामान लेकर वाराणसी से लखनऊ जा रही थी। तड़के पहर बाजार शुकुल इलाके में किलोमीटर-61 के पास ओवरटेक करते समय अन्य वाहन से टकराकर पलट गई। व चालक सहित सात लोग घायल हादसे में बाराबंकी के सतरिख निवासी चालक दीपक (42), इसी जिले के बदोसरांय निवासी दीपू (18), सीतापुर के बिसवां क्षेत्र के सेहरूवा निवासी गफ्फार (19), शिवपाल (27), शौकत अली (35), वीरेंद्र कुमार (18), राम सिंह (35) घायल हो गए। हालत नाजुक होने पर एक रेफर घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। लोगों की मदद से घायलों को बाजार शुकुल सीएचसी लाया गया। यहां से राम सिंह को नाजुक हालत में जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। लोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी है।वही स्थानीय प्रशासन ने घटना की जांच शुरू कर दी है और हादसे के कारणों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। एक्सप्रेसवे पर लगातार हो रहे हादसों ने सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है, जिससे यात्रियों में असुरक्षा का माहौल पैदा हो गया है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष डीएस मिश्रा का कहना है कि अभी किसी तरफ से कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है तहरीर मिलते ही आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## कुशीनगर में मिट्टी के दीपों की मांग को देखते हुए कुम्हार जोरशोर से दीपक बनाने में जुटे

संवाददाता

कुशीनगर। उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में कुम्हार की चाक दुनिया की चकाचौंध में भले ही धीमी हो गई थी, मगर जब दीपोत्सव की बात हो तो मिट्टी के दीपों का महत्व बढ़ जाता है। इस पर्व पर मिट्टी के दीपों की मांग को देखते हुए कुम्हार जोरशोर से दीपक बनाने में जुटे हैं। आज भले ही बाजार में तरह-तरह के फैंसी दीये आ गए हों, मगर मिट्टी के दीपों का महत्व कम नहीं हुआ है। हर शुभ काम में इनका प्रयोग होता है। पिछले साल की अपेक्षा इस बार दिवाली पर मिट्टी के दिये की मांग अधिक है। सुकरौली विकास खंड में मिश्रोली में कुम्हारों के लगभग 50 परिवार रहते हैं। इसके अलावा सुकरौली, सेमरी,पटनी, ठुठी, चिलुवां में भी कुम्हार रहते हैं, जो मजदूरी करके जीवन यापन करते हैं। उनमें से कुछ गिने-चुने परिवार हैं जो अब तक इस पेशे से जुड़े हैं, जबकि अन्य मजदूरी या अन्य कार्य कर परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। मिट्टी के बर्तन बनाने वाले लोग त्योहार के अलावा अन्य दिनों में आसपास के इलाकों में मजदूरी कर जीपन यापन करते हैं। करीब एक दशक से ज्यादातर परिवार यह कारोबार छोड़ चुका था, लेकिन अब दीपक का मांग बढ़ने से ज्यादातर पुश्तैनी पेशा छोड़ चुके लोगों ने फिर से अपनी चाक पर कार्य करना शुरू कर दिया है। शत्रुध्न, कमलेश, रिंकू, सूरज, दिवाकर आदि का कहना है कि अब इस काम में कुछ बचा नहीं। इस कारण लोग इसे छोड़ रहे हैं। दीपावली या अन्य अवसर पर अब मिट्टी की दीपों की मांग रहती है, लेकिन पिछले साल राम मंदिर के निर्माण पर पहले दिन सभी लोग मिट्टी के दीपों को जलाकर दीपावली मनाने की तैयारी करते थे, तभी से दीयों का मांग बढ़ रही है। यदि ऐसे ही फिर से स्वदेशी सामानों की मांग बढ़ने लगे तो हो सकता है कुछ लोग इस पेशे में फिर से आ जाएं।

## कुशीनगर में दीपावली पर सभी एंबुलेंस सेवाएं रहेंगी अलर्ट : रोशन यादव

संवाददाता

कुशीनगर। दिवाली पर सभी एंबुलेंस अलर्ट रहेगी..दिवाली के मौके पर कुशीनगर जिले के 108/102 तथा 1962 के प्रोग्राम मैनेजर रौशन यादव ने ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विस की तरफ से सीएमओ एडिशनल, सीएमओ तथा स्वास्थ्य विभाग के तमाम कर्मचारी के साथ-साथ अपने सभी एंबुलेंस स्टाफ को दिवाली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समस्त कर्मचारी अपने-अपने ड्यूटी पर तैनात रहेगें। मौके पर उपस्थित सभी कर्मचारियों को मिठाई वितरित किया गया। रौशन यादव ने बताया कि इमरजेंसी ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए किसी भी प्रकार की घटना होने पर तुरंत एंबुलेंस की सुविधा दी जाएगी।और अपने सभी स्टाफको बोला कि ड्यूटी पर अलर्ट रहेंगे। प्रोग्राम मैनेजर रौशन यादव ने बताया कि जनपद के 108 एवं 102 एम्बुलेंस के स्टाफहमेशा अपने अच्छे कार्य का परिचय दे रहे है। वर्तमान में 108 की 34 और 102 की 37 एंबुलेंस कार्यरत हैं। यह सेवा आम जनमानस के लिए बिल्कुल नि:शुल्क है । उन्होंने बताया कि 102 एंबुलेंस आप किस समय बुला सकते है, जब गर्भवती महिला को घर से सरकारी अस्पताल लाने व वापस घर तक छोड़ने की सुविधा है । जन्म के बाद जच्चा बच्चा को वापस घर जाना हो। दो साल तक के शिशु को कोई परेशानी होने पर सरकारी अस्पताल ले जाने व वापस घर छोड़ने के लिए सेवा है। गर्भवती महिला व दो साल तक के बीमार शिशु को अस्पताल से उच्च अस्पताल ले जाना हो। इसी तरह 108 एंबुलेंस आप किस समय बुला सकते है,किसी भी तरह की दुर्घटना होने पर, तेज पेट दर्द होने पर, तेज बुखार होने पर, दिल का दौरा पड़ने पर, सांस लेने में दिक्कत होने पर, जानवरो के काटने पर, किसी तरह की मारपीट होने पर, कोई भी प्राकृतिक आपदा की स्थिति में, तथा किसी भी तरह की आपातकालीन स्थिति में, इसकी सेवा ली जा सकती है।

## मुस्लिम सज़्प्रदाय के लोगों ने मूर्ति ले जा रहे आयोजकों व श्रद्धालुओं को माला पहनाकर स्वागत किया तथा धनतेरस व दीपावली की शुभकामनायें दी



संवाददाता

कुशीनगर। उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में आगामी त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत आयोजकों द्वारा ले जायी जा रही श्री लक्ष्मी माता एवं श्री गणेश जी की मूर्ति को लाईजिनिंग में लगे पुलिस कर्मी द्वारा उपस्थित रहकर स्थापना स्थल तक सकुशल पहुंचाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना कोतवाली पडरौना क्षेत्रांतर्गत छावनी पर मुस्लिम सम्प्रदाय के लोगों द्वारा भाईचारे का परिचय देते हुए मूर्ति ले जा रहे आयोजकों व श्रद्धालुओं को माल्यार्पण व पुष्प भेट कर स्वागत किया गया एवं धनतेरस व दीपावली की शुभकामनायें दी गयीं।

## कुशीनगर में मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना एवं 15वे वित्त आयोग के अंतर्गत प्राप्त धनराशि के प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति हेतु हुई बैठक

संवाददाता



कुशीनगर। उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में आज जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में स्थानीय निकायों में 15वे वित्त आयोग के अंतर्गत प्राप्त धनराशि के प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति हेतु जिला स्तरीय कमेटी की बैठक की गई। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अन्तर्गत नगर निकायों से प्राप्त कार्य योजना पर विचार विमर्श कर आवश्यकता अनुसार स्वीकृति भी प्रदान की गयी। विभिन्न नगर पालिका क्षेत्रों एवं नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारियों द्वारा कूड़ा उठाने के लिए ट्राली, फॉगिंग मशीन, सीवर सक्सन, मोबाइल टॉयलेट, स्टील एवं प्लास्टिक डस्टबीन, जनरेटर सेट, कैटल कैचर, हल्कु ठेला, रिफ्लेक्टिंग जैकेट, गार्बेज मिनी टीपर, गार्बेज ई कार्ट बैट्री चलित, डबल बैरल फॉगिंग मशीन, स्ट्रीट लाइट, हैण्ड पम्प, वाटर आर ओ मशीन आदि क्रय करने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किये गये । बैठक में टाइड ग्रांट अन्तर्गत प्रस्तुतध् क्रय किये जाने वाले मशीनों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने कहा कि आवश्यकता अनुसार ही नगर निकायों के द्वारा सम्मान क्रय किये जाय। क्रय किये गये मशीनों को क्षमता गुणवत्ता पर ध्यान रखें। शासन द्वारा गाइडलाइन्स का अनुपालन शत प्रतिशत किया जाना चाहिए। प्रस्ताव में किसी भी ब्राण्ड विशेष का उल्लेख न करे। अन्टाइड ग्राण्ड के अन्तर्गत विभिन्न वार्डो मे सी0सी0 रोड, नाली, ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य, दिव्याग शौचालय के निर्माण की स्वीकृति नगर निकायों के वार्ड वार प्रदान की गई । सी0सी0 रोड के निर्माण कार्य के दृष्टिगत शासन द्वारा निर्गत गाइड लाइन्स व मानक का विशेष ध्यान रखें। मुख्यमंत्री नगर सृजन जन योजना के अन्तर्गत नगर निकायों के प्रमुखता से तीराहे, चौराहे व व्यापारीक केन्द्रो व मार्गो तथा तालाब आदि के सौंदर्यीकरण का कार्य योजनाओं के अन्तर्गत कराया जा सकता है। अत: नगर निकायों में आवश्यकता अनुसार प्रस्ताव बनाए तथा नगरों के विकास के दृष्टिगत प्रस्तावों को प्रस्तुत करे एवं विकास के कार्य करायें। जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने के सम्बन्ध में सभी ई0ओ0 नगरीय क्षेत्रों में आवेदनों को प्राप्त करे तथा उस पर तत्काल अपेक्षित कार्यवाही करे। एक साल से अधिक उम्र के अधिक उम्र के बच्चों से संबंधित आवदेनों पर अपनी जॉच आख्या लगाते हुए सम्बधिक उप जिलाधिकारी को प्रेषित करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0श्रा0)वैभव मिश्रा, समस्त नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी एवं चेयरमैन, अधिशासी अभियंता विद्युत, जिला विद्यालय निरीक्षक तथा सम्बन्धित कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कुशीनगर जिला प्रशासन ने लेखपालों के स्थानांतरण की नीतियों पर कोई कार्रवाई नहीं की, मात्र स्थान परिवर्तन कर मामले को इतिश्री कर दिया

संवाददाता

कुशीनगर। उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में लेखपालों के स्थानांतरण विषयक सूचना राजस्व परिषद द्वारा जिलाधिकारी से आज ही उपलब्ध कराने का निर्देश जारी किया ।है जिसमें कहा गया है कि कुशीनगर में लेखपालों के स्थानांतरण को लेकर आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश अनुभाग चार लखनऊ से उत्तर प्रदेश विधानमंडल की लोक लेखा समिति द्वारा वांछित लेखपालों के स्थान एवं तैनाती पर सूचना उपलब्ध कराए जाने के संबंध में 31 जुलाई 2024 को पत्र भेजा गया था ! जिसमें कहा गया था कि वांछित सूचना तीन दिन के भीतर परिषद को उपलब्ध करावे। लेकिन जनपदों से अभी तक अप्राप्त सूचना पर पुन: जिलाधिकारी कुशीनगर को पत्र भेज कर तत्काल सूचना मांगी गई है। वैसे इसके पूर्व भी संख्या 2758 दिनांक 4 जुलाई 24 के संदर्भित सूचना आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद लखनऊ द्वारा एक पत्र भेजा गया । जिसमें वांछित लेखपालों के स्थान पर तैनाती विषयक सूचना उपलब्ध कराने के संबंध में था। इसमें सभापति लोक लेखा समिति द्वारा आदेश दिए गए थे कि एक तहसील में 10 साल से अधिक समय से कितने लेखपाल बने हुए हैं उसकी एक रिपोर्ट समिति के सम्मुख प्रस्तुत करने को कहा गया था । उन पर जो भी आपकी विभागीय कार्रवाई बनती है उसे करके समिति के सम्मुख प्रस्तुत करें । लेकिन शासनादेश को प्रदेश के सभी जिलाधिकारी नहीं उपलब्ध कर पाए। इसके बाद पत्रांक संख्या 4034 ध् चार 2024 दिनांक 31 जुलाई 2024 को उत्तर प्रदेश विधानमंडल की लेखा समिति द्वारा वांछित लेखपालों के स्थानांतरण व तैनाती विषयक सूचना मांगी है ! इस पत्र के बाद जिला प्रशासन तेवर दिखाते हुए अपने जिले के समस्त उपजिलाधिकारी व तहसीलदारों को दिनांक 1-8-24 को पत्र भेजकर ? उत्तर प्रदेश विधानमंडल की लोक लेखा समिति द्वारा वांछित लेखपालों के स्थानांतरण की सूचना नीतिगत विषयक सूचना उपलब्ध कराने के लिए समस्त उपजिलाधिकारीयो एक पत्र भेजा है इसमें कहा गया है कि, एक लेखपाल क्षेत्र में अधिकतम तीन वर्ष तथा तहसील में 10 वर्ष रह सकते हैं। दोबारा उसी लेखपाल क्षेत्र में तब तक न तैनात किया जाए जब तक की लेखपाल क्षेत्र छोड़ने के तिथि से कम से कम 5 वर्ष व्यतीत न हो चुके हो। से संदर्भित सूचना एवं की गई कार्रवाई की सूचना को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। लेकिन लेखपालों को स्थान परिवर्तित कर मामले को ठंडा बस्ते को डाल दिया गया। यद्यपि पडरौना तहसील में कार्यरत आठ लेखपाल ऐसे है जो दस वर्ष से अधिक दिनों से कार्यरत पड़े हैं। इनका कारनामे को जिला प्रशासन सही रूप देख नहीं रहा है। इन लेखपालों अपना स्थानांतरण नीति के तहत दो से अधिक माह के लिए अपना स्थानांतरण अपने बगल के तहसील में करा लेते हैं। और फिर पुन: पडरौना तहसील में स्थानांतरण करा लेते हैं। इन लेखपालों का कुल ड्यूटी का कार्यकाल जोड़ा जाय तो इस पडरौना तहसील में उनका कार्यावधि दस वर्षों से अधिक का हो जायेगा। इन लेखपालों के कार्यावधि को देखा जाय तो एक लेखपाल का लगभग 28 वर्ष का यानि 27 वर्ष से अधिक का है। जिसको जिला प्रशासन ने नजरअंदाज कर बैठा। इन आठ लेखपालों में एक लेखपाल योगेन्द्र गुप्ता है। जिनका पडरौना तहसील में कार्य करने का कार्यावधि बारह वर्ष नौ माह से अधिक हो गया है। इनका इस अवधि में पांच बार अन्य तहसीलों में स्थानांतरण हुआ है। पुन: पडरौना तहसील में ही स्थान परिवर्तन कर मामले को दबा दिया गया। ऐसे ही बंशबहादूर यादव का भी पडरौना तहसील में लेखपाल पद पर 25 वर्ष दो महीने से अधिक का कार्यावधि है। जिनका स्थानांतरण दो बार अन्य तहसील में हुआ है इनकी नियुक्ति पडरौना तहसील में जनवरी 98 में हुई जो लगातार 2017 तक इसी तहसील में जमे रहे। मई 2017 से मई 2018 तक बगल के तहसील तमकुहीराज में अपना स्थानांतरण कराके पुन: जून 2018 से जुलाई 2021 तक पडरौना तहसील में कार्यरत रहे। फिर से जुलाई 2021 से सितम्बर 2022 तक तमकुहीराज तहसील में अपना स्थानांतरण कराके सेवा की। पुन: अक्टूबर 2022 से अबतक पडरौना तहसील में कार्यरत हैं। ऐसे ही इन दोनों लेखपालों के अलावा बाकी छरू लेखपालों का भी कार्यावधि दस वर्ष से अधिक पडरौना तहसील में हो गया है। लेकिन इनका स्थानांतरण जिला प्रशासन नहीं कर रहा है। इसी तरह अरविंद कुमार लेखपाल का भी पडरौना तहसील में कार्य करने की अवधि 21 वर्ष से अधिक की हो गई। किन्तु कहीं न कहीं उच्चाधिकारियों से तालमेल बना कर पडरौना तहसील में पैर जमाये पड़े है। अब्दुल कुदुश वारसी का भी पडरौना तहसील में 24 वर्ष से अधिक दिनों से कार्यावधि हो गई है । इसी तरह राधेश्याम मणि की नियुक्ति दिसम्बर 1995 में पडरौना तहसील में हुई। इस वर्ष से लगातार पडरौना तहसील में 31 जुलाई 1914 तक बने रहे। पुन: उनका स्थानांतरण बगल की तहसील कसया में जाकर फिर से जनवरी 22 में पडरौना तहसील में स्थानांतरण कराके अभी तक बने हुए हैं ऐसे ही तीन और लेखपालों का पडरौना तहसील में शासन के नियम से अधिक दिनों से कार्य कर रहे हैं। जिला प्रशासन भी आंखें मूदें बैठा है।प्रदेश के मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग जनता ने की है।

## बेटे ने पिता पर ईंट से किया हमला, मौत: मुकदमा दर्ज, आरोपी फरारय विवाद में पिता के डांटने से था नाराज

संवाददाता, अमेठी। मामूली विवाद के बाद बेटे ने पिता पर ईट से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे के लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक के बेटे की तहरीर पर पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। पूरा मामला बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के महोना पश्चिम गांव का है। जहां देर रात गांव के रहने वाले 70 वर्षीय रामनाथ का किसी बात को लेकर बेटे मनोज कुमार से विवाद हो गया। जिसके बाद पिता ने मनोज को डांट दिया। पिता के डांटते ही आवेश में आए बेटे मनोज कुमार ने ईंट से पिता के सीने पर हमला कर दिया। जिससे रामनाथ की मौत हो गयी। वहीं आरोपी बेटा मौके से फरार हो गया। बेटे के हमले में राम नाथ गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके बाद परिजन उन्हें सीएचसी बाजार शुकुल लेकर पहुंचे। जहां से गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन उन्हें लेकर जिला अस्पताल जा ही रहे थे कि रास्ते में मौत हो गई। पिता के मौत की सूचना मिलते ही मृतक का बड़ा बेटा राज भवन घर पहुंचा। मामले की तहरीर थाने में दी। जिसके बाद पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। पूरे मामले पर थानाध्यक्ष दयाशंकर मिश्र ने बताया कि बेटे ने पिता की ईट से हमलाकर हत्या कर दिया। परिजनों के तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

## हाईवे पर हादसा, महिला की मौत, तेज रफ्तार टाटा 407 ने बाइक में मारी टक्कर, युवक की हालत गंभीर

संवाददाता, आगरा। आगरा में सोमवार सुबह आगरा-दिल्ली हाईवे पर हादसा हो गया। तेज रफ्तार टाटा 407 ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में महिला की मौत हो गई, जबकि युवक घायल हो गया। हादसे के बाद जाम लगा गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है। थाना हरीपर्वत प्रभारी आलोक सिंह ने बताया कि भगवान टॉकीज फ्लाई ओवर से अबुल उलाह दरगाह की ओर हाईवे पर सुबह करीब 9 बजे टाटा 407 ने एक बाइक को चपेट में ले लिया। बाइक पर महिला बैठी थी। उसका भांजा बाइक चल रहा था। टक्कर से बाइक अनियंत्रित हो गई। महिला टाटा 407 के नीचे आ गई। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की शिनाख्त किशन देवी निवासी ताजगंज के रूप में हुई है। बाइक चालक ख्याली राम को भी चोट लगी हैं। हादसे के बाद हाइवे पर जाम लगा गया। वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जाम खुलवाया।

## महिला के सामने भागे चोर, सीसीटीवी में दिखे, पुलिस पहचान करवा रही

संवाददाता, आगरा। आगरा के थाना जगदीशपुरा के बोदला क्षेत्र में चोरी की वारदात का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में दो बदमाशों को घर के अंदर घुसते और महिलाओं के लौटने पर उनके सामने ही फरार होते देखा जा सकता है। महिलाओं का आरोप है कि बदमाशों ने उन पर तमंचे तान दिए थे और कीमती सामान लेकर भाग गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। घर की मालकिन मेहरुनिसा ने बताया कि 27 अक्टूबर को उनके परिवार में शादी थी, जिसके लिए 700 मीटर दूर स्थित मैरिज होम बुक किया गया था। पूरा परिवार शादी में व्यस्त था, पर पिछले अनुभव के कारण कुछ सदस्य बीच-बीच में घर की निगरानी कर रहे थे। रात में घर से कुछ दूर जाकर भी सभी घर की सुरक्षा का ध्यान रख रहे थे।सुबह करीब 4 बजे मेहरुनिसा अपनी बहनों के साथ घर पहुंची तो उन्होंने पाया कि ताला टूटा हुआ है, जबकि चाबी उनके पास थी। अंदर जाते ही बिखरा हुआ सामान देख वे दंग रह गईं और समझ गईं कि घर में चोरी हो चुकी है। तभी अचानक दो-तीन बदमाश उनके सामने आ गए और तमंचा तानकर धमकाने लगे कि अगर शोर मचाया तो जान से हाथ धोना पड़ेगा। घटना के बाद इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया।

## ग्रीन जोन में पहुंची जीएसटी कम करने की मांग, जूता व्यवसायियों ने की वित्त मंत्री से मुलाकात

संवाददाता, आगरा। आगरा के शू व्यवसायियों ने वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना से लखनऊ में मुलाकात की। जानकारी दी गई कि जीएसटी को 12 से 5 परसेंट करने की मांग का संज्ञान ले लिया गया है। इस मांग को ग्रीन जोन में रखा गया है। दीपावली से पहली इस खुशखबरी का भी जूता व्यवसायियों ने आभार व्यक्त किया। द आगरा शू फैक्टर्स एसोसिएशन और यूनाइटेड फुटवियर फ्रंट के 34 सदस्यों ने मंत्री सुरेश खन्ना से लखनऊ में मुलाकात की। एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय सामा ने बताया कि लंबे समय से जीएसटी को 12 से 5 परसेंट करने की मांग की जा रही थी। धरना भी दिया था, प्रदर्शन भी किया था। इसके बाद 25 अक्टूबर को इस मांग को ग्रीन जोन में कर दिया गया है। ग्रीन जोन का मतलब है कि यह मांग पूरी की जाएगी। दीपावली से पहले मिली इस खुशी पर जूता व्यवसायियों ने हर्ष जाहिर किया। लखनऊ में ही मंत्री सुरेश खन्ना से टोकन व्यवस्था का भी शुभारंभ कराया गया। विजय सामा ने बताया कि मंत्री ने आश्वासन दिया है कि वे सभी अधिकारियों को सूचित कराएंगे कि फेडरेशन के जिस व्यापारी के बिल पर टोकन होगा। वो जीएसटी रजिस्टर्ड इनवायस है, उसके माल को न रोका जाए। फेडरेशन के लीगर एडवाइजर अजय महाजन, नरेंद्र पुरसनानी, वासु पुरसनानी, घनश्याम लालवानी, हितेश, राकेश महाजन, प्रमोद जैन, रमेश मुंजाल, राजेश लालवानी, पप्पू भाई आदि।

## सर्पदंश से महिला की मौत

संवाददाता, अमेठी। जिले में देर रात कमरे में सो रही महिला को जहरीले सांप ने काट लिया। घटना के बाद आनन-फानन में परिजन विवाहिता को लेकर जगदीशपुर सीएचसी पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से मिले मेमो के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका का पति दिल्ली में रहता है जो घटना की सूचना मिलने के बाद अपने घर के लिए रवाना हो गया है। पूरा मामला बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के खालिस बाहापुर गांव का है, जहां देर रात 40 वर्षीय रेखा पत्नी रामराज अपने कमरे में सो रही थी। देर रात करीब एक बजे जहरीला सांप दरवाजे के नीचे बनी जगह से कमरे के अंदर घुस गया और रेखा के पैर में काट लिया। रेखा के चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के कमरों में सो रहे परिजन मौके पर पहुंचे और भाग रहे सांप को लाठियों से मार डाला। परिजन रेखा को लेकर जगदीशपुर सीएचसी पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से मिले मेमो के बाद मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## भाकियू कमेरा के चिंतन शिविर का आयोजन

संवाददाता, अमेठी। जनपद में भारतीय किसान यूनियन कमेरा द्वारा आयोजित किसान चिंतन शिविर में सैकड़ों किसानों और विभिन्न दलों के नेताओं ने शौर्य फार्म हाउस, विकासखंड बाजार शुकुल में भाग लिया। इस शिविर का उद्देश्य किसानों की समस्याओं पर विचार करना और उनके समाधान के लिए संगठनात्मक रूप से एकजुटता बढ़ाना था। इस आयोजन में शामिल प्रमुख हस्तियों में पूर्व न्यायाधीश बी.डी. नकवी, राष्ट्रीय अध्यक्ष ओपी यादव, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रमिला पाल, राष्ट्रीय संयोजक पंडित संजय मिश्रा, पूर्व एमएलसी दीपक सिंह, राष्ट्रीय संरक्षक लाल बहादुर सिंह, कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप सिंघल, ब्लॉक अध्यक्ष बब्बन द्विवेदी, हैदरगढ़ के पूर्व विधायक राममगन रावत, जगदीशपुर के पूर्व कांग्रेस विधायक राधेश्याम कनौजिया, ब्लॉक प्रमुख शाहगढ़ सदाशिव यादव, और रामसुंदर खेममऊ के पूर्व प्रधान शामिल थे। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के वायनाड में चुनाव प्रचार में व्यस्त होने के कारण अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा ने फोन के माध्यम से किसानों को संबोधित किया। उन्होंने किसानों को सभी समस्याओं में उनके साथ खड़े रहने का वादा किया।

# भारत ने श्रीलंका को दिए धार्मिक स्थलों के लिए सोलर रूफटॉप सिस्टम



कोलंबो। भारत ने श्रीलंका को धार्मिक स्थलों के लिए सोलर रूफ्टॉप सिस्टम प्रदान किए हैं, जो पड़ोसी देश के साथ भारत की लगातार मजबूत होती 'पड़ोसी प्रथम' नीति और बढ़ते ऊर्जा सहयोग को दर्शाता है। भारत सरकार के 17 मिलियन डॉलर यानी करीब 143 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट के तहत श्रीलंका में विभिन्न धर्मों के धार्मिक स्थलों – होकनदारा स्थित बौद्ध मंदिर, श्री अंजनेयर मंदिर, सेंट एंथनी चर्च और मुतवल जुमा मस्जिद को सोलर पैनल सौंपे गए हैं। श्रीलंका में भारतीय उच्चायोग, सीलोन इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड (सीईबी) और श्रीलंका सतत ऊर्जा प्राधिकरण (एसएलएसईए) के अधिकारियों ने एक कार्यक्रम के दौरान धार्मिक स्थलों के प्रतिनिधियों को सोलर पैनल सौंपे। कोलंबो स्थित भारतीय उच्चायोग ने एक बयान में कहा, यह कार्यक्रम भारत द्वारा श्रीलंका में 5000 धार्मिक स्थलों पर सौर पीवी रूफ्टॉप सिस्टम स्थापित करने के उद्देश्य से दी गई 17 मिलियन अमेरिकी डॉलर की सहायता का हिस्सा है। इस परियोजना का उद्देश्य इन संस्थानों के लिए ऊर्जा लागत को कम करना है और साथ ही श्रीलंका के स्वच्छ ऊर्जा में परिवर्तन को बढ़ावा देना है। दूतावास ने कहा पांच हजार सौर रूफ्टॉप सिस्टम श्रीलंका के सभी नौ प्रांतों और 25 जिलों में स्थापित होंगे, जिसमें बौद्ध, हिंदू, ईसाई और इस्लाम से जुड़े प्रमुख धार्मिक स्थल शामिल होंगे। यह परियोजना अक्षय ऊर्जा में द्विपक्षीय सहयोग के लिए भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह परियोजना 25 मेगावाट सौर क्षमता का इजाफा करेगी, जिससे सालाना लगभग 37 मिलियन यूनिट बिजली पैदा होगी, जो श्रीलंका सरकार की 'लोगों पर केंद्रित एनर्जी ट्रांजिशन' नीति का समर्थन करती है। इस परियोजना के अगले साल की शुरुआत तक पूरा होने की उम्मीद है। सिस्टम की आपूर्ति और स्थापना के अलावा परियोजना में दीर्घकालिक दक्षता और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए 5 साल की रखरखाव अवधि भी शामिल है। बता दें कि विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर की हाल की श्रीलंका यात्रा के दौरान, भारत ने अपनी 'पड़ोसी प्रथम' नीति के तहत श्रीलंका की प्राथमिकता वाली द्विपक्षीय परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए अपनी मजबूत प्रतिबद्धता दोहराई थी। यह पहल इन प्रयासों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो दोनों देशों के बीच घनिष्ठ सहयोग को बढ़ावा देती है।

(रिपोर्ट. शाश्वत तिवारी)

# फिलीपीन में भीषण बाढ़ और भूस्खलन के कारण कम से कम 126 लोगों की मौत

(एजेंसी)



फिलीपीन में उष्णकटिबंधीय तूफान 'ट्रामी' के कारण आई भीषण बाढ़ और भूस्खलन के कारण कम से कम 126 लोगों की मौत हो गई है जबकि कई लोग लापता हो गए हैं। फिलीपीन के राष्ट्रपति ने शनिवार को बताया कि प्राकृतिक आपदा के कारण कई क्षेत्रों तक पहुंचना मुश्किल हो गया है जिसके कारण लोग वहां फंस गए हैं। सरकार की आपदा-प्रतिक्रिया एजेंसी ने पहले बताया था कि शुक्रवार को फिलीपीन के उत्तर-पश्चिमी दिशा की ओर से आए 'ट्रामी' तूफान के कारण कम से कम 85 लोगों की मौत हो गई जबकि 41 अन्य लोग लापता हुए हैं। यह दक्षिण-पूर्व एशियाई द्वीपसमूह में इस साल का अब तक का सबसे घातक और विनाशकारी तूफान है। अधिकारियों ने बताया कि तूफान के कारण मरने वालों की संख्या बढ़कर कम से कम 126 हो गई है और कई अन्य लोग लापता हैं। एजेंसी ने बताया कि तूफान के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन के कारण मृतक संख्या और बढ़ने की आशंका है। फिलीपीन के प्रभावित इलाकों में पुलिस, अग्निशमन और अन्य आपातकालीन कर्मी राहत एवं बचाव कार्यों में लगे हुए हैं। राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस ने तूफान 'ट्रामी' के कारण मनीला के दक्षिण-पूर्व में बुरी तरह प्रभावित हुए क्षेत्र का शनिवार को निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान कहा कि तूफान के कारण असामान्य रूप से भारी बारिश हुई और कुछ क्षेत्र ऐसे भी हैं, जहां मात्र 24 घंटों में इतनी बारिश हो गई जो एक से दो महीने में होती है। सरकारी एजेंसी ने बताया कि उष्णकटिबंधीय तूफान 'ट्रामी' से जुड़ी घटनाओं में 50 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं।

# श्रीलंका नौसेना ने अवैध तौर पर मछली पकड़ने के आरोप में 12 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया

(एजेंसी)



कोलंबो। श्रीलंका की नौसेना ने समुद्र में अवैध तौर पर मछली पकड़ने के आरोप में भारत के 12 मछुआरों को गिरफ्तार किया है और उनकी नौका भी जब्त कर ली है। एक अधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। श्रीलंकाई नौसेना द्वारा 12 और लोगों को गिरफ्तार किए जाने से द्वीपीय देश में इस साल ऐसी घटनाओं में पकड़े गए भारतीय नागरिकों की संख्या बढ़कर 462 हो गई है। श्रीलंका नौसेना ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया गया और उत्तरी प्रांत जाफना के प्वाइंट पेड्रो तट से उनकी नौका भी जब्त की गई है। इसमें बताया गया कि पकड़े गए 12 मछुआरों को कांकेसंथुराई बंदरगाह ले जाया गया और आगे की कार्रवाई के लिए उन्हें मैलाडी मत्स्य निरीक्षक को सौंप दिया जाएगा। बयान में कहा गया कि श्रीलंकाई नौसेना ने 2024 में अब तक द्वीप के समुद्री क्षेत्र में अवैध तौर पर मछली पकड़ने के आरोप में 462 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है और उनकी 62 नौकाओं को जब्त किया है। इसमें कहा गया है कि कानूनी कार्रवाई के लिए मछुआरों को अधिकारियों को सौंप दिया गया है। श्रीलंका के मत्स्य मंत्रालय ने बताया कि दोनों पड़ोसियों के बीच बार-बार उत्पन्न होने वाली समस्या (मछुआरों द्वारा मछली पकड़ना) पर चर्चा करने के लिए 12 सदस्यीय भारतीय दल मंगलवार को यहां पहुंचेगा। दोनों देशों के मछुआरों को अनजाने में एक-दूसरे के समुद्री क्षेत्र में प्रवेश करने के कारण अक्सर गिरफ्तार किया जाता है।

# ट्रंप को लोकतंत्र के लिए खतरा बताने वाले लोग ही असली खतरा हैं : मस्क

(एजेंसी)



दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क ने अमेरिका के राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन करते हुए कहा कि जो लोग पूर्व राष्ट्रपति को ''लोकतंत्र के लिए खतरा बताते हैं, वे स्वयं लोकतंत्र के लिए खतरा हैं।'' मस्क ने शनिवार रात पेंसिल्वेनिया में एक 'टाउन हॉल' को संबोधित करते हुए अमेरिका के संसदीय परिसर 'यूएस कैपिटल' में छह जनवरी, 2021 को हुए दंगों के संदर्भ में कहा कि इस घटना को ''एक प्रकार का हिंसक विद्रोह कहा गया, जबकि वास्तव में ऐसा नहीं है।'' अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव में हार के बाद ट्रंप द्वारा चुनावी परिणाम पर सवाल उठाए जाने के बाद उनके समर्थकों ने छह जनवरी, 2021 को 'यूएस कैपिटल' (अमेरिकी संसद परिसर) पर हमला कर दिया था जिसमें 100 से अधिक सुरक्षा अधिकारी घायल हुए थे। मस्क ने कहा कि जो लोग यह कहते हैं कि ''ट्रंप लोकतंत्र के लिए खतरा हैं, वे स्वयं लोकतंत्र के लिए खतरा है।'' उन्होंने कहा कि ट्रंप ने ''वास्तव में लोगों से हिंसक नहीं होने के लिए कहा था और उन्होंने उनसे शांतिपूर्ण एवं देशभक्तिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन करने को'' कहा था। ट्रंप ने कहा है कि यदि नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में उनकी जीत होती है तो वह मस्क को अपने प्रशासन में कोई अहम जिम्मेदारी देंगे।

# हसीना के खिलाफ हत्या के मामले में 28 नवंबर तक जांच रिपोर्ट पेश की जाए : बांग्लादेश की अदालत

(एजेंसी)



ढाका। बांग्लादेश की एक अदालत ने पुलिस को देश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और 23 अन्य के खिलाफदर्ज हत्या के मामले की जांच रिपोर्ट 28 नवंबर तक सौंपने का शनिवार को आदेश दिया। मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। हत्या का यह मामला ढाका के मीरपुर में 18 वर्षीय कॉलेज छात्र की मौत को लेकर दर्ज किया गया है। छात्र की मौत छात्रों के नेतृत्व में बड़े पैमाने पर हुए विरोध प्रदर्शनों पर हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार द्वारा की गई कार्रवाई के दौरान हुई थी। इन प्रदर्शनों के कारण हसीनों को प्रधानमंत्री पद छोड़ना पड़ा। हसीना (77) सरकारी नौकरियों में विवादास्पद आरक्षण प्रणाली के खिलाफ हिंसक विरोध प्रदर्शनों के कारण पांच अगस्त को देश छोड़कर भारत चली गई थीं। 'डेली स्टार' समाचार पत्र की खबर के अनुसार, ढाका के अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट मोहम्मद जियादुर रहमान ने 28 नवंबर तक जांच रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया। मृतक के भाई ने 15 अगस्त को यह मामला दर्ज कराया था जिसमें दावा किया गया है कि इस मामले के आरोपी हिंसा में सीधे तौर पर शामिल थे या उन्होंने हिंसा में सहयोग किया, जिसके कारण उसके भाई की मौत हुई तथा अन्य छात्र घायल हुए। इस मामले में हसीना के अलावा पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमां खान, अवामी लीग के महासचिव ओबैदुल कादर, पूर्व विधि मंत्री अनीसुल हक और पूर्व पुलिस महानिरीक्षक चौधरी अब्दुल्ला अल-मामून भी आरोपी हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, हसीना के खिलाफ225 मामले दर्ज हैं जिनमें हत्या के 194, मानवता के विरुद्ध अपराध और नरसंहार के 16 मामले, अपहरण के तीन मामले, हत्या के प्रयास के 11 मामले और 'बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी' की रैली पर हमले के संबंध में एक मामला शामिल है।

# इसरो ने तम्बोली कास्टिंग्स को आईएसी 2024 में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया

(एजेंसी)

भावनगर/मुंबई (अनिल बेदाग)। बीएसई लिस्टेड तंबोली इंडस्ट्रीज लिमिटेड की सहायक कंपनी, तंबोली कास्टिंग्स को इटली के मिलान में 14 से 18 अक्टूबर तक होने वाले प्रतिष्ठित 75वें इंटरनेशनल एस्ट्रोनॉटिकल कांग्रेस (प्ब) में भाग लेने के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन से निमंत्रण मिला है। यह भारत से भाग लेने वाली बीस कंपनियों में से एक है और कास्टिंग और मशीनिंग सेक्टर का एकमात्र प्रतिनिधि है। इसरो इस आयोजन में की-कॉन्ट्रीब्यूटर और प्लैटिनम स्पॉन्सर है। ये कांग्रेस में भारतीय कंपनियों के एक प्रतिनिधिमंडल का प्रतिनिधित्व कर रहा है। आईएसी का आयोजन इंटरनेशनल एस्ट्रोनॉटिकल फेडरेशन करता है, जो 77 देशों में 513 से अधिक सदस्यों वाला एक लीडिंग ग्लोबल स्पेस एडवोकेसी ऑर्गनाइजेशन है। इस साल के कार्यक्रम की मेजबानी इटालियन एसोसिएशन ऑफ एरोनॉटिक्स एंड एस्ट्रोनॉटिक्स द्वारा की जा रही है और उम्मीद है कि इंडस्ट्री लीडर्स, इनोवेटर्स और स्पेस टेक्नोलॉजी एंथुसियास्ट बड़ी संख्या में भाग लेंगे। तम्बोली कास्टिंग्स मिशन क्रिटिकल कंपोनेंट का निर्माण करती है। यह न्यूमेटिक्स और ऑटोमेशन, पंप, वाल्व और टर्बो पार्ट्स, एयरोस्पेस और ऑटोमोटिव इंडस्ट्रीज में विशेषज्ञता रखता है। टीसीएल को 2004 में एक एक्सपोर्ट-ओरिएंटेड यूनिट के रूप में इनकॉर्पोरेट किया गया था और 2006 में उत्पादन शुरू किया गया था। इसके ग्राहकों में यूरोप, अमेरिका और एशिया की फॉर्च्यून 500 कंपनियां और ब्रांड शामिल हैं जैसे फेरारी, सीमेंस, इसरो,



जगुआर, फ्लोसर्व, फोर्ड, वोइथ, बॉश, एल एंड टी सहित अन्य। इस अवसर पर, कंपनी के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर वैभव बी. तम्बोली ने कहा, यह वास्तव में हमारे लिए हमारे द्वारा विकसित की गई स्वदेशी क्षमताओं को दुनिया के सामने प्रदर्शित करने का एक शानदार अवसर है। हम विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत पहल के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसरो ने हमें कांग्रेस में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है जो एयरोस्पेस क्षेत्र में हमारी क्षमताओं के बारे में बहुत कुछ बताता है और हम इस सेक्टर में अपने फुटप्रिंट को आगे बढ़ाने के लिए कमिटेड हैं।

# हयात का अगले पांच-छह साल में भारत में अपने होटल की संख्या 100 तक पहुंचाने का लक्ष्य

(एजेंसी)




नयी दिल्ली । वैश्विक आतिथ्य क्षेत्र की प्रमुख कंपनी हयात होटल्स कॉरपोरेशन का अगले पांच से छह साल में भारत में अपने होटल की संख्या को दोगुना कर 100 तक पहुंचाने का लक्ष्य है। कंपनी का इरादा अपने शीर्ष वैश्विक वृद्धि के बाजारों में से एक भारत में मौजूद अवसरों का लाभ उठाने का है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। हयात होटल्स कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक (भारत और दक्षिण-पश्चिम एशिया) संजय शर्मा ने ईमेल के जरिये दिए गए साक्षात्कार में पीटीआई-को बताया कि कंपनी हयात के पोर्टफोलियो से अतिरिक्त वैश्विक ब्रांड को भारत में पेश करने के अवसरों की भी सक्रियता से तलाश कर रही है। उन्होंने कहा, ''हम भारत में अपनी विस्तार योजनाओं को लेकर उत्साहित हैं। अपनी मजबूत पाइपलाइन और रणनीतिक विकास पहल के साथ हमें भरोसा है कि हम अगले 5-6 साल में 100 होटल का लक्ष्य हासिल कर लेंगे।'' शर्मा ने कहा, ''यह महत्वाकांक्षी लक्ष्य भारत में फलते-फूलते यात्रा और आतिथ्य उद्योग, उच्च गुणवत्ता वाले आतिथ्य की बढ़ती मांग और यात्रियों के साथ हमारे ब्रांड के मजबूत संबंध से प्रेरित है।'' वह इस सवाल का जवाब दे रहे थे कि कंपनी अगले पांच साल में भारत में कितनी संपत्तियां और कमरे खोलने की योजना बना रही है। वर्तमान में हयात होटल्स के पास दक्षिण-पश्चिम एशिया में नौ अलग-अलग ब्रांड में 52 होटल हैं (भारत में 50 और नेपाल में दो)। भारत में अन्य वैश्विक ब्रांड लाने की कंपनी की योजनाओं पर उन्होंने कहा, ''हम हयात के पोर्टफोलियो से अतिरिक्त वैश्विक ब्रांड को भारत में पेश करने के अवसरों की सक्रिय रूप से तलाश कर रहे हैं। हाल ही में, हयात ने ग्रैंड हयात मुंबई में 'ग्रैंड शोरूम' पेश किया है। शर्मा ने कहा कि यह भारत में कंपनी की व्यावसायिक उपस्थिति को बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम है। निकट भविष्य में कंपनी की विस्तार योजना पर शर्मा ने कहा कि क्षेत्र में हयात की वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले हयात रीजेंसी ब्रांड नए गंतव्यों में उतरने जा रहा है। इसके तहत हयात रीजेंसी कसौली और हयात रीजेंसी गाजियाबाद की शुरुआत होने जा रही है।

# टीटीके प्रेस्टीज ने होम कुकिंग को और भी बेहतर बनाने के लिये एक खास फेस्टिव ऑफर 'शुभ उत्सव' की घोषणा की

(एजेंसी)

मुंबई (अनिल बेदाग)। त्यौहारों के सीजन को और भी खास बनाने के लिए टीटीके प्रेस्टीज ने ष्शुभ उत्सव फेस्टिव ऑफर 2024 लॉन्च किया है। यह ऑफर 15 नवंबर, 2024 तक चलेगा, जिसमें ग्राहकों को प्रेस्टीज के उत्पादों पर बंपर डिस्काउंट और मुफ्त उपहार मिलेंगे। टीटीके प्रेस्टीज के चीफसेल्स और मार्केटिंग ऑफिसर, श्री अनिल गुरनानी ने कहा, हमने देखा है कि अभिनव उत्पाद देने वाले ब्रैंड्स को उनके ग्राहक बहुत पसंद करते हैं। हमारा लक्ष्य भारतीय परिवारों को बेहतरीन और फीचर्स से भरपूर उत्पाद उपलब्ध कराना है, वो भी किफायती दाम पर। शुभ उत्सव में हमारे ग्राहकों के लिए ढेर सारे फायदे और छूट हैं। हमें इस सीजन की बड़ी सफलता की उम्मीद है, और हम अपने ग्राहकों को इन रोमांचक ऑफर्स का लाभ उठाते हुए देखना चाहते हैं। शुभ उत्सव 2024 के लिए खास ऑफर्स और डिस्काउंटरू इस साल टीटीके प्रेस्टीज अपने ग्राहकों के लिए शुभ उत्सव में पहले से भी ज्यादा खुशी देने वाले और आकर्षक ऑफर्स लेकर आया है। इस खास मौके पर कंपनी अपने सभी उत्पादों की श्रेणियों पर शानदार छूट दे रही है। ग्राहक इस सीजन में अपनी रसोई को अपग्रेड करने के लिए 3-लेयर मेटल बॉडी (स्टेनलेस स्टील, एल्युमिनियम, स्टेनलेस स्टील) वाला 3 लीटर स्पिलेज कंट्रोल टाइ-प्लाई प्रेशर कुकर खरीद सकते हैं, जिसके साथ 1550 रुपये का ड्यूरास्टोन ओमनी तवा (27 सेंटीमीटर) मुफ्त में दिया जा रहा है। कुकिंग के बाद स्टोव की सफाई को आसान बनाने के लिए टीटीके प्रेस्टीज का 11,295 रुपये का स्वच्छ नियो 3 बर्नर गैस स्टोव एक बेहतरीन विकल्प है। इसमें लिफ्टेबल बर्नर्स हैं, जिससे सफाई करना बेहद आसान हो जाता है। इस शुभ उत्सव में यह प्रोडक्ट




दो शानदार उपहारों के साथ आता है – नक्षत्र इसेंशियल स्वच्छ 3 लीटर प्रेशर कुकर (मूल्य 2,525 रुपये) और स्वच्छ ग्रेनाइट नॉन-स्टिक कुकवेयर 3-पीस सेट (मूल्य 4,395 रुपये), जो आपको मुफ्त में मिलेंगे। उपभोक्ता इस त्योहार के दौरान 1000 वॉट की पावरफुल मोटर वाले एंड्यूरा प्रो मिक्सर ग्राइंडर पर 14 अलग-अलग काम करने की क्षमता का लाभ उठा सकते हैं। यह मिक्सर ग्राइंडर 25: की छूट के साथ उपलब्ध है, और इसके साथ 1795 रुपये का सैंडविच मेकर भी मुफ्त मिलेगा।

# जेके टायर ने अपने ईवी बेड़े के लिए वर्टेलो के साथ साझेदारी की

(एजेंसी)

नई दिल्ली/मुंबई। अग्रणी टायर निर्माता जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज ने अपनी तरह की पहली क्लाउड-आधारित निगरानी प्रणाली ष्कनेक्टेड मोबिलिटी सॉल्यूशंस प्रदान करने के लिए वर्टेलो के साथ लंबे समय के लिए साझेदारी की है। वर्टेलो एक विशेष इलेक्ट्रिक मोबिलिटी सोल्यूशंस प्रदाता है, जिसे बेड़े के इलेक्ट्रिफिकेशन को एक आसान बदलाव बनाने के लिए बनाया गया है। इस साझेदारी के माध्यम से, जेके टायर वर्टेलो के बेड़े के लिए वास्तविक समय की निगरानी के साथ कनेक्टेड ट्रील सेंसर से लैस ब्रांड की नई पीढ़ी के ईवी टायर – 255ध्70प्रदान करेगा। मोबिलिटी सेवाएं मुंबई से शुरू करके देश भर में वर्टेलो डिपो में प्रदान की जाएंगी। जेके टायर डिपो में चौबीसों घंटे सहायता के साथ-साथ रास्ते में सहायता प्रदान करने के लिए अनुभवी पेशेवरों की एक समर्पित टीम तैनात






करेगा। साझेदारी के बारे में जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज के बिक्री और मार्केटिंग के निदेशक श्री श्रीनिवासु अल्लाफन ने कहा कि हम जेके टायर में भारत के बढ़ते इलेक्ट्रिक वाहन बाजार के लिए स्थायी गतिशीलता समाधानों का नेतृत्व करने में प्रसन्न हैं। इस साझेदारी के साथ, जेके टायर भारत के वाणिज्यिक ईवी टायर सेगमेंट में उद्योग के लीडर के रूप में अपनी स्थिति मजबूत करते हुए स्मार्ट, टिकाऊ गतिशीलता में आगे बढ़ना जारी रखता है। जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज के एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट, फ्लीट मैनेजमेंट एंड मोबिलिटी सॉल्यूशंस, श्री संजीव शर्मा ने कहा कि वर्टेलो के साथ इस साझेदारी का उद्देश्य तकनीक-संचालित व्यापक गतिशीलता समाधान प्रदान करना, टायर का उच्चतम प्रदर्शन सुनिश्चित करना, बेड़े की दक्षता बढ़ाना और टिकाऊ परिवहन प्रणालियों को बढ़ावा देना है। साथ मिलकर, हमारा लक्ष्य पूरे भारत में इलेक्ट्रिक बेड़े कैसे संचालित होते हैं, इसे फिर से परिभाषित करना है। वर्टेलो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री संदीप गंभीर ने इस समझौते पर हस्ताक्षर होने पर उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि वर्टेलो में हम अधिक टिकाऊ भारत के लिए परिवहन को फिर से परिभाषित करने में मदद कर रहे हैं। ई-मोबिलिटी इकोसिस्टम में काम करते हुए, हमारा मिशन इलेक्ट्रिक वाहनों को बड़े पैमाने पर अपनाने में मदद करके पूरे भारत में परिवहन में बदलाव लाना है और जेके टायर के साथ यह जुड़ाव इस उद्देश्य को आगे बढ़ाता है।

मै स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक सरोज त्रिवेदी द्वारा के. सी. प्रकाशन प्रा0 लि0 एस-20 यू.पी.एस.आई.डी.सी. औद्योगिक क्षेत्र सरोजनी नगर जिला लखनऊ से मुद्रित कराकर फ्लैट सं. 101 सफायर कोर्ट 3ए, जापलिंग रोड लखनऊ से प्रकाशित।
सम्पादक सरोज त्रिवेदी R.N.I No. UPHIN/2010/36179 Mob: 9451912645 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों का चयन रिपोर्टरो/पीआईबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ के अधीन
समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों व समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों/रिपोर्टरों की होगी।

# आईसीएआर-एनबीएफजीआर में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन

संवाददाता




लखनऊ। आईसीएआर-एनबीएफजीआर में 28.10.2024 से 3.11.2024 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है, जिसकी शुरुआत संस्थान के निदेशक डॉ. यू.के. सरकार द्वारा कर्मचारियों को दैनिक कार्यों और व्यवहार में भ्रष्टाचार के प्रति सतर्क रहने की शपथ दिलाने से हुई।

डॉ. सरकार ने भ्रष्टाचार उन्मूलन और भ्रष्टाचार के खिलाफ संदेश फैलाने में कर्मचारियों से सहयोग की अपील की। भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत आईसीएआर- सीआरआईडीए, हैदराबाद के मुख्य वित्त एवं लेखा अधिकारी, एन.वी.आर.एन मूर्ति द्वारा देश की समृद्धि के लिए अखंडता की संस्कृति विषय पर एक आमंत्रित व्याख्यान आयोजित किया गया, जो कि इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह की थीम भी है। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान, मानव श्रृंखला का निर्माण और वॉकथॉन, स्टाफ सदस्यों और शोध छात्र छात्राओं के लिए ड्राइंग, पोस्टर, निबंध और आशुभाषण जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

## 16 वर्षीय युवक्ति ने लगाई फांसी मौत

संवाददाता, लखनऊ। काकोरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत पहिया आजमपुर गांव में एक नाबालिक युवक्ति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या। मृतक अलीशा पुत्री रईस अहमद निवासी ग्राम पहिया आजमपुर थाना काकोरी लखनऊ उम्र लगभग 16 वर्ष ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर दी जान। सूचना पाकर पहुंची काकोरी पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। वही फांसी का कारण मृतक फोन पर बात कर रही थी माता-पिता के डांटने पर यह कदम उठाया है । वही इस संबंध में काकोरी प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि परिजन किसी भी तरह की कोई कार्रवाई नहीं चाहते हैं।

# निशुल्क हृदय रोग हेल्थ कैंप का आयोजन

संवाददाता





लखनऊ। फैजाबाद रोड स्थित चंदन हॉस्पिटल में अलीगढ़ ओल्ड बॉयज एलुमनाई एसोसिएशन के संयुक्त प्रयास से आज एक निशुल्क हृदय रोग जांच संबंधी निशुल्क कैंप का आयोजन किया गया। चंदन हॉस्पिटल के वरिष्ठ हृदय रोग चिकित्सक डॉ. दानिश हसन काजमी और कालीकट केरला से आए डॉ मिर्जा मोहम्मद कामरान ने इस हृदय रोग शिविर में लगभग डेढ़ सौ से अधिक लोगों का इसीजी, इको और उनके वाईटल्स की जांच की. इनमें से लगभग 50 बच्चे भी थे जो बहुत छोटी उम्र से हृदय रोगों से संबंधित समस्याओं से पीड़ित हैं । डॉक्टर दानिश हसन ने कहा कि आज के शिविर में चेकअप स्क्रीनिंग के बाद यह तय होगा कि किसको किस तरह के इलाज की या सर्जरी की भविष्य के लिए आवश्यकता है।

कम संसाधन वाले मरीजों के लिए भी पैसे के अभाव में इलाज ना रुके, इस हेतु हम लोग सामाजिक संस्थाओं की भी मदद लेते हैं। अलीगढ़ ओल्ड बॉयज एलुमनाई एसोसिएशन के लखनऊ यूनिट के प्रेसिडेंट सैयद मोहम्मद शोएब ने कहा कि समाज से जो हमने लिया है उसको आगे चलकर के समाज में बांटना भी हमारी जिम्मेदारियों में शुमार है। अपने मिशन को पूरा करने के लिए अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राएं हमेशा आगे बढ़कर समाज के जरुरतमंदों की मदद के लिए तैयार रहते हैं। इस अवसर पर एएमयू ओल्ड बॉय एलुमनाई एसोसिएशन की लखनऊ यूनिट की सेक्रेटरी शाहिला हक और कोऑर्डिनेटर शारिक अहमद भी उपस्थित थे।

# बुजुर्ग की पुश्तैनी जमीन पर दबंगों ने किया अवैध कब्जा

संवाददाता

लखनऊ। काकोरी थाना क्षेत्र के भवानी खेड़ा गांव में दबंगों ने एक जमीन पर किया अवैध कब्जा। पीड़ित किसान सुंदरलाल पुत्र स्व मोती निवासी भवानी खेड़ा काकोरी लखनऊ ने बताया कि गाटा संख्या 1352/1 में लगभग 7 बिस्वा जमीन स्थित ग्राम भवानी खेड़ा काकोरी लखनऊ सहखतेदार व संक्रमण्य में मेरा नाम दर्ज है जिसकी खसरा व खतौनी मेरे पास है जिस पर वर्षों से जोत बो करके जीवन यापन करता चला आ रहा हूं। वही विपक्षीगढ़ आशुतोष कुमार,मनोज कुमार पुत्र स्व सरवन व रमेश चंद्र ,लल्लू राम पुत्र स्व रामदयाल अनुराग,अतुल पुत्र रमेश चंद ,सुभाष पुत्र लल्लू राम निवासी ग्राम भवानी खेड़ा काकोरी लखनऊ के है जो कि दबंग भूमिया किस्म के लोग हैं इन लोगों ने एक राय होकर दिनांक 23.10.2024 के रात्रि लगभग 8.00 बजे मेरी जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया। जब मुझे रात को पता चला तो मौके पर पहुंचा तो वहां मुझे मारा पीट किसी तरीके से अपनी जान बचाकर भाग निकाला तब मैंने 112 डालकर पुलिस को अवगत कराया।

लेकिन दबंग नहीं माने जबरन मेड रखकर खंभा लगा कर कब्जा कर लिया। इस सम्बन्ध में शनिवार को समाधान दिवस के मौके पर मैंने डीसीपी ओमवीर सिंह जी के सामने अपनी पूरी बात बताई डीसीपी ओमवीर सिंह जी ने थाना प्रभारी नवाब अहमद को आदेश दिया कि पीड़ित की जांच कर उचित कार्रवाई की जाए।

# एसडीएम व प्रभारी निरीक्षक मलिहाबाद की सूझबूझ से तहसील प्रांगण में चल रहे किसान यूनियन के धरने को किया गया समाप्त



संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ के तहसील प्रांगण में भारतीय किसान यूनियन (भानू गुट) के किसानों ने बीते 19 अक्टूबर को जिला अध्यक्ष शिवनारायण शर्मा के नेतृत्व में मलिहाबाद तहसील में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया गया था। किसानों ने बताया कि मलिहाबाद में लखनऊ हरदोई हाईवे पर बनी मंडी परिषद के द्वारा किसानों के साथ अत्याचार किया गया है। उनकी जमीनों को औने पौने दामों पर लेकर उनके साथ नाइंसाफी की गई है। किसानों ने बताया मंडी परिषद के जिम्मेदारों द्वारा तमाम चीज बताई थी जो आज तक पूरी नहीं हुई है। जिसको लेकर कई किसान मायूस हो गए और कई लोगों की इसी वजह से मौत भी हो गई है उनका कहेना है की पुरखों की जमीन उनकी मंडी परिषद के द्वारा सस्ते दामों पर छीन ली गई। सोमवार को धरने पर बैठे किसानों के लिए प्रदेश अध्यक्ष ऋषि मिश्रा मलिहाबाद तहसील पहुंचे। इसके बाद एसडीएम मलिहाबाद सौरभ सिंह सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा। प्रदेश अध्यक्ष सहित जिला अध्यक्ष ने मौके पर एसडीएम मलिहाबाद को पीड़ित किसानों की मांगों को लेकर अवगत कराया। समस्या सुनकर उन्होंने जांच कराके सभी मांगों को जल्द से जल्द पूरा कराए जाने का आश्वासन दिया जिसके बाद किसानों ने अनिश्चितकालीन धरना सोमवार को ही समाप्त कर दिया। धरने को समाप्त कराने में मलिहाबाद एसडीएम सौरभ सिंह , इंस्पेक्टर मलिहाबाद सुरेश सिंह , व (एलआईयू) की अहम भूमिका रही दस दिन से चल रहे इस धरने को किसान समाप्त नहीं कर रहे थे। यह किसान किसी भी कीमत पर मानने वाले नहीं थे। किसानों की एक जिद थी कि जब तक उनकी समस्या का समाधान नहीं कर दिया जाएगा तब तक वह इस अनिश्चितकालीन धरने का समापन नहीं करेंगे। एसडीएम मलिहाबाद सौरभ सिंह ने व थाना अध्यक्ष मलिहाबाद सुरेश सिंह तथा बीट प्रभारी एलआईयू के साथ बैठक की जिसके बाद उन्होंने निर्णय लिया। निर्णय लेने के बाद सोमवार को एसडीएम मलिहाबाद और थाना अध्यक्ष सहित एलआईयू प्रभारी किसानों के बीच भी उनके साथ धरने पर बैठ गए उन लोगो ने कहा कि हम भी एक किसान के ही बेटे हैं। उनकी समस्या के लिए ही वह इस पद पर नियुक्त किए गए हैं और उनका यह दायित्व बनता है कि किसानों की समस्याओं को वह जल्द से जल्द दूर कराएंगे। इस तरह से उनकी बातों को सुनकर किसान भावुक हो गए और आश्वासन पर मान गए। इसलिए मलिहाबाद एसडीएम और थाना अध्यक्ष और एलआईयू की इस धरने को समाप्त करने की एक अहम भूमिका रही।

# नगर निगम के संविदाकर्मियों की बल्ले-बल्ले, होंगे परमानेंट

संवाददाता, लखनऊ । उत्तर प्रदेश के नगर निगमों में काम कर रहेद संविदाकर्मी परमानेंट होंगे। स्थानीय निकाय निदेशालय ने प्रदेश के सभी नगर निगमों से उनके यहां कार्यरत संविदाकर्मियों का ब्योरा मांगा है।

स्थानीय निकाय निदेशक अनुज कुमार झा ने संविदाकर्मियों को विनियमित करने के लिए नगर आयुक्तों को पत्र भेजा है। निदेशक ने नगर निगमों में 31 दिसंबर 2001 या उससे पहले से कार्यरत संविदाकर्मियों का ब्योरा देने के लिए कहा है। पत्र के साथ नगर निगमों को फॉर्मेट भेजा गया है, जिसमें ब्योरा देना है। इसमें 12 सितंबर 2016 को कार्मिक अनुभाग-2 की ओर से दैनिक कार्मिकों के विनियमितीकरण नियमावली-2016 की अधिसूचना का भी जिक्र है, जिसपर वित्त विभाग ने आपत्ति लगाई थी।नगर निगम के एक अधिकारी के मुताबिक आपत्ति की बाधा अब नहीं है। उत्तर प्रदेश स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ ने शासन से वार्ता में संविदाकर्मियों को स्थायी करने का भी प्रस्ताव रखा था। 25 अक्तूबर को जारी किए गए पत्र के आधार पर नगर निगम को तीन दिन में ब्योरा भेजना है।नगर पंचायत और नगर पालिका के संविदा और दैनिक कर्मियों को भी स्थायी किया जाएगा। नगर पंचायत और नगर पालिकाओं में 31 दिसंबर 2001 या इससे पहले कार्यरत संविदा और दैनिक वेतनभोगी कर्मियों का ब्योरा भी मांगा गया है। नगर पंचायत और नगर पालिकाओं को भी नगर निगमों की तरह निदेशालय को ब्योरा भेजना होगा।

# जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य पर जिला स्तरीय कार्य योजना बनाने हेतु दो दिवसीय कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

❑ यूनिसेफ के सहयोग से अब तक प्रदेश में 72 स्वास्थ्य सेवाओं के सौरिकरण का कार्य संपन्न, शेष में कार्य जारी

संवाददाता



लखनऊ। जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य व ग्रीन एंड क्लाइमेट रेजिलिएंट हेल्थकेयर पर जिला स्तरीय कार्य योजना (ऐक्शन प्लान) बनाने हेतु एक दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ सोमवार को लखनऊ में उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य विभाग एवं यूनिसेफके संयुक्त प्रयास से आयोजित किया गया। कार्यशाला में 75 जिलों के स्वास्थ्य विभाग के जिला सर्वीलान्स अधिकारी एवं पब्लिक हेल्थ विशेषज्ञों ने भाग लिया एवं जिला स्तरीय कार्य योजना बनाने हेतु प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यशाला का शुभारंभ प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पार्थ सारथी सेन शर्मा द्वारा किया गया। कार्यशाला में उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के सौरिकरण (सोलराइजेशन) पर एक दस्तावेज एवं फिल्म का भी लोकार्पण पार्थ सारथी सेन शर्मा, स्वास्थ्य मंत्रालय की प्रतिनिधि एवं तकनीकी अधिकारी नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल सुश्री जयश्री नंदी, निदेशक संचारी रोग उत्तर प्रदेश डॉ आर पी एस सुमन, राज्य नोडल अधिकारी नेशनल प्रोग्राम फॉर क्लाइमेट चेंज एण्ड ह्यूमन हेल्थ डॉ विकासेंदु अग्रवाल, यूनिसेफ उत्तर प्रदेश के कार्यकारी प्रमुख एवं प्रोग्राम मैनेजर डॉ अमित मेहरोत्रा द्वारा किया गया। इसके साथ ही यूनिसेफ द्वारा बनाई गई जलवायु परिवर्तन के बच्चों पर प्रभाव को दर्शाती हुई फिल्म का भी लोकार्पण किया गया। पार्थ सारथी सेन शर्मा ने कहा कि जिला स्तरीय कार्य योजना बनाते हुए हमे यह ध्यान रखना होगा की वह प्रासंगिक एवं व्यावहारिक हो एवं राष्ट्रीय दिशानिर्देशों का पालन करते हुए जिले की आवश्यकताओं एवं परिस्थितियों के अनुरूप हो। उन्होंने कहा कि प्लान में लोगों द्वारा किए जाने वाले छोटे प्रयासों को भी शामिल करना आवश्यक है और साथ ही फ्रन्टलाइन स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का क्षमता वर्धन एवं जागरूकता कार्यक्रम भी इसमें शामिल किए जाने चाहिए। डॉ आर पी एस सुमन ने कहा की उचित तैयारी से जोखिम को कम किया जा सकता है। सुश्री जयश्री नंदी ने उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के सोलराइजेशन की सराहना की । प्रदेश में चरणबद्ध तारीके से यूनिसेफके तकनीकी सहयोग से अब तक प्रदेश के 40 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं 32 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का सौरिकरण किया जा चुका है। डॉ अमित मेहरोत्रा ने बताया की यूनिसेफद्वारा प्रदेश के सभी 75 जिलों में 44000 मीना मंचों के साथ जलवायु परिवर्तन पर कार्य किया जा रहा है । डॉ विकासेंदु अग्रवाल ने कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में बताया। डॉ कनुप्रिया सिंघल ने कहा की पर्यावरण जोखिम को कम कर के पाँच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु को 26 प्रतिशत तक रोका जा सकता है। यूनिसेफ के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विजय अग्रवाल सहित स्वास्थ्य विशेषज्ञों एवं नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ सोलर एनर्जी के अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

# कवि सम्मेलन, लोक नृत्य एवं गायन के कार्यक्रम ने प्रगति भारत महोत्सव में मचाई धूम

❑ महोत्सव में निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में लगभग 400 से ज्यादा लोगों ने आंखों की कराई जांच

संवाददाता



लखनऊ। प्रगति भारत महोत्सव 2024 नित्य नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। महोत्सव के पंचम दिवस पर कवि सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां, लोक नृत्य एवं गायन के कार्यक्रम कलाकारों द्वारा बखूबी प्रस्तुत किए गए। प्रगति भारत महोत्सव 2024 में देश के कोने-कोने से स्टॉल एवं उत्तर प्रदेश सरकार के नाबार्ड के स्टालों पर महोत्सव में आए हुए लोगों ने खूब खरीदारी की। कालीन, क्रोकरी के सामान, दीपावली के सजावट के सामान, घर में सजाने की एक से एक वस्तुएं, हर तरह के कपड़ों की वैरायटी महोत्सव को एक अलग रूप दे रही हैं। सोमवार को प्रगति भारत महोत्सव 2024 के कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह एवं उपाध्यक्ष एनबी सिंह ने दीप प्रचलित करके किया। सांस्कृतिक संध्या में आशा फाउंडेशन के द्वारा निर्देशक अनुराधा के नेतृत्व में गणेश स्तुति कनिष्क माही, कृष्ण स्तुति माही अनुष्का देवी, स्तुति माय अनुष्का, राजस्थानी डांस काशवी अस्थान, घूमर और डांडिया कनिष्क द्वारा प्रस्तुत किया गया। ध्वनि फाउंडेशन द्वारा रिचा तिवारी के नेतृत्व में शिव स्तुति, गरिमा राम आएंगे, दिव्या पंजाबी डांस, गुनगुन मनमोहिनी, इशिका तथा गायन निशि निगम, मल्लिका शुक्ला, प्रदीप द्वारा प्रस्तुत किया गया। महोत्सव में इस बार फूड स्टालों तथा झूलों पर आए हुए दर्शकों ने खूब मस्ती की तथा सेल्फी पॉइंट का मजा लिया दर्शक पूरी मौज मस्ती में नजर आ रहे हैं प्रगति भारत महोत्सव 2024 में शुभ दीपावली एवं धनतेरस से संबंधित सभी सामान बहुत ही उचित मूल्य पर उपलब्ध हैं। लोग इसमें खूब रुचि लेकर खरीदारी कर रहे हैं। करुणा साहित्यिक सांस्कृतिक संस्थान के द्वारा प्रगति भारत महोत्सव 2024 के मंच से प्रस्तुति दी गई। अध्यक्ष कृपा शंकर श्रीवास्तव, महेश , नेहा, रश्मि, राम प्रकाश, अनिल किशोर श्याम किशोर जैसे प्रसिद्ध कवियों ने अपनी कविता के माध्यम से खूब तालियां बटोरी। कवि सम्मेलन की संचालिका श्रीमती सरोज रही। प्रगति भारत महोत्सव 2024 में प्रतिदिन योग डॉक्टरों द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया जा रहा है। महोत्सव के पांचवें दिन एच आर टी चेरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा आयोजित निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया गया ।लगभग 400 से ज्यादा लोगों ने अपने आंखों की जांच कराई। जरूरतमंद लोगों को निशुल्क चश्मा भी दिया गया। डॉ प्रीति पांडे ,डॉ श्याम गुप्ता, डॉ शेख, मिस रीना, मिस शिवांशी की टीम ने इस शिवर को आयोजित करने में अपना योगदान दिया।

# ड्राइवरों के लिए सुरक्षा एवं डिजिटल जागरूकता कार्यशाला का हुआ आयोजन

संवाददाता



लखनऊ। ड्राइवरों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ ही विभिन्न लाभप्रद सरकारी सुविधाओं की जानकारी प्रदान कर वित्तीय रूप से सशक्त बनाना के उद्देश्य से सिटी मोन्टेसरी स्कूल के महानगर, कानपर रोड एवं गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पसों में सी.एम.एस. ड्राइवरों के लिए सुरक्षा एवं डिजिटल जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि तीनों कैम्पसों में आयोजित कार्यशालाओं में बड़ी संख्या में सी.एम.एस. ड्राइवरों ने प्रतिभाग कर यातायात नियमों व सड़क सुरक्षा से जुड़ी सावधानियों व दिशा-निर्देशों की विस्तार से जानकारी प्राप्त की, साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं से जुड़ी औपचारिक प्रक्रिया को समझा एवं अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी प्राप्त किया। इन कार्यशालाओं में महिन्द्रा फाइनेन्स से जुड़े वित्त विशेषज्ञों एवं एन.आई.आई.टी. के प्रशिक्षकों ने सी.एम.एस. ड्राइवरों का मार्गदर्शन किया। श्री खन्ना ने बताया कि इन तीनों कार्यशालाओं में कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की गई। जहाँ एक ओर, सड़क सुरक्षा के संदर्भ में नवीनतम ट्रैफिक नियम, सुरक्षित ड्राइविंग तकनीक, गति सीमा का पालन करना, ओवरटेकिंग, सीट बेल्ट का महत्व, नो पार्किंग जोन आदि विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा हुई तो वहीं दूसरी ओर, सरकारी योजनाओं के संदर्भ में अटल पेंशन योजना, जीवन ज्योति योजना, ई-श्रम कार्ड, पीएम आरोग्य योजना, बचत एवं बजट, डिजी लॉकर आदि की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस कार्यशाला में ड्राइवरों का बच्चों के प्रति व्यवहार, गाड़ी के मेन्टीनेन्स की महत्ता, फर्स्ट एड बाक्स की उपलब्धता, छोटे बच्चों एवं बालिकाओं को गाड़ी में चढ़ाने व उतारने की सावधानियाँ, ड्राइविंग के समय मोबाइल के इस्तेमाल जैसे विषयों पर गंभीर चर्चा हुई, साथ ही ड्राइवरों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये गये। सी.एम.एस. के ट्रान्सपोर्ट विभाग की हेड श्रीमती शुचि गुप्ता ने इन कार्यशालाओं में सम्पन्न हुई चर्चा-परिचर्चा पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सी.एम.एस. अपने छात्रों की सुरक्षा हेतु सदैव जागरूक व सचेत है। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला सभी ड्राइवरों के के लिए बेहद उपयोगी साबित हुई है। श्री खन्ना ने बताया कि छात्रों की सुरक्षा व सुविधा सी.एम.एस. की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए सी.एम.एस. में समय-समय पर छात्रों की सुरक्षा, सुविधा, स्वास्थ्य व शिक्षा से सम्बन्धित कार्यशालायें आयोजित की जाती हैं।

## वाराणसी मंडल बना राज्य स्तरीय सब जूनियर बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता का चौंपियन

लखनऊ । वाराणसी मंडल ने राज्य स्तरीय सब जूनियर बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता का खिताब अयोध्या मंडल को 20-10 गोल से हराकर अपने नाम कर लिया। उत्तर प्रदेश खेल विभाग व उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ के समन्वय से गत 25 से 28 अक्टूबर, 2024 तक अयोध्या में आयोजित प्रतियोगिता में वाराणसी मंडल की काजल पटेल एवं अयोध्या मंडल की मानकी को सर्वश्रेष्ठ स्कोरर चुना गया। इससे पूर्व खेले गए सेमीफाइनल में वाराणसी मंडल ने आजमगढ़ मंडल को 9-4 से और अयोध्या मंडल ने प्रयागराज मंडल को 15-7 से हराकर फाइनल में जगह बनायी थी। प्रतियोगिता में आजमगढ़ को तीसरा व प्रयागराज को चौथा स्थान मिला। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ के महासचिव डा. आनन्देश्वर पाण्डेय ने विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी चंचल मिश्रा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

# संगठन के राजेश्वर-बूथ अध्यक्षों द्वारा बताए गए 124 स्थानों पर लगवाई सोलर लाइट

❑ **ग्रीन और क्लीन सरोजनीनगर अभियान : विधायक राजेश्वर सिंह ने क्षेत्र में लगवाई 1000 सोलर लाइटें, बंटवाए 20 हजार से अधिक इको फ्रेंडली बैग्स**

संवाददाता



लखनऊ। सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देकर मॉडल सिटी के रूप में विकसित कर रहे विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कार्यकर्ताओं को दीवाली का विशेष उपहार देते हुए 124 सोलर लाइटें लगवाई हैं। सोमवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए डॉ. सिंह ने यह जानकारी स्वयं दी है। गौरतलब है कि ये सभी लाइटें सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मंडलों के भाजपा बूथ अध्यक्षों के सुझाव पर उनके द्वारा बताये गए स्थान पर लगवाई गयीं है। इस पहल से डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा आम जनता के समग्र विकास और अन्त्योदय के लक्ष्य को पूरा करने में बूथ अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं को सम्मिलित कर संगठन को विशेष महत्व दिया है। बता दें की डॉ. राजेश्वर सिंह अपनी विधानसभा क्षेत्र में ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। डॉ. सिंह ने विभिन्न योजनाओं और निधि के माध्यम से अपनी विधानसभा क्षेत्र में 1,000 से अधिक सोलर लाइटें स्थापित कराई, विभिन्न पार्कों में सोलर ट्री लगवाए और जनजागृति अभियान संचालित कर क्षेत्रवासियों को सौर ऊर्जा के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया। विधायक ने अपने कार्यालय पर सोलर हेल्प डेस्क भी स्थापित कराई जिसका परिणाम ये रहा है कि सोलर सिटी प्रोजेक्ट के अंतर्गत लखनऊ शहर में अब तक सृजित 100 मेगावाट सोलर ऊर्जा में से 40 मेगावाट अकेले सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में सृजित की गयी है। सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में विधायक द्वारा ग्रीन एनर्जी और पर्यावरण संरक्षण के लिए स्थापित कराये गए 135 ताराशक्ति केन्द्रों पर इको फ्रेंडली बैग्स भी बनवाये जा रहे है। विभिन्न ताराशक्ति केन्द्रों पर अब तक 20,000 से अधिक बैग्स बनवाये गए जिनमें 13,000 से अधिक बैग्स प्राइमरी स्कूल के बच्चों में वितरित कर उन्हें पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाया गया और प्लास्टिक बैग्स का उपयोग न करने के लिए प्रेरित किया गया है।